CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 29 अगस्त 2023 | वर्ष – 33 | अंक –121 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु




मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन में पांच सौ करोड़ से अधिक का घोटाला : कांग्रेस — पृष्ठ 3
■ कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है! — पृष्ठ 4
■ पश्चिमी लॉबी ने पाकिस्तान चुनाव में अपेक्षित देरी पर दी चेतावनी
■ अमेरिका की वाणिज्य मंत्री चार दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंची — पृष्ठ 9
नीरज बने विश्व चैंपियन — पृष्ठ 10

**जी-20 शिखर सम्मेलन**

## ब्रिटेन–अमेरिका समेत बड़े देशों के खुफिया एजेंटों ने डेरा डाला

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में 9 से 10 सितंबर को होने वाले जी–20 सम्मेलन के लिए देश की सुरक्षा एजेंसियां से लेकर रॉ व आईबी तो चप्पे–चप्पे पर नजर रख ही रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शिरकत करेंगे। इसलिए इन तमाम देशों की खुफिया एजेंसियों के सीक्रेट एजेंट भी दिल्ली आ चुके हैं। भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रॉ सभी खुफिया एजेंटो से तालमेल के लिए नोडल एजेंसी का काम रही है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार संभाल रहे कमान**

बताया जा रहा है कि नेशनल सिक्युरिटी एडवाइजर खुद जी–20 सुरक्षा व्यवस्था की पूरी कमान संभल रहें है। बता दें कि अगले महीने 8 से 10 सितंबर तक जी–20 समिट को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था के इतने कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं कि 28 जनवरी और 15 अगस?त को किए जाने वाले सुरक्षा इंतजाम भी फीके पड़ जाएं। जी–20 समिट में आने वाले राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा के लिए उन देशों की सुरक्षा एजेंसियां भी भारत आने लगी है। जानकारी के मुताबिक आईबी और रॉ में एक खास डेस्क बनाया गया है जो अमेरिका की सीआईए, ब्रिटेन की एमआई– 6 और चीन की एमएसएस एजेंसियों के भारत में आए एजेंटों से सूचनाओं को आदान प्रदान व सुरक्षा के तालमेल के लिए नोडल एजेंसी का काम कर रही है। दिल्ली के जिन होटलों में जी–20 मेम्बर देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री रुकेंगे उन होटलों की सुरक्षा के साथ–साथ कार्यक्रम स्थल तक आने जाने वाले सभी रास्तों की जानकारियां भी इन देशों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ शेयर की जा रही है जिससे आपसी सहयोग के जरिये सुरक्षा के बेहतर इंतज़ाम किये जा सके।

■ **गगन से धरा तक हर गतिविधि पर सीक्रेट एजेंटों की नजर**
■ **20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में शिरकत करेंगे**

**सुरक्षा बलों के साथ कई दौर की बैठक हुई**

सूत्रों के मुताबिक जी–20 सम्मेलन की सुरक्षा को लेकर आईबी दिल्ली पुलिस, नेशनल सिक्युरिटी गॉर्ड, अर्धसैनिक बलों के साथ साथ सेना के अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक हो चुकी है। जबकि रॉ विदेश एजेंटों से तालमेल स?थापित करने का काम कर रही है। बॉक्स भारतीय सेना भी जमीन से लेकर आसमान पर रखेगी नजर रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सम्मेलन के दौरान एयरफोर्स और भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर लगातार दिल्ली के आसमान गश्त करेंगे । इन हेलिकॉप्टर में सेना और एनएसजी के कमांडो हर वक्त मौजूद रहेंगें। एनएसजी ड्रोन हमले के खतरे को देखते हुए कई जगहों पर एन्टी–ड्रोन सिस्टम लगा रही है, जिससे दुश्मन के किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सके। साथ ही दिल्ली की हाई राइज बिल्डिंगों पर एनएसजी और सेना के स्नाइपर तैनात होंगे।

**कांग्रेस का संकल्प शिविर**

## मेरे जन्मदिन पर ईडी के छापे के गिफ्ट का रिटर्न गिफ्ट देगी छत्तीसगढ़ की जनता : भूपेश बघेल



**तखतपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। ईडी और आईटी के छापों से केंद्र सरकार छीसगढ़ में भय का माहौल बना रही है। मेरे जमदिन पर ही ईडी के छापे मारवाकर केंद्र सरकार ने जो गिफ्ट दिया है प्रदेश की जनता हमें छीसगढ़ में 75 सीटें जीताकर उहें रिर्टन गिफ्ट देगी। उक्त बातें कृषि उपज मडी प्रांगा में आयोजित संकल्प शिविर में मुख्यमंाी भूपेश बोल ने कही।

कार्यक्रम की शुरूआत छीसगढ़ महतारी एवं महामा गांधी के छायाचि पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्यमंाी भूपेश बोल ने कहा कि विधानसभा 2018 में यहां पर एसडीएम कार्यालय का ोराव बैलगाड़ी से किया था। भाजपा सरकार ने 15 वर्षो में प्रदेश की जनता को परेशान किया था। तखतपुर विधानसभा की 13 बेटियां नसबंदी काड में अपना जीवन खो दिया, आंख फोड़वा काड, गर्भाशय काड, राशन कार्ड ोटाला कर खूब कमीशनखोरी की गई। प्रदेश में भाजपा की सरकार ने किसानों को ठगा था और 3 सौ रूपए बोनस भी नही दिया था देश के प्रधानमंाी वर्तमान में एयरपोर्ट को सजाकर बेच दिया अब पूरे देश में रेल्वे स्टेशन को सजाया जा रहा है इसे भी अडानी के हाथों बेच दिया जाएगा। केंद्र सरकार बड़े लोगों को रबड़ी बांट रही है और प्रदेश में हम गरीब लोगों के साथ याय योजना चलाकर लाभ पहुंचा रहे हैं। उसे रेवड़ी कहते है। हमारी सरकार में धान की खरीदी 107 लाख मिट्रीक टन की गई वहीं भाजपा सरकार में 55 लाख मिट्रिकी टन की खरीदी की गई। छीसगढ़ के सभी खदानों कोयला, एसीसीएल को अडानी के हाथों में बेचा जा रहा है। प्रदेश सरकार ने पारंपरिक यौहार और खेल को महव दिया। इस बार विधानसभा चुनाव में पाटन की जनता भाजपा को सबक सिखाऐगी। मेरे खिलाफ भाजपा का प्रयाशी विजय बोल नही ईडी और आईटी चुनाव लड़ रही है। हमारी सरकार द्वारा राम वन गमन पथ का निर्माा किया जा रहा है। वहीं आदिवासी महोसव में 27 देश शामिल होकर अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी महोसव में शामिल हुए। प्रदेश के सभी लाकों में प्रदेश सरकार द्वारा माडल जयस्तम्भ का निर्माा कराया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अयक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा तक पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। आदिवासी परिवार आज विकास की मुख्य धारा से जुड चुके है। भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में बस्तर जल रहा था और फर्जी ऐंकाउंटर की जा रही थी। दंतेवाड़ा में आज मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद से कपड़ा फेट्री लगाई गई है जिससे पूरा बस्तर आमनिर्भर हो गया है। प्रदेश के प्रधानमंाी माीपुर और हरियाा के विषय में यों नही बोलते है भाजपा के लोग छीसगढ़ को भी जलाना चाहते है। 15 वर्षो तक प्रदेश में लूट, भय, हया जैसे अपराध ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**सार संक्षेप**

### प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 28 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 1 6 युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने सबको बधाई दी और कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। मोदी ने कहा, देश के हर युवा का सपना है कि वो देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे।

### पदोन्नति को भी नियुक्ति बताकर प्रचारित करते हैं मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटते हैं और फोटो खिंचवाकर इसे भी सरकारी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार पर भरोसा करते हैं। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटकर उसे भी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। उन्होंने कहा, सालाना दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा कर, मोदी जी हमारे युवाओं को इस तरह के ईएमआई के रूप में कुछ हज़ार भर्ती पत्र बाँट रहे हैं। आज भी बाँटेंगे। ताज़ा समाचारों से पता चला है कि इन सरकारी नौकरियों में उनके नाम भी हैं जिनको प्रोमोशन मिला है।

### राजस्थान में न्यूनतम मजदूरी में हुई बढ़ोतरी

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रमिकों को आर्थिक सम्बल देने के लिए प्रत्येक वर्ग के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों में 26 रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अब अकुशल श्रमिक को 259 रुपए के स्थान पर 285 रुपए प्रतिदिन, अर्द्धकुशल श्रमिक को 271 रुपए के स्थान पर 297 रुपए प्रतिदिन , कुशल श्रमिक को 283 रुपए के स्थान पर 39 रुपए प्रतिदिन तथा उच्च कुशल श्रमिक को 333 रुपए के स्थान पर 359 रुपए प्रतिदिन मजदूरी प्राप्त होगी।

### कश्मीर में ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान ड्रग तस्करों की करीब 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली। बारामूला पुलिस ने तीन आवासीय घर, करीब 9.2 लाख मूल्य के तीन निजी वाहन और लगभग 1.2 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है।

## जयंत चौधरी ने की कांग्रेस की जमकर पैरोकारी, बताया ब्रांड

■ **रालोद नेता ने एनडीए में जाने की अटकलों को फिर किया खारिज**

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) प्रमुख जयंत चौधरी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस की भूमिका को लेकर जोरदार पैरोकारी की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस एक बांड है और गठबंधन को आगे बढ़ाने में उसकी बड़ी भूमिका है। वहीं रालोद का एनडीए के साथ जाने की लगाई जा रही अटकलों को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। मुंबई में होने जा रही इंडिया की तीसरी महत्वपूर्ण बैठक से पहले जयंत ने कांग्रेस पार्टी को लेकर कहाकि इंडिया गठबंधन को आगे बढ़ाने में उसकी बड़ी भूमिका है। क्योंकि कांग्रेस एक पुरानी और बड़ी पहचान रखने वाली पार्टी है। देश में तमाम लोग लंबे समय से कांग्रेस



**गठबंधन को आगे बढ़ाने में कांग्रेस की बड़ी भूमिका**

के लिए वोट करते आ रहे हैं। इसलिए विपक्षी दलों के किसी भी गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहाकि कई राज्यों में क्षेत्रीय दल प्रभावी हैं, शायद उन्हें अधिक जगह दी जानी चाहिए। ताकि भाजपा का बेहतर मुकाबला किया जा सके। हालांकि देश के कई राज्य ऐसे हैं, जहां क्षेत्रीय पार्टियों का कोई संगठन, जीतने की संभावना या उम्मीदवार नहीं है, वहां कांग्रेस ही सबसे बेहतर विकल्प है।

**घमंडिया बताने पर मोदी की आलोचना की**

जयंत ने 26 दलों के विपक्षी गठबंधन इंडिया को घमंडिया कहने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी नेता जिसके पास बहुमत है, वह अपने विपक्ष पर इस तरह हमला करता है तो यह उसके आत्मविश्वास की कमी को प्रकट करता है। लोकतंत्र में हमेशा ऐसे लोग होंगे जो आपका विरोध करते हैं, सवाल पूछते हैं, चुनाव लड़ते हैं, वे आपके कट्टर दुश्मन नहीं हैं कि आप उन्हें इस तरह का नाम दें।

## नीतीश का संयोजक बनने से इंकार

### बोले–मुझे कुछ नहीं बनना, हम लोग सबको एकजुट कर रहे

**पटना**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एकबार फिर दोहराया कि उन्हें कुछ नहीं बनना। उन्होंने कहा कि हमलोग सबको एकजुट कर रहे हैं।

पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन में संयोजक बनाए जाने के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बराबर कह रहे हैं कि हमको कुछ नहीं बनना है। दूसरे लोगों को बनाया जाएगा। हमारी कोई इच्छा नहीं है। हम सबको एकजुट करना चाहते हैं । उन्होंने कहा, हमको कुछ व्यक्तिगत नहीं चाहिए। हम सबका हित चाहते हैं इसलिए कभी ये सब मत सोचिए कि हम व्यक्तिगत कुछ चाहते हैं। हमलोग तो सबको एकजुट कर रहे हैं । विपक्षी दलों की अगली बैठक मुंबई में होनी है। माना जा रहा है कि इस बैठक में संयोजक के नाम की घोषणा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा भारत को असली आजादी 1977 में जेपी आंदोलन के बाद मिलने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन लोगों की किसी बात पर हम ध्यान ही नहीं देते हैं। देश को आजादी कब मिली है। ये सबको मालूम है। उन्होंने कहा कि जिनको आजादी के बारे में नहीं मालूम है, इसका मतलब वो कितना ई–लीगल है। उन सब का कोई वैल्यू नहीं है ।



■ **विपक्षी दलों की मुंबई में होनी अगली बैठक**
■ **संयोजक के नाम की हो सकती है घोषणा**

**लालू बोले थे, संयोजक को लेकर नहीं कोई विवाद**

पिछले दिनों गोपालगंज पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने साफ कर दिया था कि इंडिया का कन्वीनर ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## दिसम्बर में हो सकते हैं लोकसभा चुनाव: ममता



**कोलकाता**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोमवार को कोलकाता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अगर लोकसभा चुनाव दिसंबर में ही करा दे, तो हैरानी नहीं होगी। ममता बनर्जी से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी समय से पहले लोकसभा चुनाव की आशंका जता चुके हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को निशाने पर लेते हुए कहा कि राज्यपाल संवैधानिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, मैं इस पद का सम्मान करती हूं, लेकिन उनकी असंवैधानिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। ममता बनर्जी ने दावा किया कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पहले ही सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिए हैं ताकि बाकी राजनीतिक दल प्रचार के लिए उनका इस्तेमाल नहीं कर सकें। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे कहा कि हमने बंगाल में माकपा के शासन को समाप्त किया, अब हम लोकसभा चुनाव में भजपा को हराएंगे। भाजपा ने पहले ही हमारे देश को समुदायों के बीच कटुता वाले देश में बदल दिया है। अगर वे सत्ता में वापसी करते हैं, तो इससे हमारा देश नफरत का देश बन जाएगा।

## मुख्यमंत्री बघेल ने राज्यपाल हरिचंदन को समय देने लिखा पत्र

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के निवेदन पर भेंट हेतु समय देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि 27 अगस्त 2023 को रायपुर में आयोजित ओबीसी महासम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ द्वारा मुझसे निवेदन किया गया है कि वे अपनी लंबित मांगों को लेकर आपसे भेंट करना चाहते हैं। तदनुसार कृपया छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल को भेंट हेतु समय आबंटित करने तथा सहानुभूति पूर्वक उनकी मांगों पर विचार करने का कष्ट करेंगे।

■ **छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के निवेदन पर भेंट के लिए समय देने का किया अनुरोध**

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ ने रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंटकर ओबीसी वर्ग को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं में समुचित लाभ दिलाने के संदर्भ में अपनी मांग रखी थी। जिसमें संघ ने यथा शीघ्र 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लागू करने की मांग प्रमुखता से रखी थी। इस मौके पर संघ ने मुख्यमंत्री बघेल से विभिन्न लंबित मांगों को लेकर राज्यपाल विश्वभूषण से समय दिलाने का अनुरोध भी किया था, जिसे देखते हुए संघ के निवेदन पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को पत्र लिखा है।

## नूंह में 51 लोगों से हुई ब्रजमंडल यात्रा

**नूंह,** 28 अगस्त (एजेसियां)। हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और बजरंग दल के आह्वान पर हिंदू संगठनों की पैदल ब्रजमंडल यात्रा नहीं हो सकी। पुलिस नूंह बाइपास से 51 लोगों को पुलिस सिक्योरिटी में 3 गाड़ियों में लाई। उन्होंने पहले नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। फिर गाड़ियों में उन्हें फिरोजपुर झिरका के रास्ते सिंगार स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचाया गया। वहां जलाभिषेक के बाद यात्रा का समापन हो गया। हिंदू संगठनों की यात्रा को सरकार और प्रशासन ने पहले ही अनुमति देने से इनकार कर दिया था। नूंह में बाहरी लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया गया। सोमवार को नूंह में कद्वर्त्यू जैसा माहौल रहा। यहां के बाजार, स्कूल–कॉलेज सब बंद रहे। धारा 144 लागू कर दी गई थी। इससे पहले नूंह यात्रा में हिस्सा लेने अयोध्या से आए संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज को प्रशासन ने गुरुग्राम सोहना टोल प्लाजा पर रोक दिया।

## ऑनलाइन सट्टा एप की प्रदेश में कोई ब्रांच नहीं : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में ऑनलाइन सट्टे के मामले में ई डी की कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इसकी कोई ब्रांच नहीं है, जो सट्टा खिलाने वाले हैं, वे जरूर यहां के हैं। उन्होंने बताया कि 30 मार्च 2022 को इस मामले में पहली एफआईआर दुर्ग में की गई थी, फिर रायपुर, बिलासपुर और सभी जगहों पर 72 मामले छत्तीसगढ़ पुलिस ने दर्ज कर 449 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी कार्रवाई अब तक कहीं नहीं हुई है लेकिन कार्रवाई करने वालों पर ही मामले में शामिल होने का आरोप लग रहा हैं। बिलासपुर जाने से पहले पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पत्रकार से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि दिल्ली, गोवा और मुंबई में अलग–अलग जगहों में हुई हैं और अब तक 196 लैपटॉप 885 मोबाइल और बहुत सारे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जप्त किए गए ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

■ **72 मामलों में 449 आरोपियों की गिरफ्तारी, अगर हम शामिल होते तो क्या कार्रवाई होती?**

## 2 सितम्बर को लॉन्च होगा आदित्य-एल 1

**चेन्नई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान–3 मिशन की सफलता के बाद अब सूर्य को करीब से जानने के लिए 2 सितम्बर को पूर्वाह्न 11.50 बजे देश की पहली अंतरिक्ष–आधारित वेधशाला 'आदित्य–एल1' लॉन्च करेगा। इसरो ने कहा कि आदित्य–एल1 को भारतीय रॉकेट पीएसएलवी–एक्सएल द्वारा ले जाया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र की गैलरी से प्रक्षेपण देखने के लिए आम लोगों को पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। प्रारंभ में, आदित्य–एल1 को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। बाद में धीरे–धीरे इसकी कक्षा का उन्नयन किया जाएगा, और अंतत: पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकलकर सूर्य के करीब एल–1 प?वाइंट की ओर सफर शुरू करेगा। लॉन्च से एल1 तक की यात्रा में आदित्य–एल1 को लगभग ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**विस चुनाव 2023** | **छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगाई**

## आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को दी अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेसियां)। छत्तीसगढ़ में राज्य की भूपेश बघेल सरकार को हराने और 218 के पिछले विधानसभा चुनाव में हुई गलती को दोहराने से बचने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। भाजपा ने देश के कई राज्यों से अपने नेताओं की फौज को प्रदेश की सभी 9 विधान सभा सीटों पर पहले ही उतार रखा है लेकिन अब पार्टी ने धरातल से मिल रहे फीडबैक के आधार पर आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में तैनात कर दिया है।**

*वैसे तो भाजपा में आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं की भरमार है। आरएसएस से भाजपा में आने वाले कई नेता केंद्र में मंत्री हैं, कई राज्यों में मुख्यमंत्री और मंत्री है, सरकार से लेकर पार्टी संगठन में अहम पदों पर बैठे हैं। लेकिन, पार्टी संगठन में राष्ट्रीय संगठन महासचिव के पद पर नियुक्त नेता को भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच की कड़ी माना जाता है।*

*वर्तमान में यह जिम्मेदारी बीएल संतोष निभा रहे हैं जो आरएसएस द्वारा बुलाई गई बैठक में भाजपा की तरफ से शामिल होकर भाजपा के कामकाज की रिपोर्ट सौंपते हैं। राज्य के स्तर पर प्रदेश संगठन महासचिव भी कुछ हद तक इसी तरह की भूमिका निभाते हैं।*

■ **देश के कई राज्यों से नेताओं की फौज को सभी 90 सीटों पर उतारा**

***दो प्रदेशों के संगठन महासचिवों को तैनात किया***– *छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा आलाकमान की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पार्टी ने अपने दो प्रदेशों के संगठन महासचिवों को छत्तीसगढ़ के अलग–अलग संभागों में तैनात कर दिया है। पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव कर्मवीर को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की जिम्मेदारी देकर इस क्षेत्र में आने वाले 7 जिलों की चुनावी कमान सौंप दी है। बस्तर संभाग में आने वाले 7 जिलों में छत्तीसगढ़ राज्य की 12 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटें आती हैं। इसके साथ ही पार्टी ने पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव सतीश धोंड को बिलासपुर संभाग का दायित्व सौंपा है। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 8 जिले आते हैं जिसमें 25 विधानसभा और 4 लोकसभा की सीटें आती हैं। इसके अलावा पार्टी ने बिहार भाजपा के कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल को छत्तीसगढ़ के* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में हमारी निर्णायक भूमिका होगी- रेणु जोगी

## जिला चिकित्सालय गौरेला पेंड्रा मरवाही का किया निरीक्षण



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कोटा विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी ने आज अपने 10 दिवसीय जनसंपर्क अभियान की शुरुआत गौरेला के ग्राम ललाती से करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस-जे के ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी चुनाव जीत कर रहे हैं तथा हमारी भूमिका सरकार बनाने में निर्णायक होगी।

डॉ रेणु जोगी 28 अगस्त से आगामी 10 दिन तक कोटा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। लंबे समय से अस्वस्थ रहने के कारण क्षेत्र नहीं पहुंच सकी थी। स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद डॉक्टर रेणु जोगी 28 अगस्त से कोटा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क की शुरुआत पेंड्रा विकासखंड से सटे ग्राम ललाती से की। डॉ रेणु जोगी यहां ग्राम गांधीपुर में एक सभा को संबोधित किया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। यहां ग्रामीणों ने उनका आत्मिक स्वागत किया इसके पश्चात डॉक्टर रेणु जोगी ग्राम धनगवा के बरपारा पहुंचकर ग्रामीणों की एक सभा को संबोधित किया एवं उनका हाल-चाल जाना। यहां जनसंपर्क के बाद डॉक्टर रेणु जोगी ने जिला चिकित्सालय गौरेला पेंड्रा मरवाही पहुंचकर जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया मरीज से मुलाकात की एवं उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद डॉक्टर रेणु जोगी जलेश्वर धाम अमरकंटक के लिए रवाना हो गई।

उल्लेखनीय है कि डॉक्टर रेणु जोगी वर्ष 2004 से कोटा विधानसभा क्षेत्र की विधायक है। पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के निधन के बाद हुई रिक्त सीट कोटा पर में भाजपा के मूलचंद खंडेलवाल को हराकर कोटा से विधायक बनी थी तथा वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस की टिकट पर विधायक है। कोटा विधानसभा क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से अब तक जोगी परिवार के पास है। कोटा सीट पर कांग्रेस एवं भाजपा नजर गड़ा कर रखी हुई हैं। राजनीतिक पंडित अनुमान लगा रहे हैं कि डॉक्टर रेणु जोगी के चुनाव लड़ा लड़ने से मना करने पर उनके बेटे अमित जोगी या बहु ऋचा जोगी कोटा क्षेत्र से विधानसभा की प्रत्याशी हो सकते हैं। हालांकि अमित जोगी के पाटन विधानसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ने की खबरें आ रही है।

# प्रज्ञा कोचिंग के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल



**मुंगेली** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय दाउपारा में संचालित प्रज्ञा कोचिंग से बड़ी संख्या में विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए हैं। संस्थान से 05 विद्यार्थियों ने राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा, 24 विद्यार्थियों ने सीजी टेट परीक्षा, 23 विद्यार्थियों ने सीटेट परीक्षा, 05 विद्यार्थियों ने शिक्षक भर्ती परीक्षा, 02 विद्यार्थियों ने रेल्वे भर्ती बोर्ड परीक्षा, 01 विद्यार्थी ने कर्मचारी चयन बोर्ड परीक्षा, 01 विद्यार्थी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती और 01 विद्यार्थी ने भारतीय थल सेना भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

साथ ही 14 विद्यार्थियों ने पुलिस उप निरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा पास कर मुख्य परीक्षा दिलाई है, जिसमें से 03 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार भी दिया है। प्रज्ञा कोचिंग के नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने हेतु गत 02 वर्षों से प्रज्ञा कोचिंग संस्थान का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में संस्थान में 154 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

उक्त कोचिंग संस्थान में चयन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 20 अगस्त को किया गया था, जिसमें चयनित 421 विद्यार्थियों हेतु नई कक्षाएं 28 अगस्त से शुरू की गई है।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दिखा उत्साह, कबड्डी व खो-खो में दिखाया जौहर



## "छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक"

**मुंगेली** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आज से आगाज हो गया है। जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खेल के प्रथम दिन आज खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। खिलाड़ियों ने कबड्डी और खो-खो में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ ऊर्दू अकादमी बोर्ड के सदस्य एजाज खोखर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी, नागरिक राकेश, रामकुमार साहू ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान, उप संचालक (पंचायत) सुश्री भूमिका देसाई सहित संबंधित विभाग के अधिकारी बड़ी संख्या में खेलप्रेमी एवं दर्शकगा मौजूद थे। बता दें कि कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में 28 से 31 अगस्त तक जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जा रहा है, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। आज प्रथम दिन कबड्डी और खो-खो खेल का आयोजन किया गया। 29 अगस्त को गिल्ली-डंडा, पिट्ठुल, सांखली, लंगड़ी, रस्साकसी और बांटी खेल तथा तीसरे दिन 31 अगस्त को 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, बिस, फुगड़ी, गेड़ी, भौंरा, कुश्ती और रस्सीकूद का आयोजन किया जाएगा तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# रामनाम सप्ताह के समापन पर निकली शोभायात्रा

**तखतपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में अखंड राम नाम सप्ताह समापन पर श्री राम जानकी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की नगर में जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा काली मंदिर राम जानकी बड़े मंदिर होते हुए महामाया मंदिर, महामाया पुराना बस स्टैण्ड गांधी चौक होतु हुए नगर के पुराना थाना मैदान पहुंची जहां सभी मंडलियों की प्रतियोगिता हुई।



मुख्य अतिथि के रूप में तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह अध्यक्षता महिला के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडे युधिष्ठी तिथि नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा मुन्ना श्रीवास उपस्थित रहे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंडलियों ने भाग लिया धोरा भाटा, करगीकला,पालचुवा पिपरपारा,पेंड्री, पंढरभाटा,हरदी, कन्हारपुर, सेमर्चुवा, धपाई, अमली मलती, छपाई, ठाकुरीकापा, धुमा, मोहतरा,जोरापारा, रामनगर, कमोद खपरी, फ़दवानी, कवलपुर, खमरिया, निरजाम,खमहि,पीड़ा, सभी टोलिया उन्हें भगवान राम के गुणगान गाते हुए राम नाम सप्ताह पर बड़ी संख्या में मानस मंडली उपस्थित रहे जगह-जगह हुआ स्वागत महामाया चौक लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता संगम नगर व्यापारी संघ वर प्लाजा नरेंद्र रात्रे पुराना बस स्टैंड व्यापारी संघ नगर में सभी महिलाओं ने अपने घर के चौखट पर सभी मंडलों का आर्थिक उतार कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर कुलवंत सिंह हुरा, रोहन सिंह ठाकुर, शालिग्राम सोनी, जुगल किशोर पाण्डेय, अनिल सिंह, कोमल सिंह ठाकुर, प्रमोद सोनी, जितेंद्र पाण्डेय, मुन्ना श्रीवास, लक्ष्मी यादव, पवन पांडे, हरविंदर हुरा, जितेश राज पांडे, अभिषेक पांडेय, अजय यादव, संजय निर्मलकर, तिलक देवांगन, प्रमोद सोनी, राजेश पाली, नोहर ठाकुर, केसर ठाकुर, रोशन सिंह, हरि सिंह, दिलीप तोलानी, शैलेंद्र सिंह, धनंजय ठाकुर, अनिल अग्रवाल, मोनू ताम्रकार, मुकेश ताम्रकार, जनक ताम्रकार, काशी अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, केडी वैष्णव, मनोज गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, गजेंद्र गुप्ता, दिलीप तोलानी, मनजीत खुराना, काशी अग्रवाल, गुल्लू भाऊ, प्रियांशु सोनी, राज साहू, अजय ध्रुव, रविंद्र गोस्वामी, महेश सिंह ठाकुर, सत्यम ताम्रकार, विशाल विश्वकर्मा, रेमो निर्मलकर, गजेंद्र ठाकुर, प्रमोद धुरी सुखदेव कुर्रे नितेश पटेल बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित हैं।

## बिलासपुर रेंज के नए महानिरीक्षक होंगे अजय यादव

**बिलासपुर**,28 अगस्त ( देशबन्धु) ।बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक आनंद छाबड़ा का स्थानांतरण आई जी गुप्त वार्ता कर दिया गया है। उनकी जगह बिलासपुर रेंज के नए आईजी अजय यादव होंगे।आपको बता दे कि हाल ही में बद्री नारायण मीणा का स्थानांतरण कर आनंद छाबड़ा को बिलासपुर रेंज के नए आईजी बना गया था लेकिन अब उन्हें आई जी गुप्त वार्ता बना दिया गया है, और आई जी गुप्त वार्ता में पदस्थ अजय यादव को बिलासपुर रेंज के नए आईजी बनाया गया है।



## बोल बम समिति ने निकाली कांवर यात्रा

**तखतपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर बोल बम समिति के द्वारा आज सावन सोमवार को भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई कावड़ यात्रा का शुभारंभ नर्मदा धाम बेलपान से जल लेकर प्रारंभ हुआ बेलपान से जल लेकर जनकपुर महादेव में जलाभिषेक किया महाकाल के भक्त सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे द्य प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं जिला प्रभारी भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ दिनेश राजपूत गुरु जी ने कावड़ यात्रियों का सम्मान ठंडा जूस पिला कर किया द्य दिनेश राजपूत स्वयं कावड़ यात्रा में शामिल हुए।



# मणिपुर हिंसा के विरोध में संयुक्त मसीही समाज ने निकाली रैली

**बिलासपुर** , 28 अगस्त (देशबन्धु)। सोमवार को बिलासपुर के मसीही समाज ने संयुक्त मसीही समाज के साथ शांति पूर्ण रैली निकाल कर मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर कलेक्टर के माध्यम से राष्टपति के नाम पर ज्ञापन सौंपा।मसीही समाज के जयदीप राबिनशन ने बताया की मसीही समाज ने ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की है।की मणिपुर हिंसा के पीछे जो लोग है। उनकी पहचान कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। हमारे देश में आपसी भाईचारा हमेशा से बना हुआ है।और वह बना रहे।देश में शांति और सौहार्द कायम रहे। साथ ही साथ इस हिंसा का हम संयुक्त मसीही समाज घोर निन्दा करते है।इस रैली में बड़ी संख्या में मसीही समाज के महिला बच्चे और पुरुष शामिल हुए।



## भाजपा महिला मोर्चा मनाएंगा रक्षाबंधन पर स्नेह दिवस - जयश्री

**बिलासपुर** , 28 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता महिला मोर्चा बिलासपुर ने रक्षाबंधन पर्व को जिला के सभी मंडलों में स्नेह दिवस के रूप में मनाएंगी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जयश्री चौकसे ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्षाबंधन का कार्यक्रम को हम स्नेह दिवस के रूप में मना रहे है।

इस कार्यक्रम के तहत गंतव्य स्थानों पर यात्रियों को सुरक्षित पहुंचाने वाले हमारे ऑटो, रिक्शा वाले भाई बहन एवं स्वच्छता अभियान से जुड़े हमारे सफाई कर्मचारी भाई बहन को रक्षा सूत्र बांधना है एवं उनकी लंबी उम्र की कामना करना है। यह कार्यक्रम जिले के प्रत्येक मंडल में किया जाना है।

इसके लिए महिला मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष बहनों को सूचना दी गई है। जयश्री चौकसे ने बताया कि इसमें मंडल में निवासरत प्रदेश, जिला, मंडल की सभी बहनें ज्यादा से ज्यादा संख्या में एकत्रित होंगी, सभी गले में भाजपा का पट्टा, टोपी, गमछा और झंडा के साथ चौक चौराहे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड पर जाकर इस कार्यक्रम को संपन्न करेंगी। साथ ही कार्यक्रम की फोटो जिला कार्यालय, सोशल मीडिया साइड, प्रिंट मीडिया, न्यूज़ चैनलो को भेजेंगी कार्यक्रम 28, 29 और 30 अगस्त को किया जाना है।

## शहडोल-नागपुर साप्ताहिक ट्रेन रद्द

**बिलासपुर** , 28 अगस्त (देशबन्धु)। शहडोल-नागपुर-शहडोल साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारंभ 29 अगस्त 2023 को शहडोल स्टेशन से गाड़ी संख्या 08287 शहडोल-नागपुर इनॉग्रल स्पेशल के रूप में चलाने की सूचना प्रसारित की गई थी ।

**कार्यालय, संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र- कोरबा**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत गोकुल नगर खरमोरा, जिला कोरबा में निर्मित भवनों में से भवन क्र. LIG- 13/K (SF) श्री शत्रुघन प्रसाद अजय पिता स्व. सीताराम अजय को आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा भवन को विक्रय करने हेतु भवन विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करें। 15 दिनों के अंदर आपत्ति/ दावा प्राप्त नहीं होने पर विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा। बाद में आपत्ति/ दावा मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ गृह निर्माण मंडल**
**प्रक्षेत्र- कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक/419/तह./वाचक-01/ 2023
नवागढ़, दिनांक 14/08/2023

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक फारूख खान पिता महबूब खान जाति मुसलमान द्वारा ग्राम नवागढ़ अवस्थित भूमि खसरा नं. 5852/1 में से रकबा 0.07 एकड़ भूमि को लिज में लिए जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदन पत्र के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन हेतु प्रेषित किया जा रहा है। उक्त ईश्तहार प्रकाशन पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 31/08/2023 को उपस्थित होकर अपना न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/ मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नवागढ़**

**न्यायालय तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक/498/तह./वाचक-01/ 2023
नवागढ़, दिनांक 14/08/2023

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक फहीम खान पिता महबूब खान जाति मुसलमान द्वारा ग्राम नवागढ़ अवस्थित भूमि खसरा नं. 5852/1 में से रकबा 0.07 एकड़ भूमि को लिज में लिए जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदन पत्र के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन हेतु प्रेषित किया जा रहा है। उक्त ईश्तहार प्रकाशन पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 31/08/2023 को उपस्थित होकर अपना न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील/ मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नवागढ़**

प्रथम पृष्ठ का शेष

## मेरे जमदिन पर ईडी के छापे ...

खुले आम होते रहे है।

विाायक डा.रश्मि सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के मुखिया ने हर वर्ग का यान रखकर कार्य किया है और हम लोगों ने एक सदस्य बनकर प्रदेश की सेवा की है और तखतपुर विकासखड को विकास की अनेको सौगातें दी है। भाजपा की सरकार ने प्रदेश की जनता को 15 वर्षो तक धोखा दिया। तखतपुर विधानसभा में स्वास्य, शिक्षा, सड़क, पानी, स्कूल, कालेज, आमानंद सहित अय क्षो में कार्य कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। उहोंने तखतपुर के विकास कार्य में सहयोग के लिए मुख्यमंाी को धयवाद दिया है।

## नीतीश का संयोजक बनने से...

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही नहीं बल्कि कोई और भी हो सकता है। लालू प्रसाद ने कहा था कि गठबंधन में संयोजक को लेकर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है और अगली बैठक में सभी दलों के लोग मिल-बैठकर तय कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि तीन-चार राज्यों का एक कन्वीनर बनाया जाएगा और सहूलियत के लिए राज्यों में भी संयोजक नियुक्त किए जाएंगे।

**बैठक में जारी होगा गठबंधन का लोगो**

मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक में 26 दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की संभावना है। मुंबई की बैठक इंडिया गठबंधन का लोगो जारी किया जा सकता है। पहली बैठक पटना में 23 जून को हुई थी। बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को दूसरी बैठक हुई थी।

## ऑनलाइन सट्टा एप की ...

हैं। 40 लाख से ज्यादा नगदी और डेढ़ करोड़ से अधिक की सामग्री जप्त की गई है। इसके अलावा 16 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि और करीब 1000 बैंक खातों को सीज किया गया है। पल

उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऑनलाइन सट्टे का कोई भी ब्रांच या कार्यालय नहीं है। सट्टे से जुड़े सभी लोग गिरफ्तार या अंडरग्राउंड हो चुके हैं। ऑनलाइन सट्टा एप के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को लेकर लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है। जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश में कठोर कानून,छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 जो इस समय राज्य में लागू है और उसी के तहत कार्रवाई की गई है।

**सट्टेबाजों पर सबसे ज्यादा कार्रवाई छत्तीसगढ़ में हुई**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सट्टेबाजों पर इतनी बड़ी कार्रवाई देश में कहीं नहीं हुई है जबकि इनका ऑफिस बड़े शहरों में है। वहां कोई कार्यवाही नहीं हो रही है और जब हम कार्रवाई कर रहे तब ये हमें ही कह रहे हैं कि हम इस मामले में शामिल है। अगर हम शामिल होते, तो क्या डेढ़ साल से कार्रवाई कर रहे होते?

मुख्यमंत्री कहा कि राजनीति के चलते राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा इनका कोई उद्देश्य नहीं है, अगर है तो उनके हेड ऑफिस में जाए वहां कार्रवाई करें। यहां भारतीय जनता पार्टी सीधे चुनाव नहीं लड़ पा रही है तो ई डी और आई टी के जरिए चुनाव लड़ना चाहती है। जब हम डेढ़ साल से कार्रवाई कर रहे हैं तब वे चुप बैठे थे लेकिन अब चुनाव नजदीक आ गया है, तब काम में बाधा डालने और सरकार को बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

**बीजेपी को हिंसा पसंद है**

म भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून का राज है। 5 साल पहले लगातार छत्तीसगढ़ जल रहा था।नक्सली समस्याओं से अब नक्सल समस्या को हमारी सरकार ने बहुत धकेल दिया है, वे अब सीमित क्षेत्र में रह गए हैं। उन्होंने कहा बीजेपी को हिंसा और घृणा पसंद है। इसी कारण से वह लगातार उनके कार्यकाल में नक्सली गतिविधियां बढ़ीं।

## 2 सितम्बर को लॉन्च होगा ...

चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 15 लाख किमी होगी। पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी लगभग 3.84 लाख किमी है। इसरो ने कहा, एल1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में रखे गए उपग्रह को बिना किसी ग्रहण के लगातार सूर्य को देखने का प्रमुख लाभ मिलता है। इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव का अध्ययन संभव हो सकेगा।

**सात पेलोड ले जाएगा आदित्य-एल1**

इसरो के अनुसार, अंतरिक्ष यान विद्युत चुम्बकीय और कण और चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टरों का उपयोग करके फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड ले जाएगा। एजेंसी ने बताया, विशेष सुविधाजनक बिंदु रु का उपयोग करते हुए चार पेलोड सीधे सूर्यमुखी होंगे और शेष तीन पेलोड लैग्रेंज बिंदु रु पर कणों और क्षेत्रों का अध्ययन करेंगे। उम्मीद है कि मिशन से कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर गतिविधियों और उनकी विशेषताओं, अंतरिक्ष मौसम की गतिशीलता, कण और क्षेत्रों के प्रसार और अन्य, भारतीय अंतरिक्ष की समस्या को समझने के लिए सबसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।

## आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले ...

रायपुर संभाग का दायित्व देकर इस संभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य के 6 जिलों के 19 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर चुनावी रणनीति को जमीनी धरातल पर सौंपने की जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा ने बिहार के विधायक संजीव चौरसिया को दुर्ग संभाग का दायित्व सौंपा है। दुर्ग संभाग में आने वाले जिलों की संख्या 8, विधानसभा सीटों की संख्या 20 और लोकसभा सीटों की संख्या 2 है। भाजपा ने झारखंड के विधायक अनंत ओझा को सरगुजा संभाग का दायित्व सौंपा है। इस संभाग के अंतर्गत 6 जिले, प्रदेश की 14 विधानसभा और एक लोकसभा सीट आती है।

# देश

उवाच



"नीतीश कुमार खुली आंखों से प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं इसलिए समर्थकों से बयान दिलवाते हैं, नारे लगवाते हैं या पटना में होर्डिंग टंगवा देते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

-सुशील कुमार मोदी, भाजपा नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35° | 25° |
| मुंबई | 27° | 26° |
| कोलकाता | 33° | 28° |
| चेन्नई | 33° | 27° |

# मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन में पांच सौ करोड़ से अधिक का घोटाला : कांग्रेस

**भोपाल,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने भाजपा को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेराबंदी तेज कर दी है। सोमवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, मप्र नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविंद सिंह और अन्य नेताओं के साथ मध्यप्रदेश के लोकायुक्त को प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के सीईओ ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की है। कांग्रेस ने दोनों के खिलाफ लोकायुक्त संगठन से जांच कराकर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए विवेक तन्खा ने कहा कि मप्र के महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन में 500 करोड़ से अधिक का घोटाले का आरोप है। सीएजी की रिपोर्ट में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किए जाने वाले पोषण आहर में भारी भ्रष्टाचार किया है।

- **मुख्य सचिव के संरक्षण में पोषण आहार घोटालो कर लगाया आरोप**
- **कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सीएस व बेलवाल की लोकायुक्त में की शिकायत**

पोषण आहार बनाने वाली सातों फैक्ट्रियों से पोषण आहार के उत्पादन, वितरण में भारी अनियमिताएं पाई गई हैं। सीएजी ने आठ जिलों की रिपोर्ट में लिखा है कि कंपनियों से फेक उत्पादन,



**पोषण आहार मामले की स्वतंत्र विजलेंस एजेंसी से कराई जाए जांच : विवेक तन्खा**

स्कूटर और ऑटो के वाहन नंबर को ट्रक का नंबर बताकर पोषण आहार का परिवहन करना बताया गया है। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि पोषण आहार मामले की स्वतंत्र विजलेंस एजेंसी से जांच कराई जाए।

लेकिन प्रदेश सरकार ने लोकायुक्त को जांच करने की जिम्मेदारी नहीं दी। कांग्रेस के इस वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह और पूर्व मंत्री तरुण भनोत शामिल रहे। विवेक तन्खा ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट में सातों कंपनियों में बेलवाल के कार्यकाल में पोषण आहार में 500 करोड़ का फेक प्रोडक्शन, फेक डिस्ट्रीब्यूशन आया है। सीएजी ने सैंपल के आधार पर यह जांच की थी। इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों की जांच कराने को कहा था, लेकिन सरकार ने जांच नहीं कराई।

## कांग्रेस के निशाने पर आए सीएस बैंस

विवेक तन्खा ने कहा कि पोषण आहार मामले में आठ जिलों में करीब 5 करोड़ रुपए के घोटाले की बात सीएजी की रिपोर्ट में आई है। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस इस पूरे मामले में संदेह के दायरे में इसलिए आ रहे हैं, क्योंकि मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के सीईओ ललित मोहन बेलवाल हैं। वे रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी हैं। आईएस बैंस 214 में सीएम के सचिव बने और बेलवाल को आपना सीईओ बनाकर एमपी एग्रो कॉर्पोरेशन के अधीन कार्य करने वाली सातों फैक्ट्रियों को ग्रामीण विकास विभाग के दूसरे विभाग में ट्रांसफर कर दिया। यह व्यवस्था 218 तक चलती रही। दिसंबर 218 में कमलनाथ की सरकार बनने के बाद जब उन्हें करप्शन की भनक लगी तो कमलनाथ ने सातों कंपनियों का एमपी एग्रो में ट्रांसफर कर दिया। कमलनाथ सरकार जाने के कुछ दिन बाद ही इकबाल सिंह बैंस मुख्य सचिव बन जाते हैं और बेलवाल को दोबारा कांट्रेक्ट पर वापस रख लेते हैं। और कुछ दिनों बाद सातों कंपनियों फिर से वापस ला लेते हैं।

## कश्मीर में ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान ड्रग तस्करों की करीब 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली। बारामूला पुलिस ने तीन आवासीय घर, करीब 90.02 लाख मूल्य के तीन निजी वाहन और लगभग 1.2 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की है। स्वापक ओषधि और मन:प्रभावी पदार्थ



अधिनियम (एनडीपीएस)1985 की धारा के तहत पट्टन, क्रेरी, कमलकोट उरी और नांबला उरी बारामूला में ड्रग तस्करों की संपत्ति जब्त की गई।

बारामूला पुलिस की इस कार्रवाई से नशीली दवाओं के कारोबार के वित्तीय पहलू को बहुत नुकसान हुआ है और इससे दूसरों को नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल होने से हतोत्साहित करने में मदद मिलेगी। बारामूला पुलिस के इस कदम की आम जनता द्वारा काफी सराहना की जा रही है और वे इस बात से खुश हैं कि ड्रग तस्करों से सख्त से सख्त तरीके से निपटा जा रहा है। बारामूला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे नशा मुक्त माहौल सुनिश्चित करने के लिए नशीली दवाओं के तस्करों के बारे में कोई भी जानकारी पुलिस के साथ साझा करें और उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले की पहचान सुरक्षित रखी जाएगी।



# रामाराव ने भारतीय संस्कृति व सिनेमा को किया समृद्ध : मुर्मू

**नई दिल्ली/हैदराबाद,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में स्वर्गीय एन.टी.रामाराव के शताब्दी वर्ष पर स्मारक सिक्का जारी किया। इस अवसर पर मुर्मू ने कहा कि रामाराव ने तेलुगु फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा और संस्कृति को समृद्ध किया है। उन्होंने अपने अभिनय से रामायण और महाभारत के प्रमुख पात्रों को सजीव बना दिया। उनके द्वारा निभाई गई भगवान राम और भगवान कृष्ण की भूमिकाएं इतनी जीवंत हो गई कि लोग उनकी (एनटीआर) की पूजा करने लगे।

- **राष्ट्रपति ने रामाराव के सम्मान में जारी किया सिक्का**

उन्होंने कहा कि एनटीआर ने अपने अभिनय के माध्यम से आम लोगों की पीड़ा को भी अभिव्यक्त किया। उन्होंने अपनी फिल्म 'मनुशुलंता ओक्कटे' अर्थात सभी मनुष्य समान हैं के माध्यम से सामाजिक न्याय और समानता का संदेश फैलाया। राष्ट्रपति ने कहा कि एक लोक सेवक और एक जन नेता के रूप में एनटीआर की लोकप्रियता व्यापक थी। उन्होंने अपने असाधारण व्यक्तित्व और कड़ी मेहनत से भारतीय राजनीति में एक विशेष मुकाम हासिल किया। उन्होंने कई जनकल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किए, जिन्हें आज भी याद किया जाता है। मुर्मु ने एनटीआर पर स्मारक सिक्का लाने के लिए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की सराहना की।

उन्होंने कहा कि उनका अद्वितीय व्यक्तित्व हमेशा लोगों विशेषकर तेलुगु भाषी लोगों के हृदय में अंकित रहेगा। इस मौके पर रामाराव के परिवार के सदस्य व आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू, भुवनेश्वरैया ननदमुरी बालाकृष्ण, विधायक वसुंदरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री दग्गुबती पुरानदेश्वरी, दग्गुबती वेंकटेश्वर राव मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### जगदीप धनखड़ ने दी ओणम की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को ओणम की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख और समृद्धि की कामना की है। ओणम की पूर्व संध्या पर उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रवादियों के नाम एक संदेश जारी किया। धनखड़ ने कहा कि ओणम एकता, फसल और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्सव है, जो समुदायों को परंपराओं की डोर में बांधता है। उन्होंने कहा कि महान राजा महाबली की याद में मनाया जाने वाला यह त्योहार परोपकार, करुणा और बलिदान के शाश्वत मूल्यों की मार्मिक याद दिलाता है।

### झारखंड में कांग्रेस नेता मुन्नम से ईडी ने की पूछताछ

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस नेता संजय मुन्नम से प्रवर्तन निदेशालय के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ शुरू कर दी गई है। देवघर में चर्चित राय बंगला की जमीन खरीद मामले में भी ईडी ने कई लोगों को समन किया है। देवघर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय मुन्नम सहित कई अन्य लोगों को भी ईडी ने समन भेजा है। इस मामले में भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा, अमरनाथ टेकरीवाल सहित अन्य लोगों से भी ईडी पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि बीते 23 अगस्त को ईडी ने मुन्नम, योगेंद्र तिवारी सहित कई अन्य लोगों के कुल 32 ठिकाने पर छापेमारी की थी।

### पुंछ व राजौरी से पीटीआई के झंडे किए गए बरामद

**जम्मू।** इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के झंडे सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में बरामद किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुंछ जिले के भिम्बर गली सेक्टर में मिडिल स्कूल सरुला में गुब्बारों से बंधे झंडे देखे गए और पुलिस ने इन्हें अपने कब्जे में ले लिया। राजौरी जिले के लाम इलाके से पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज और पीटीआई के झंडे के साथ बहुरंगी गुब्बारे भी बरामद किए गए। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या ये झंडे नियंत्रण रेखा के पार से हवा में छोड़े गए थे या पुंछ और राजौरी जिलों के भीतर कहीं से।

### देश में कोरोना संक्रमण के 7 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में सोमवार को बीते 24 घंटों में 7 नए कोविड मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,49,97,33 हो गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, कोरोना महामारी से एक व्यक्ति की मौत हुई है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,31,929 हो गई। इसी अवधि में 47 लोग कोरोना से ठीक हो गए, जिससे कुल ठीक होने वालों की संख्या 4,44,63,58 हो गई।

## शहीद के पिता को सौंपा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक



**श्रीनगर,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को राजभवन में शहीद नागरिक मोहम्मद उमर डार के पिता गुलाम मोहम्मद डार को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, प्रशस्ति पत्र और एक चेक सौंपा। मोहम्मद उमर डार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया। 26 मार्च, 2022 को, मोहम्मद उमर डार और उनके भाई इश्फाक अहमद डार, जो जम्मू-कश्मीर पुलिस में एसपीओ के रूप में कार्यरत थे, को छत्ताबुघ बडगाम में उनके घर के अंदर आतंकवादियों ने मार डाला। अधिकारी ने बयान में कहा कि उपराज्यपाल ने मोहम्मद उमर डार को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के सदस्यों की जान बचाने में उनके द्वारा दिखाए गए अनुकरणीय साहस को सलाम किया। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, जीओसी 15 कोर और मोहम्मद उमर डार के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

- **मनोज सिन्हा ने मोहम्मद उमर डार को की श्रद्धांजलि अर्पित**

# गंगा-जमुना तहजीब का प्रमाण तेलंगाना : केसीआर

**हैदराबाद,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। बीआरएस पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव राव ने कहा कि तेलंगाना गंगा जमुना तहजीब का प्रमाण है। हैदराबाद में केसीआर की उपस्थिति में महाराष्ट्र बीजेपी के अल्पसंख्यक नेताओं ने बीआरएस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी अध्यक्ष केसीआर ने उन्हें गुलाबी स्कार्फ ओढ़ाकर पार्टी में शामिल किया। केसीआर ने साफ कर दिया कि बीआरएस से देश की राजनीति में आमूल-चूल परिवर्तन तय है। अल्पसंख्यक नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि देश में कट्टरवाद को खत्म करना और धर्मनिरपेक्षता की स्थापना करना केवल बीआरएस पार्टी के साथ ही संभव है। अल्पसंख्यक नेताओं ने कहा कि वे मुख्यमंत्री केसीआर के नेतृत्व में बीआरएस सरकार को सत्ता में लाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। इस अवसर पर अपने संबोधन में के.चंद्रशेखर राव ने कहा कि

- **महाराष्ट्र भाजपा के अल्पसंख्यक नेताओं ने की बीआरएस पार्टी की सदस्यता ग्रहण**



**बीआरएस से देश की राजनीति में आमूल-चूल परिवर्तन होना तय है : केसीआर**

चुनाव आने पर लोगों को घबराना नहीं चाहिए। लोगों की आकांक्षाएं तभी पूरी होंगी जब वे एक ऐसी पार्टी और सरकार चुनेंगे जो लोगों के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि छह दशकों तक जीतने वाली पार्टियों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन हैं, कई नदियां यहीं बहती हैं। गांवों और कस्बों में बाढ़ क्यों आती है, लोगों को इसका कारण पता लगाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि जिस भूमि पर फुले और अंबेडकर जैसे कई समाज सुधारकों और बुद्धिजीवियों ने जन्म लिया, वह पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रेरणा से देश में आमूल-चूल परिवर्तन के लक्ष्य के साथ लोगों को जुटने को कहा। मुख्यमंत्री केसीआर ने लोगों और युवाओं से इस तथ्य के बारे में सोचने का आह्वान किया कि कांग्रेस और भाजपा पार्टियों को सत्ता देने के बावजूद लोगों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से इन पार्टियों के विकल्प के तौर पर अब की बार किसान सरकार के नारे के साथ आंदोलन कर रही बीआरएस पार्टी का समर्थन करने कहा। संघर्ष कामगार कर्मचारी यूनियन, ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन, अन्ना मथाडी ट्रांसपोर्ट कामगार यूनियन और अन्य संगठनों के अध्यक्ष संजय दिनकर पाटिल बीआरएस पार्टी में शामिल हुए। महाराष्ट्र के सोलापुर से वलयाला नागेश, बीड जिले से फूल चंद कराड, अंकोला से पूर्व विधायक मुलर और कोल्हापुर से महाराष्ट्र किसान सेल के अध्यक्ष संजय पाटिल के नेतृत्व में मुस्लिम अल्पसंख्यक नेता बीआरएस पार्टी में शामिल हुए। अल्पसंख्यक नेताओं में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सोलापुर शहर के अध्यक्ष मोहसिन शेख, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा महाराष्ट्र राज्य के कार्यकारी संरक्षक जाकिर हुसैन डोका, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सोलापुर महिला शहर अध्यक्ष बिलकिस सैयद, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सोलापुर शहर सचिव करीम सैयद, हाजी अकील नलवार, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सोलापुर शामिल हैं।

### भाजपा की रणनीति धर्म के नाम पर पैसा खर्च करने की

मुख्यमंत्री ने निष्कर्ष निकाला कि बीजेपी की रणनीति धर्म के नाम पर पैसा खर्च करने की है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से इसे पहचानने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्तारूढ़ दलों ने प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध महाराष्ट्र को लूट लिया है और लोगों को जल्द ही जाग जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर तेलंगाना की योजनाएं लागू हुईं तो वहां की पार्टियां दिवालिया हो जाएंगी लेकिन जनता नहीं, लोगों के जीवन में दिवाली की रोशनी जगमग होगी।

# बंगाल पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई



**कोलकाता,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि दत्तपुकुर के आवासीय इलाके में फैक्ट्री चलाने के आरोपियों में से एक केरामत अली और फैक्ट्री के एक साझेदार समसुल अली ने बारासात मेडिकल अस्पताल में दम तोड़ दिया। रविवार के विस्फोट में कुल मिलाकर सात लोग हताहत हुए और सात लोग घायल हुए थे जिसमें से तीन महिलाएं थीं। यह विस्फोट सुबह करीब 10:30 बजे दत्तपुकुर थाना के अंतर्गत नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि विस्फोट से आग की लपटें नहीं उठीं, लेकिन पूरा इलाका घने काले धुएं से ढक गया।

- **जलकुंभी से भरे तालाब में एक क्षत-विक्षत शव मिला**

### घटनास्थल का दौरा करेंगे शुभेंदु

विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि वह घटनास्थल का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है, क्योंकि यह 'सीरियल ब्लास्ट' की श्रृंखला को जोड़ता है जो पश्चिम बंगाल में आए दिन होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मई के महीने में एगरा, बज बज और दुबराजपुर में भी विस्फोट हुए थे। उन्होंने ट्वीट किया, एक जून को नादिया जिले के महेशनगर में ऐसा विस्फोट हुआ था। मैं स्थिति और विस्फोटों की बार-बार होने वाली घटनाओं के बारे में बहुत चिंतित हूं। इसलिए मैंने कुछ कदम उठाने का फैसला किया है।

## आंध्र प्रदेश ने स्कूलों में मोबाइल फोन पर लगाया प्रतिबंध

**अमरावती,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य भर के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर विद्यार्थियों के स्कूलों में मोबाइल फोन लाने पर रोक लगा दी है। विभाग ने कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। शिक्षकों को कक्षाओं में जाने से पहले अपने सेल फोन हेडमास्टर के पास जमा कराने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने कहा कि यह प्रतिबंध यह सुनिश्चित करने के लिए लगाया गया है कि शिक्षण में कोई व्यवधान न हो। अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट के अनुसार की गई है। संयुक्त राष्ट्र निकाय ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगाने का समर्थन किया।

इसमें कहा गया है कि विश्व स्तर पर हर चार में से एक देश ने डेटा गोपनीयता, सुरक्षा और बच्चों की भलाई के लिए चिंता के कारण कानून या नीति के रूप में इस तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। यह देखते हुए कि शिक्षा में डिजिटल प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त मूल्य पर बहुत कम मजबूत सबूत हैं और बहुत सारे सबूत इसे बेचने की कोशिश करने वालों से आते हैं, यूनेस्को ने शैक्षिक सेटिंग्स में डिजिटल उत्पादों को अपनाने की अनियंत्रित जल्दबाजी के खिलाफ चेतावनी दी।

## गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत करेगी कर्नाटक सरकार : सिद्धारमैया

**मैसूर,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार 30 अगस्त को गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत करेगी। इसकी घोषणा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के मेगा लॉन्च कार्यक्रम में शामिल होंगे। सरकार की योजना के तहत बीपीएल परिवारों की महिला प्रमुखों को 2,000 रुपए मासिक दिया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार ने चुनाव के दौरान दी गई तीन गारंटी योजनाएं लागू की हैं। चौथी गृह लक्ष्मी योजना 30 अगस्त को मैसूरु शहर में लॉन्च की जाएगी। कार्यक्रम में मांड्या, मैसूरु, हासन, चामराजनगर और कूर्ग जिलों के लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि लॉन्च कार्यक्रम में 1 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। इसमें सांसद राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी भाग लेंगे। खड़गे इस योजना का उद्घाटन करेंगे और मैं राहुल गांधी की उपस्थिति में समारोह की अध्यक्षता करूंगा। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यह देश का एक बड़ा प्रोजेक्ट है।



- **कार्यक्रम में शामिल होंगे राहुल व खड़गे**

एक साल के लिए सरकार 32,000 करोड़ और इस साल के लिए सरकार 18,000 करोड़ रुपये का खर्च कर रही है। इसके तहत 1.33 करोड़ परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि गारंटी योजनाओं के लागू होने से हर परिवार के हाथ में 4,000 रुपए से 5,000 रुपए आएंगे।

मुहिम — *पुलवामा के पंपोर में कश्मीरी महिलाओं को सशक्त बनाने की मुहिम तेज*

# कश्मीरी केसर को यूरोपीय देशों में लोकप्रिय बनाने में जुटीं महक

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 28 अगस्त (देशबन्धु)। बढ़ती बेरोजगारी दर के बीच, दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले के पंपोर इलाके में महक मीर और उसका परिवार जैसे लोग केसर की खेती और निर्यात करके कई बेरोजगार लड़कियों की मदद करने के लिए नौकरी प्रदाता के रूप में स्थापित हो रहे हैं।

यूके से एमबीए और प्रेजेंटेशन कान्वेंट स्कूल, श्रीनगर की पूर्व छात्रा महक बताती हैं

30 साल की उम्र में, वह अपने पारिवारिक व्यवसाय, हर्ब हेवन का और विस्तार करने और अपने स्थानीय उत्पाद को विश्व बाजार के विभिन्न हिस्सों में ले जाकर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। महक के बकौल, यह हमारी चौथी पीढ़ी का पारिवारिक व्यवसाय है। हमारी कंपनी नवप्रवर्तन में बहुत सक्रिय है। हमने बाजार में केसर



- **केसर पाउडर बेचने वाली एकमात्र कश्मीरी व्यवसायी हैं महक**

युक्त शहद, केसर ड्राई फ्रूट, शहद और इंस्टेंट कहवा पेश किया है। इसके अलावा, उन्होंने केसर पाउडर भी पेश किया है और उसका निर्यात भी शुरू कर दिया है, जो अपनी तरह का पहला मामला है। चूंकि केसर को अन्य खाद्य पदार्थों के साथ मिलाना कठिन और समय लेने वाला काम है, इसलिए इसे आसान बनाने के लिए कंपनी ने केसर पाउडर को एक नए उत्पाद के रूप में पेश किया है।

वे बताती हैं कि हम केसर पाउडर बेचने वाले एकमात्र कश्मीरी व्यवसायी हैं। अपने दादा से प्रेरणा लेते हुए वह कहती हैं कि यह मेरे दादा अब्दुल रशीद मीर हैं जिन्हें कभी केसर किंग कहा जाता था जिन्होंने बाजार में अच्छे संपर्क विकसित किए और व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले गए। यूके से एमबीए और प्रेजेंटेशन कॉन्वेंट स्कूल, श्रीनगर की पूर्व छात्रा महक बताती हैं कि उनके परिवार का मुख्य ध्यान इस व्यवसाय के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार प्रदान करना है। महक के अनुसार, हमारे कर्मचारियों में से 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। अभी के लिए, हमारे दो लक्ष्य हैं, पहला हमारे कश्मीरी केसर को यूरोपीय देशों में लोकप्रिय बनाना और दूसरा हमारी कंपनी में महिलाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करना। वह आगे कहती हैं कि मैंने अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एमबीए को चुना ताकि ये दो लक्ष्य मेरे भाइयों के साथ पूरे हो सकें।

जिन्होंने पहले ही दुबई और कनाडा में हर्ब हेवन ब्रांड को लोकप्रिय बना दिया है। गौरतलब है कि एक दशक पहले कश्मीर में केसर की खेती करने वाले 22 हजार परिवार थे, लेकिन संख्या घटकर लगभग 16 हजार परिवार रह गई है। केसर सालाना लगभग 300 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न करता है। कृषि विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कश्मीर में केसर की खेती का रकबा 43.9 प्रतिशत घटकर 1996 में लगभग 5.707 हेक्टेयर से घटकर 3.200 हेक्टेयर रह गया है। कश्मीरी केसर के उत्पादन में पिछले दो दशकों में 65 फीसदी की गिरावट आई है, जो सालाना 16 मीट्रिक टन से 5.6 मीट्रिक टन हो गया है।

बिलसपुर, मंगलवार 29 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बोतल में लौटता नहीं यह जिन्न...

हरियाणा के नूंह (मेवात) में सोमवार को जिस तरह से शोभायात्रा निकालने के मामले में हिन्दू संगठन और प्रशासन आमने-सामने हैं, उससे साबित हो गया है कि कट्टरता का जिन्न एक बार बाहर निकले तो उसे वापस बोतल में डालना बहुत मुश्किल होता है। हर साल यहां श्रावण मास के अंतिम सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा बहुत प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से बड़ी तादाद में श्रद्धालु आते हैं। 31 जुलाई को यहां के नलहड़ मंदिर के पास निकली यात्रा के दौरान हुए पथराव व तत्पश्चात हुए साम्प्रदायिक दंगों के चलते इस बार प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी लेकिन हिन्दू संगठन इसे निकालने के लिए आमादा हैं जिन्होंने पहले ही चेता दिया था कि उन्हें किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। नूंह के साथ ही पूरे हरियाणा में इसे लेकर तनाव है। जुलाई की आग अभी पूरी तरह से शांत नहीं हुई है और यह नये तनाव का सबब बन गया है। सोमवार को यहां धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार तक इंटरनेट सेवाएं बन्द रखने का ऐलान कर दिया गया है ताकि अफवाहें न फैलें।

प्रशासन की इस बात से नाराज़ हिन्दू संगठनों का न सिर्फ नूंह में बड़ा जमावड़ा है वरन सटे हुए गुरुग्राम जिले के उस हिस्से में भी दहशत फैल गई है जहां झुग्गी बस्तियां हैं और जिनमें ज्यादातर अल्पसंख्यक बसते हैं। यह वही इलाका है जहां पिछले वक्त आगजनी हुई थी और कुछ लोग मारे गये थे। सोमवार की सुबह यहां हिन्दू संगठनों द्वारा दीवारों पर लिखा पाया गया कि वे (अल्पसंख्यक) इस इलाके को खाली कर दें क्योंकि यहां से शोभा यात्रा निकलेगी। वैसे यहां के अनेक लोग पिछले दंगों के समय से ही बस्तियां छोड़कर अन्यत्र जा चुके हैं। पुलिस के आला अफसरों ने आश्वस्त तो किया है कि वे (झुग्गीवासी) न घबरायें परन्तु पिछली वारदात का खौफ़ इतना है कि लोगों का पुलिस व स्थानीय प्रशासन पर से भी भरोसा उठ चुका है। इन इलाकों में पिछले कुछ समय से तनाव और डर का माहौल है।

राज्य सरकार हिन्दू संगठनों के आगे बेबस दिख रही है। प्रशासन ने शोभा यात्रा न निकलने देने के लिये पूरे इलाके में पुलिस की तैनाती की है, तो वहीं हिन्दू संगठन इस आदेश को न मानने पर आमादा हैं। वैसे नलहड़ मंदिर में पूजा के लिये प्रतीकात्मक रूप से 11 लोगों को अनुमति तो दी गई है पर इसे हिन्दू संगठन नहीं मान रहे हैं। उधर इस परिदृश्य में किसान नेता राकेश टिकैत की भी एंट्री हो गई है जिन्होंने कहा है कि अगर शोभा यात्रा निकाली गई या प्रशासन ने उन्हें अनुमति दी तो जवाब में किसान लाखों ट्रैक्टरों के साथ विशाल रैली निकालेंगे और महापंचायत भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई के अंत में हुए दंगों में किसान अल्पसंख्यकों के साथ थे। जाटों व मुस्लिमों की एकता से भारतीय जनता पार्टी के लोग और कट्टरवादी संगठन कमजोर पड़ गये थे।

पिछले कुछ समय से इस यात्रा के कारण मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर पसोपेश में हैं क्योंकि शोभा यात्रा को अनुमति न देने से हिन्दुओं की उन्हें चुनावों में नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। सरकार की पहले ही काफी भद्द भी पिट चुकी है। अगर शोभा यात्रा निकली और फिर से हिंसा हुई तो उसे सम्भाल पाना सरकार के लिये खासा मुश्किल होगा। नूंह जिला गुरुग्राम से लगा हुआ है जो देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। यहां दुनिया के कई महत्वपूर्ण उद्योग-धंधों के मुख्यालय व कारखाने हैं। देश के जिन तीन शहरों की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है उनमें एक गुरुग्राम भी है जहां होने वाली हिंसा का असर कारोबार जगत और भारत की छवि पर पड़ेगा।

उम्मीद तो है कि हिन्दू संगठन देश के अमन-चैन को ध्यान में रखकर इस शोभा यात्रा को सीमित व प्रतीकात्मक रूप से निकालेंगे और इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनायेंगे। प्रशासन को भी चाहिये कि वह अपने निर्देशों का पालन कड़ाई से करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि संविधान को लागू करने की जिम्मेदारी जिन पर है, वे अपने दायित्वों का पालन कर कानून व व्यवस्था का राज बनाए रखें। वैसे यह मामला इस बात का सटीक उदाहरण है कि कट्टरता को जब एक बार राज्य की ओर से बढ़ावा मिलता है तो उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। अनेक संगठन या व्यक्ति संविधान से ऊपर हो जाते हैं। धार्मिक संगठनों के हौसले पिछले कुछ समय से जिस बुलन्दी पर हैं, वह संविधान के लिये चुनौती बन गया है। ऐसे संगठन व लोग यह मानते हैं कि कानून का पालन करना उनके लिये आवश्यक नहीं है। पिछले कुछ समय से ऐसे अनेक दृष्टांत सामने आये हैं जब सत्ता व समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों की अपीलें भी काम नहीं आ रही हैं। एक बार तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों के उत्पीड़न से व्यथित होकर कह चुके हैं- 'दलितों को मारने से अच्छा है कि उन्हें (पीएम को) मार दें।' ऐसे ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी अपने लोगों को समझा चुके हैं कि 'मुस्लिम भी भाई ही हैं और इन्हें मारने वाले हिन्दू नहीं हो सकते।' जिस विचारधारा के लोग हिन्दू संगठनों को चला रहे हैं या उनके सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर भाजपा एवं संघ से जुड़े हैं। अपील करने वाले अपने-अपने संगठनों के शीर्ष पर हैं। जब उनका कहा बेअसर हो रहा है, तो हरियाणा के सीएम या प्रशासन की बिसात ही क्या है! नफरत और हिंसा का जिन्न वापस जाने के लिए बोतल से नहीं निकलता।

# कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है!

कोटा में कोचिंग कर रहे दो छात्रों ने इसी रविवार को आत्महत्या कर ली। एलन कोचिंग के छात्र, महाराष्ट्र के आविष्कार संभागी ने एक टैस्ट के बाद, अपने कोचिंग इंस्टीट्यूट की ही छत से जाकर छलांग लगा दी और अपनी जान दे दी। वह कोटा में अपने नाना-नानी के साथ रहकर, कोचिंग कर रहा था। उसी रोज, बिहार के आदर्श ने होस्टल के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इन दो युवाओं की आत्महत्या के साथ, इसी साल देश में कोचिंग उद्योग के सबसे बड़े केंद्र कोटा में, छात्रों की आत्महत्याओं का आंकड़ा 23 पर पहुंच गया है। और यह समस्या किस तरह विकराल से विकराल होती जा रही है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले साल कोटा में ही ऐसी आत्महत्याओं का आंकड़ा कुल 15 था। इस बार यह संख्या अब तक ही 23 तक पहुंच चुकी है, जबकि अभी अगस्त का महीना भी पूरा नहीं हुआ है और पूरा एक तिहाई साल आगे पड़ा हुआ है।

बेशक, इस विकराल रूप लेती समस्या के सामने अधिकारीगण जो भी हैं जो उन्हें सूझ रहा है, अपनी ओर से करने की कोशिश कर रहे हैं। एक ही दिन में दो छात्रों की आत्महत्या की खबर आने के बाद, कोटा के जिलाधिकारी ने एक एडवाइजरी जारी कर, कोटा के सभी कोचिंग इंस्टीट्यूटों से दो महीने तक नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी टैस्ट—एनईईटी) तथा आईआईटी-जी (जनरल एंट्रेंस टैस्ट) की कोचिंग कर रहे छात्रों के टैस्ट रोकने का आदेश दिया है। इससे पहले, 14 अगस्त को सामने आई एक और छात्र की आत्महत्या की घटना के बाद, जो कि अगस्त के महीने में ही ऐसी चौथी घटना थी, कोटा में कोचिंग छात्रों के होस्टलों के कमरों में छत से लटकने वाले पंखों में स्प्रिंग लगाने जैसे कदमों की शुरूआत की गई थी, जिससे छात्रों को आत्महत्या के इस अपेक्षाकृत आसानी से उपलब्ध साधन का सहारा लेने से रोका जा सके। इससे पहले से, ऐसी घटनाओं के बाद, हर बार इन छात्रों की काउंसिलिंग और यहां तक कि बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग के भी सुझाव दिए जाते रहे हैं, जिससे बच्चों पर किसी भी कीमत पर सफलता के दबाव और विफलता के डर को घटाया जा सके। बहरहाल, साफ है कि ये सभी उपाय/ सुझाव न सिर्फ बुरी तरह से विफल साबित हुए हैं बल्कि समस्या से दो-चार होने की किसी गंभीर कोशिश के बजाय, अगंभीर से लेकर हास्यास्पद ही साबित हुए हैं।

जाहिर है कि कोटा के कोचिंग छात्रों की या नीट, जी जैसी डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिले की परीक्षाओं में सफलता के लिए अन्यत्र कोचिंग का सहारा लेने वाले किशोरों व युवाओं की, बढ़ती संख्या को आत्महत्या के अंधेरे रास्ते पर धकेलने वाले कारकों की, अपनी भी कुछ विशिष्टताएं हैं, जो इन कोचिंग संस्थाओं के छात्रों की स्थिति को और भी खतरनाक बना देती हैं। फिर भी एक बात जिसकी चर्चा बहुत कम ही होती है, यह है कि इसका सीधा संबंध डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं को, सबके लिए समान स्तर सुनिश्चित करने के नाम पर, ज्यादा से ज्यादा एकीकृत किंतु वास्तव में केंद्रीयकृत किए जाने की राजकीय नीति से भी है। यह ऐसी राजकीय नीति है जिसे आमतौर पर उदारीकरण की नीतियों तथा खासतौर पर प्रोफेशनल शिक्षा के अंधाधुंध निजीकरण की नीतियों के जरूरी हिस्से के तौर पर, पिछले दो-तीन दशकों में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। यह प्रवृत्ति न सिर्फ इस कोचिंग उद्योग के तेजी से फलने-फूलने के लिए रास्ता बना रही है, युवा आत्महत्याओं की बढ़ती महामारी को भी तेजी से देश भर में फैला रही है।

प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं के बढ़ते केंद्रीयकरण और युवाओं की बढ़ती आत्महत्याओं के इस सीधे रिश्ते का सबसे प्रत्यक्ष सबूत, मेडिकल शिक्षा में दाखिले की नीट नामक परीक्षा है। नीट परीक्षा की शुरूआत से देश के कई हिस्सों में और खासतौर पर तमिलनाडु में इस परीक्षा को थोपे जाने के खिलाफ शीर्ष राजनीतिक स्तर तक से आवाजें उठती रही हैं। और इसकी एक वजह यह भी है कि तमिलनाडु पर इस परीक्षा के थोपे जाने की शुरूआत ही, मेडिकल की पढ़ाई के लिए दाखिले के लिए उत्सुक, प्रतिभाशाली बच्चों-बच्चियों की आत्महत्याओं से हुई थी और हर साल यह परीक्षा तमिलनाडु में कुछ न कुछ जानें निगल ही लेती है। इसी साल, 15 अगस्त से ठीक पहले इस परीक्षा के नतीजों के साथ आई बहुत ही हृदयविदारक घटना में, दो बार की विफलता के बाद, जगदीश्वरन नामक किशोर ने ही अपनी जान नहीं दे दी, उसकी आत्महत्या से विचलित उसके पिता ने भी, उसकी आत्महत्या के चंद घंटों में ही अपनी जान दे दी। इस तरह, इस परीक्षा ने क्रूर काल बनकर पूरे के पूरे परिवार को ही खत्म कर दिया। इस घटना से विचलित, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने न सिर्फ जल्द ही नीट का ही अंत हो जाने की भविष्यवाणी की है बल्कि यह भी याद दिलाया है कि तमिलनाडु ने अब तक इस परीक्षा के ही हाथों, अपने 16 प्रतिभाशाली बच्चों को हमेशा के लिए खोया है।

बेशक, यह कहा जा सकता है कि इतने बड़े देश में, इतने सारे बच्चे प्रतिष्ठित शिक्षा धाराओं में प्रवेश चाहने वाले होंगे। लेकिन, सब को तो प्रवेश नहीं दिया जा सकता है। जिन्हें प्रवेश नहीं मिलता है, वे अगर आत्महत्या करने पर उतर आएं, तो इसमें प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था क्या कर सकती है? सीमित मौकों के हिसाब से छंटनी जरूरी है। और पूरे देश के लिए समान प्रवेश परीक्षा ही न्यायपूर्ण तथा तार्किक तरीके से यानी कम प्रतिभावानों को अलग करने के जरिए, छंटाई का यह काम कर सकती है। बहरहाल, तमिलनाडु का उदाहरण बताता है कि प्रतिभावानों को छांटने की यह पूरी दलील ही कागजी और झूठी है।

यह एक जानी-मानी शिक्षाशास्त्रीय सच्चाई है कि कोई भी परीक्षा, सीमित हद तक ही प्रतिभा की जांच कर पाती है। और हमारे जैसे बहुत भारी विविधताओं वाले देश में तो ऐसी परीक्षाओं की उपयोगिता और भी सीमित है। यहां परीक्षा का दायरा जितना ज्यादा फैलता जाएगा, प्रतिभा या उपयुक्तता की जांच की उसकी क्षमता उतनी ही घटती जाएगी। अलग-अलग भाषाओं में पढ़ाई कराने वाले, एक हद तक अलग-अलग पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले राज्यों के लिए, एक अखिल भारतीय परीक्षा का विचार ही बहुत खोखला और वास्तव में नुकसानदेह है। याद रहे कि तमिलनाडु में नीट-विरोधी आंदोलन की शुरूआत, जिस छात्रा की आत्महत्या से हुई थी, वह राज्य में उस वर्ष से पहले तक चालू पात्रता चयन व्यवस्था के हिसाब से, मेडिकल कालेज में दाखिले की अपनी पात्रता पहले ही साबित कर चुकी थी। इसके बाद भी, जब नीट के आधार पर उसे अपात्र बना दिया गया, उसका दिल टूट गया और उसने अपनी जान दे दी। इसीलिए, जनतांत्रिक छात्र आंदोलन समेत, वास्तव में जनतंत्र की कद्र करने वाली तमाम ताकतें, नीट जैसी केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षाओं का विरोध करती आई हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से एकरूपता को एकता का पर्याय मानने वाली देश की मौजूदा सरकार, ऐसी परीक्षाओं की सीमाओं को लेकर बार-बार चेताए जाने के बावजूद, ऐसी परीक्षाओं का दायरा बढ़ाती ही जा रही है। देश भर के लिए केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, इसी युवाघाती अभियान का एक और उदाहरण है। हां! केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, नीट की जितनी जानलेवा शायद न साबित हो क्योंकि विश्वविद्यालय की शिक्षा में प्रवेश मिलने न मिलने से, नीट जैसी जानलेवा अपेक्षाएं नहीं लगी हुई हैं। लेकिन, इसीलिए इस परीक्षा ने अपने शुरूआती वर्षों में ही लाखों की संख्या में छात्रों को विश्वविद्यालयी पढ़ाई से दूर खदेड़ दिया है और यह पढ़ाई करने वालों के दायरे को, जो इस देश में पहले ही बहुत सीमित था, और भी सीमित करना शुरू कर दिया है।

बहरहाल, कोटा कोचिंग छात्रों और आम तौर पर कोचिंग छात्रों की आत्महत्याओं पर लौटें। ये छात्र कौन हैं? बेशक, कोचिंग की पढ़ाई और खासतौर पर कोटा जैसे केंद्रों में कोचिंग की पढ़ाई, काफी महंगी है। यह दूसरी बात है कि यह कोचिंग जिस डाक्टरी, इंजीनियरी आदि की पढ़ाई के लिए दाखिले की है, वह पढ़ाई भी अब देश में आय के अनुपात में काफी महंगी हो चुकी है। निजीकरण ने इन प्रोफेशनल कोर्सों की पढ़ाई को इतना महंगा बना दिया है कि साधारण मध्यवर्गीय परिवार तक, इस पढ़ाई का बोझ आसानी से नहीं उठा सकता है, फिर साधारण मेहनतकश परिवारों की तो बात ही क्या करना। पहले कोचिंग का खर्च और फिर दाखिला मिल जाए तो पढ़ाई का खर्च, दोनों को उठाना संपन्नतर परिवारों के लिए ही संभव है। हां! इस संबंध में दो अलग-अलग या दोनों एक साथ चलने वाले विकल्प भी देखने को मिलते हैं। पहला, दाखिले की सूरत में पढ़ाई के लिए कर्ज का बोझ बच्चे के ऊपर डाला जा सकता है, जो नाकामयाबी के डर को जानलेवा बना सकता है। दूसरे, साधारण परिवार, बच्चा अगर पढ़ाई में अच्छा नजर आता हो तो, उसके दाखिले को ही अपनी आर्थिक मुक्ति का इकलौता रास्ता मानकर, घर-जमीन या दूसरे सभी साधन बेचकर, बच्चे की महंगी पढ़ाई का बंदोबस्त कर सकता है। कोचिंग के मामले में तो खासतौर दूसरा ही विकल्प संभव है क्योंकि कोचिंग के लिए बैंक से शिक्षा ऋण नहीं मिल सकता है। दोनों ही सूरतों में परिवार की अपेक्षाओं का असह्य बोझ, किशोरों-युवाओं को विफलता की जरा सी फिसलन या आशंका भर से, आत्मघात की अंधेरी खाई में धकेल सकता है। हैरानी की बात नहीं है कि अपेक्षाकृत साधारण परिवारों से आने वाले बच्चे ही, कोई और रास्ता ही नहीं दिखाई देने के चलते, हताशा में आत्मघात की खाई में ज्यादा छलांग लगाते हैं।

ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2019 में देश भर में आत्महत्याओं की संख्या 1.3 लाख थी, जो 2020 में बढ़कर 1.5 लाख हो गई और 2021 में और बढ़कर 1.64 लाख हो गई यानी 2020-2021 के बीच ही, पूरे 7.1 फीसद बढ़ गई। फिर भी प्रतिभाशाली किशोरों-युवाओं की जान लेने वाला चेहरा, मौजूदा व्यवस्था का सबसे हिंसत, सबसे क्रूर चेहरा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**



राजेन्द्र शर्मा

**ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है।**

# नवीनतम चीन-भूटान सीमा वार्ता के नतीजे से भारत के लिए चिंता का विषय

■ गिरीश लिंगन्ना

हिमालय में, दो एशियाई महाशक्तियों, भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से संवेदनशील भौगोलिक स्थिति में बसा है। वर्षों से दिल्ली अपनी भू-राजनीतिक मजबूरियों के कारण थिम्पू को सैन्य और आर्थिक सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर की पेशकश करती रही है। भारत और भूटान दोनों को अभी भी चीन के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे भूमि सीमा विवाद को सुलझाना बाकी है, जो भूटान के उत्तर और पश्चिम में हिमालय के क्षेत्र पर सीमा समझौते पर पहुंचने के लिए दबाव डाल रहा है। संभावित समाधान के लिए भूटान के दीर्घकालिक सहयोगी, भारत की अंतर्निहित मंजूरी की भी आवश्यकता होगी।

21-24 अगस्त तक बीजिंग में भूटान और चीन के बीच आयोजित 13वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) के अंत में, जो सीमा वार्ता की प्रगति की निगरानी करती है, दोनों देशों ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि वे वार्ता की गति बढ़ाने पर सहमत हुए हैं, अपने लंबे समय से लंबित सीमा विवाद के समाधान के लिए 'तीन-चरणीय रोडमैप' बनाने के लिए एक साथ कदम उठायेंगे। चालू वर्ष में आयोजित यह तीसरी विशेषज्ञ समूह (ईजीएम) की बैठक थी।

संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पिछली ईजीएम में हुए समझौते के आधार पर रोडमैप को लागू करने पर 'स्पष्ट, मैत्रीपूर्ण और रचनात्मक चर्चा' की थी। बयान में कहा गया, '13वीं ईजीएम के महत्वपूर्ण परिणामों में से एक चीन-भूटान सीमा के परिसीमन पर संयुक्त तकनीकी टीम की स्थापना है, जिसने ईजीएम के मौके पर अपनी पहली बैठक की।'

चीन और भूटान के बीच सीमा वार्ता 1984 से एक सतत प्रक्रिया रही है क्योंकि दोनों देश डोकलाम क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। भारत ने हमेशा से ही उसके रुख का समर्थन किया है। चीनी अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर नजर रखने वालों का कहना है कि चीन और भूटान 1996 के आसपास एक अंतिम समझौते पर पहुंचने के बहुत करीब आ गये थे,लेकिन भारत की रणनीतिक दखल के कारण वार्ता विफल हो गयी। 1984 के बाद से चीन और भूटान के बीच 24 दौर से अधिक सीमा वार्ता के अलावा 12 दौर की विशेषज्ञ स्तर की बैठकें हो चुकी हैं। मई 2023 में, 12वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित की गई थी, 11वीं ईजीएम वार्ता चीन की राजधानी और युनान प्रांत के सबसे बड़े शहर कुनमिंग में आयोजित होने के ठीक चार महीने बाद हुई थी।

जैसे ही थिम्पू दौर की चर्चा समाप्त हुई, भूटान और चीन दोनों ने कहा कि 'तीन-चरणीय रोडमैप' को लागू करने की दिशा में प्रगति हुई है जो उनके सीमा विवाद को सुलझाने में मदद करेगा। दो साल के लंबे अंतराल के बाद जनवरी 2023 में 11वीं ईजीएम के बाद अप्रैल 2021 में 10वीं ईजीएम हुई। इसे देखते हुए, यह महत्वपूर्ण लगता है कि मई 2023 में 12वें दौर के बाद, 13वां दौर केवल तीन महीनों के भीतर- और चीनी राजधानी में- वार्ता में और अधिक तेजी से विकास का संकेत दे रहा है।

इस विवाद की जड़ें भारत और चीन के बीच तीखी सीमा वार्ता में हैं। दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।

भारत की हिमालयी सीमाओं पर निर्भीक और बेधड़क चीनी घुसपैठ के कारण क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी सैन्य जमावड़े हुए और कभी-कभी झड़पें भी हुईं। 2017 में चीन-भारत सीमा पर झड़प, जिसे 'डोकलाम गतिरोध' कहा गया, भारत और चीन के बीच एक सैन्य झड़प थी। डोकलाम में सड़क बनाने की चीनी कोशिशों ने विवाद को भड़का दिया। 16 जून, 2017 को, चीनी सैनिकों ने बुलडोजर, क्रेन, उत्खननकर्ता, फोर्कलिफ्ट और डंप ट्रकों के साथ डोकलाम में पहले से मौजूद सड़क को दक्षिण तक विस्तारित करने का काम शुरू किया। 18 जून, 2017 को, भारत ने 'ऑपरेशनजुनिपर' के रूप में अपनी प्रतिक्रिया शुरू की, जब लगभग 270 सशस्त्र भारतीय सैनिकों ने अनुचित चीनी गतिविधि को रोकने के लिए केवल दो बुलडोजरों के साथ सिक्किम सीमा पार डोकलाम में हमला किया। हालांकि, 28 अगस्त को दोनों देशों ने सेना वापसी की घोषणा की।

भारत-चीन सीमा संकट सीमांकित त्रिकोणीय जंक्शन के पश्चिम में भारत के सिक्किम राज्य, उत्तर में चीन के कब्जे वाले तिब्बत की चुम्बी घाटी और पूर्व में भूटान की हा घाटी पर पहुंच गया है। इस त्रि-जंक्शन के सटीक स्थान को लेकर भारत और चीन के बीच लंबे समय से टकराव चल रहा है। भूटान-चीन सीमा प्रश्न का दशकों पुराने भारत-चीन सीमा संकट से सीधा संबंध है। दोनों देश एक सीमा साझा करते हैं जिसका पर्याप्त रूप से सीमांकन नहीं किया गया है, इसलिए इस क्षेत्र पर दोनों देशों के दावे एक-दूसरे के क्षेत्र तक होते हैं। भारत का अनुमान है कि यह 3,488 किलोमीटर लंबा होगा, जबकि चीन का कहना है कि यह 2,000 किलोमीटर है। वर्तमान यथास्थिति सीमा भारत के उत्तर में लद्दाख क्षेत्र में स्थित है और पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक जाती है - जो कि विवादित भी है क्योंकि चीनी इसे 'दक्षिणी तिब्बत' कहते हैं।

बीबीसी के अनुसार, चीन पश्चिमी भूटान में लगभग 269 वर्ग किमी और उत्तर-मध्य भूटान में 495 वर्ग किमी पर अपना दावा करता है। 2020 में, चीन का दुस्साहस पूर्वी भूटान में सकतेंग वन्यजीव अभयारण्य में 739 वर्ग किमी क्षेत्र तक फैल गया, और दावा किया कि यह मुख्यभूमि चीन का हिस्सा है, हालांकि अधिकांश आधिकारिक चीनी मानचित्रों में सकतेंग को भूटान का हिस्सा दिखाया गया है। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश सहित विशाल क्षेत्रों का दावा करने वाले चीन के सबसे महत्वाकांक्षी और विवादास्पद 2014 के नक्शे में, साकतेंग पार्क को भूटान का हिस्सा दर्शाया गया था।

डोकलाम पर थिम्पू के रुख का समर्थन करने के लिए दिल्ली के पास ठोस कारण हैं। यदि चीन के मंसूबे सफल होते हैं, तो भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह पठार बीजिंग को भारत के लिए सबसे संवेदनशील भौगोलिक बिंदुओं में से एक - सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है - 22 किलोमीटर की संकीर्ण भूमि पर दिल्ली के मुकाबले फायदेमंद रहेगा। यह भूमि पुल मुख्य भूमि भारत को उत्तर-पूर्व में उसके 'सतबहनी' राज्यों से जोड़ता है।

उपग्रह चित्रों सहित महत्वपूर्ण डेटा से संकेत मिलता है कि चीन संप्रभु भूटानी क्षेत्र के अंदर बुनियादी ढांचे-यहां तक कि छोटे गांवों- के निर्माण में लगा हुआ है। बताया जाता है कि भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने मार्च 2023 में एक साक्षात्कार में बेल्जियम के दैनिक ला लिब्रे को बताया था, 'जैसा कि मीडिया में बताया गया है, भूटानी क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं हुई है'। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भूटान और चीन कुछ बैठकों में कुछ सीमाओं के सीमांकन में साझा आधार ढूंढ लेंगे।

इससे संकेत मिलता है कि शेरिंग संभवत: चीन के दबाव के आगे झुक रहे थे और सीमा मुद्दे को 'हल' करने के लिए क्षेत्र छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, एक ऐसा कदम जिसने भारत के सुरक्षा प्रतिष्ठान में खतरे की घंटी बजा दी। 2012 के भारत-चीन समझौते में कहा गया है कि, भारत-चीन और किसी तीसरे देश के बीच साझा सीमाओं पर, सीमा का सीमांकन सभी संबंधित पक्षों की सहमति पर किया जायेगा। इसलिए, सीमा विवाद को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से तभी हल किया जा सकता है जब तीनों देश-भारत, भूटान और चीन- आम सहमति से किसी निर्णय पर पहुंचने में कामयाब होंगे।

**दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।**

## गुरवाणी विचार

### कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया पूछे तो किया कहिये

सचा सौदा हरिनाम है, सच्चा वापरा राम।
गुरमति हरि नाम नजलिये अति माल अफारा राम।
अंतर बाहर भगती राते सचि नाम लिव लागी।
नदरि करे कोई सच पाये गुरु के शबद वीचारा।
नानक नाम रते तिन ही सुख पाया- साचै के वापारा।

इस शब्द में तीसरे नानक गुरु अमरदास जी मानवमन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि प्रभु के नाम की सच्ची खरीद ही प्रभु का साचा व्यापार है और यही सबसे उत्तम व्यापार है इसी के द्वारा हमें आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। गृहस्थ में रहकर गुर सीख ने अपनी और अपने परिवार की उपाजीविका चलाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार विहार करने हैं। तथा अपना और अपने परिवार का उदर पोषण करना है। परन्तु ये सब सही और ईमानदारी के साथ करना है और उसमें से दसबंध निकालकर जरूरतमंदों की दीनदुखियों की सेवा में लगाना है परन्तु माया कमाने के चक्कर में इतना गलतान नहीं हो जाना है कि अपने जनक को भी विसार दो-

दात पियारी विसरिया दातारा। माया है ही महा मोहिनी आदमी दस हजार कमाता है तो फिर लाख कमाने की तरफ दौड़ पड़ता है और इस तरह इस माया की अंधी दौड़ में ही फंसकर रह जाता है-

सहस्र कटे लख को उठि धावै।
तिरपत न आवै माया पाछै पावै।।

इसलिए हमें इस माया के मोह जाल में ही उलझ कर नहीं रह जाना है बल्कि कमाने के साथ साथ उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस प्रभु परमात्मा को एकमात्र याद करने का तरीका है पभु सिमरन बंदगी हमें जहां पर प्रभु संकीर्तन होात हो जाना चाहिए प्रभु महिमा कथा, कीर्तन श्रवण करते रहना चाहिए प्रभु महिमा वाली पुस्तकें पढ़ते रहना चाहिए ताकि हमारा मन उसमें रम जाए और शनै:शनै: हम अपने मन मंदिर में पभु परमात्मा हर जीव के अंतर आत्मा में मौजूद है हमें प्रयास कर उसे खोजना है और उसकी प्राप्ति हो जाए तो फिर उसका बखान उसी तरह नहीं किया जा सकता जिस तरह एक गूंगा व्यक्ति मिठाई या गुड़ खा ले तो उसके स्वाद का बखान नहीं कर सकता-

कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया
पूछे तो किया कहिये।।

इस तरह हमारा सही मायने में व्यापार प्रबु सिमरन कर उसकी प्राप्ति ही होना चाहिए। तभी हम प्रभु सिमरन कर उसकी प्राप्ति कर आनंदपूर्वक इस संसार में जीवनयापन कर सकेंगे और प्रभु के साचे दरबार में जाने पर जगह प्राप्त कर सकेंगे और यह तभी संभव है जब प्रभु परमात्मा की हम पर नजरें इनायत हो जाए।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### मनाने के साथ समझने होंगे रक्षा बंधन के मायने ?

भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के सभी रिश्तों में सबसे ऊपर है। हो भी न क्यों? भाई-बहन दुनिया के सच्चे मित्र और एक-दूसरे के मार्गदर्शक होते हैं। जब बहन शादी करके ससुराल चली जाती है और भाई नौकरी के लिए घर छोड़कर किसी दूसरे शहर चला जाता है तब महसूस होता है कि भाई-बहन का ये सर्वोत्तम रिश्ता कितना अनमोल है। सरहद पर खड़ा एक सैनिक भाई अपनी बहन को कितना याद करता है और बहनों की ऐसे वक्त क्या दशा होती है? इसके लिए शब्द नहीं है। यह पर्व उस अनमोल प्रेम का, भावनाओं का बंधन है जो भाई को सिर्फ अपनी बहन की नहीं, बल्कि दुनिया की हर लड़की की रक्षा करने हेतु वचनबद्ध करता है।

रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहनें भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। राखी सामान्यत: बहनें भाई को ही बांधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बांधी जाती है। वास्तव में ये त्योहार से रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है, जो किसी की भी रक्षा करने को प्रतिबद्ध करता है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। इस पावन त्योहार का अपना एक अलग स्वर्णिम इतिहास है, लेकिन बदलते समय के साथ बाकी रिश्तों की तरह इसमें भी बहुत से बदलाव आए हैं। जैसे-जैसे आधुनिकता हमारे मूल्यों और रिश्तों पर हावी होती जा रही है। संस्कृति में पतन के फलस्वरूप रिश्तों में मजबूती और प्रेम की जगह दिखावे ने ले ली है। आज के बदलते समय में इस त्योहार पर भी आधुनिकता हावी होने लगी है, तब से आज तक यह परंपरा तो चली आ रही है लेकिन कहीं न कहीं हम अपने मूल्यों को खोते जा रहे हैं। राखी का ये अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता, अटूट रिश्ते कैसे बन पाएंगे। इतिहास में कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमें युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्रीकृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी में से एक टुकड़ा बांध दिया था, और इस उपकार के बदले श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट में द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। रक्षा बंधन की कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़ कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था।

कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अत: उसने मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुंच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की।

परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। आज एक बार फिर भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नोचा जा रहा है।

-प्रियंका सौरभ

देशबन्धु संस्कारधानी

मंगलवार 29 अगस्त 2023

5 बिलासपुर


उल्टा पुल्टा

पत्नी - मैं बचूंगी नहीं, मर जाऊंगी...
पति - मैं भी मर जाऊंगा।
पत्नी- मैं तो बीमार हूं इसलिए मर जाऊंगी, तुम क्यों मर जाओगे?
पति - क्योंकि, मैं बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगा!

# सितंबर के पहले सप्ताह में होगी बारिश

## अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 33.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

### बारिश नहीं होने से बढ़ी उमस, लोग हलाकान



**बिलासपुर**, 28 अगस्त ( देशबन्धु) । मानसून की दृष्टि से अंतिम सप्ताह ढीला, माहांत तक कम है वर्षा की संभावना मौसम पस्त नजर आ रहा है। वातावरण से नमी गायब हो रही है। अगस्त विदाई की बेला पर है। मानसून की दृष्टि से अंतिम सप्ताह ढीला नजर आ रहा है। मौसम विज्ञानियों की मानें तो इस सप्ताह वर्षा की संभावना कम है। आसमान साफ रह सकता है। प्रकृति में हरियाली बनी रहेगी।

मौसम में बदलाव का दौर प्रारंभ हो गया है। मानसूनी गतिविधियों पर अल्प विराम लग गया है। न्यायधानी में तीन दिनों से वर्षा की स्थिति शून्य है। उमस का अहसास होने लगा है। दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 33.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक मानसून द्रोणिका का पश्चिमी छोर हिमालय की तराई में बना हुआ है और पूर्वी छोर माध्य समुद्र तल पर गोरखपुर, दरभंगा, बालूरघाट और उसके बाद पूर्व की ओर मणिपुर तक स्थित है।

जिसके कारण वर्षा की संभावना बन सकती है लेकिन अभी दो तीन दिनों में मुश्किल है।सितंबर के पहले सप्ताह में वर्षा की आस मौसम विशेषज्ञ सिराज खान का कहना है कि दो सितंबर से सात सितंबर या उसके बाद तक बंगाल की खाड़ी में बनने वाले निम्न दाब का क्षेत्र के कारण छत्तीसगढ, पूर्वी मध्य प्रदेश व पूर्वी विदर्भ में हल्की से मध्यम वर्षा गरज-चमक के साथ होने की संभावना है। मानसून टर्फ लाइन का पश्चिमी छोर हिमालय की तराई क्षेत्र में स्थित होने के कारण निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम की दिशा में ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाएगा। इसलिए पूर्वी व मध्य भारत में सितंबर के पहले सप्ताह में अच्छी वर्षा होने की आशा है।

**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 33.2 | 26.0 |
| पेंड्रारोड | 32.3 | 23.2 |
| अंबिकापुर | 29.6 | 23.6 |
| माना | 32.0 | 25.0 |
| जगदलपुर | 30.5 | 21.9 |

## संपादकीय

### भू-माफियाओं पर नकेल जरूरी

*आर्थिक-सामाजिक विकास के साथ शहरीकरण में भी तेजी आई है। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद शहरों के विस्तार के साथ कई कस्बे शहर हो गए। यह विकास की एक स्वाभाविक प्रकिया है पर इस प्रक्रिया में कुछ ऐसे लोग भी घुस आए हैं, जो नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसका एक रूप भू-माफिया के रूप भी देखा जाता है। किसी की जमीन बेचने-खरीदने का एग्रीमेंट कर उस पर कब्जा कर लेने जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। ऐसे मामले पुलिस में पहुंच रहे हैं, कुछ कार्रवाइयों भी हो रही है, लेकिन इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा सकें हैं। इससे भू-माफियाओं का हौसला बढ़ा है। शहरों के आसपास अवैध प्लाटिंग की बाढ़ आ गई है। ऐसे सैकड़ों मामले दर्ज भी हैं पर इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे अवैध बसाहटों की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसी बसाहटों में गाढ़े पसीने की कमाई लगाकर लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहीं जलभराव की समस्या है तो कहीं लोगों के आने-जाने के रास्ते बंद किए जा रहे हैं। किसी नई बसाहट को हटाना या दुरूस्त करना आसान नहीं होता। शासन-प्रशासन को ऐसी अवैध बसाहटों को रोकने का प्रयास करना चाहिए। सरकार ने रियल एस्टेट रेग्युलेटरी अथार्टी (रेरा) का गठन इसी उद्देय से किया था। किसी कालोनाइजर को अपना काम शुरू करने से पहले उसके ले-आउट साथ ही रेरा में पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ रेरा में जितने कालोनाइजर पंजीकृत नहीं हैं, उससे अधिक अपंजीकृत कालोनाइजरों की संख्या हो गई है। ऐसी कालोनियां में बिजली,पानी, सड़क तक की सुविधा नहीं है। लोगों को अपना घर चाहिए। वे कम कीमत के झांसे में आकर फंस जाते हैं। सभी शहरों में ऐसी बसाहटों की जांच करानी चाहिए और उन बसाहटों को नियमित करके आगे ऐसी बसाहटों को सख्ती से रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। ग्राम एवं नगर निवेश को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। उसके पास हर शहर का मास्टर प्लान होता है। वह यह देख सकता है कि कोई शहर किस तरह विकसित हो रहा है। मास्टर प्लान के मुताबिक किसी शहर के विकास की जो परिकल्पना की गई, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है? बिलासपुर शहर की एक कालोनी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनकी शिकायत है कि कालोनाइजर ने उनके निस्तार की सड़क बंद कर दी। नगर निगम प्रशासन सड़क खोलने के अपने आदेश का पालन नहीं करा पा रहा है। इसके पीछे भी जमीन के स्वामित्व की बात उठाई जा रही है। इस तरह के विवाद कइयों हैं। आगे चलकर ये विवाद झगड़े-फसाद का बड़ा कारण बन सकते हैं। बिलासपुर शहर जमीन विवाद में ही दिनदहाड़े गोलीकांड का गवाह बन चुका है। इससे भाड़े के हत्यारे पकड़े गए थे। उन्हीं दिनों मुख्यमंत्री का प्रवास हुआ था और इस गोलीकांड के कारणों तथा पुलिस की कार्रवाई पर बड़ी बैठक हुई थी। कलेक्टर-एसपी से कहा गया था कि जमीन संबंधी मामलों को वे देखें और ऐसे विवादों के संगीन अपराधों का रूप लेने से रोकें। इसके बाद भी न तो अवैध प्लांटिंग रूकी और न ही अवैध बसाहटों का सिलसिला रूका।*

## सार-संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




**बिलासपुर** , 28 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला एवं पोस्टर के माध्यम से आम नागरिकों को निर्वाचन में निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया। जिले में आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक स्तर पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में हाई स्कूल मोपका के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मोपका चौक एवं मोहल्ले में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया। शासकीय हाई स्कूल लिंगियाडीह के बच्चों ने भी लिंगियाडीह गांव के नुक्कड़ों में जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया। मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र, पीएनएस महाविद्यालय एवं एसबीटी कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा बृहस्पति बाजार में मतदाता जागरूकता हेतु रैली निकाली गई एवं मानव श्रृंखला बनाकर मताधिकार का उपयोग करने का महत्व बताया। शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता हेतु पोस्टर बनाकर लोगों से मतदान करने की अपील की।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी -दीपायन



**बिलासपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा तैयारियों में जुटी है। चुनावी रण को फतह करने के लिए भाजपा के प्रवासी विधायक विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर कांग्रेस सरकार की कमियों को उजागर करने और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार का काम कर रहे हैं। इस दौरान मस्तूरी असम से आए प्रवासी विधायक दीपायन चक्रवर्ती ने भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान असम के प्रवासी विधायक दीपायन ने भाजपा कार्यालय मस्तूरी में प्रेसवार्ता की। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर कटाक्ष किया। दीपायन बोले की आज भी छत्तीसगढ़ में लोग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया की केंद्र सरकार हर घर जल, हर घर नल, उज्ज्वला योजना, कौशल विकास, शिक्षा, चिकित्सा जैसी विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है, लेकिन राज्य सरकार उन योजनाओं को सफल नहीं होने दे रही है । जिसके चलते प्रदेश वासियों को योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में हर घर जल, हर घर नल योजना में भारी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच कराई जाएगी। और कोई दोषी नहीं को नहीं बक्शा जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विधायक प्रवास अभियान के तहत, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संगठन की स्थिति और कार्यक्ताओं की सक्रियता का मूल्यांकन मैने किया है। इस अभियान के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं की स्थिति और गरीब जनता के प्रति लाभ की स्थिति की जांच की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने कई महत्वपूर्ण जन-उपयोगी योजनाओं को रोककर, गरीब जनता को उनके हक से महरूम किया जा रहा है। भाजपा शासन काल में बनाए गए अनेकों जन उपयोगी भवन हॉस्पिटल आदि उपयोग नहीं किया गया जिसके चलते आज वह जर्जर हालत में है। किसानों की जीवनदशा का भी सटीक अवलोकन दिखाता है कि उनकी समस्याएँ और आपातकालिकता को मदद की आवश्यकता है। लोग पेंशन की योजनाओं के लिए भटक रहे हैं। ।

# सीयू में दसवें दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में

### राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि



**बिलासपुर**,28 अगस्त ( देशबन्धु) । गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) का दसवां दीक्षांत समारोह दिनांक 01 सितंबर, 2023 को सुबह 10 बजे रजत जयंती सभागार में आयोजित होगा। दसवें दीक्षांत समारोह की भव्यता एवं गरिमा को दृष्टिगत रखते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपूर्ण विश्वविद्यालय प्रांगण तथा विशेष रूप से समारोह स्थल रजत जयंती सभागार में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

आज कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने विभिन्न समितियों के समन्वयकों व सदस्यों के साथ बैठक कर समीक्षा की। उन्होंने रजत जयंती सभागार का निरीक्षण करते हुए मंच व्यवस्था, अतिथियों के आवागमन एवं बैठक व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित समन्वयकों से अपडेट लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये ।कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव एवं सम्मान का पल है कि हमारी राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य आना स्वीकार किया है। यह हम सभी का दायित्व है कि हम इस गरिमामय समारोह को सफल बनाने के लिए पूर्ण मनोयोग एवं सकारात्मकता के साथ प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में तैयारियां अंतिम दौर में हैं और हम अपने सभी अतिथियों के स्वागत हेतु तत्पर और उत्साहित हैं ।समूचे विश्वविद्यालय परिसर को संवारने का काम जोरों पर है। इसी क्रम में कुलपति ने कोनी मुख्य मार्ग से विश्वविद्यालय स्थित बाबा गुरु घासीदास जी की प्रतिमा तक कुलसचिव सहित दसवें दीक्षांत समारोह के संयोजक व समन्वयकों के साथ आगन्तुकों हेतु की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओँ का पैदल चलते हुए निरीक्षण किया एवं तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया।

## भारतीय नगर में नारी मंडली ने रिमझिम उत्सव मनाया



बिलासपुर,28 अगस्त ( देशबन्धु) । रविवार को मेन्स मिडोस क्लब हाउस, भारतीय नगर, बिलासपुर में बड़े ही उल्लास पूर्वक संपन्न हुआ । इस आयोजन में भव्य रूप से कालोनी की महिलाओं ने सहभागिता निभाई तथा सभी ने डेस कोड के अनुसार साड़ी पहन कर अपनी एकता का परिचय दिया आयोजन की शुरुआत सभी को फूल देकर और तिलक लगाकर किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह में मेन्स मिडोस नारी मंडली द्वारा सावन मिलन का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं के लिए रिमझिम क्वीन, हाऊजी,एक मिनट खेल आदि खेलें गए तथा सभी सदस्यों ने सावन के गीत ,नृत्य और व्यंजनों का जी भरकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में सम्पन्न हुए प्रतियोगिताओं में रिमझिम क्वीन श्रीमती चित्रा बरखा क्वीन श्रीमती गीता पटेल,तथा मेघा क्वीन श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव बनीं। रिमझिम एक मिनट गेम में प्रथम श्रीमती रखशाना, द्वितीय श्रीमती ईसरत , तथा तृतीय श्रीमती स्वाती ने प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। रिमझिम हाऊजी में बंपर ईनाम सभी को उपहार दिया गया। बच्चों के खेल में प्रथम ईताक्षी , द्वितीय ऐनी तथा तृतीय समाईरा स्थान प्राप्त किया सभी विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मीना मोहंती,सिम्मी अख्तर,डाली, बेबी,किरण,मीना अय्यर,सुजाता प्रधान,नीलम सोनी और राजश्री पुरसेठ सहयोग प्रदान किया।

## भाजपा सोशल मीडिया ने लगाई कार्यशाला



**बिलासपुर** , 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला बिलासपुर सोशल मीडिया द्वारा बिलासपुर सोशल मीडिया जिले की कार्यशाला रखी गई थी । जिसमे मुख्य रूप से दिल्ली से आईटी सेल हेड पुनीत अग्रवाल जो विधानसभा चुनाव के दृष्टि से छत्तीसगढ के प्रभारी है सोशल मीडिया के संयोजक सोमेश त्रिपाठी छत्तीसगढ़ सोशल सह मीडिया मितुल कोठरी बिलासपुर भाजपा जिला के अध्यक्ष रामदेव कुमावत बिलासपुर संभाग के प्रभारी राकेश चंद्राकर लोकसभा सोशल मीडिया के प्रभारी नितिन पटेल जिला सोशल मीडिया संयोजक अंकित गुप्ता जिला आईटी सेल आशीष पटेल उपस्थिति थे। पहले सभी अतिथियों का स्वागत किया गया फिर दीप प्रज्वलन हुआ इसके बाद प्रदेश सह संयोजल मितुल कोठारी जी ने अपना स्वागत उद्बोधन दिया फिर संभाग प्रभारी राकेश चंद्राकर ने विषय लिया उसके बाद प्रदेश संयोजक ने विषय रखा फिर मुख्य वक्ता पुनीत अग्रवाल ने उद्बोधन दिया जिसके बाद ज़िला अध्यक्ष रामदेव कुमावत ने सबको संबोधित किया मंच संचालन सी.ए अंकित गुप्ता ने किया धन्यवाद ज्ञापन आशीष पटेल ने किया।

## कार से शराब तस्करी तीन युवक पकड़ाए



**बिलासपुर** , 28 अगस्त (देशबन्धु)। थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जे.पी. गुप्ता के निर्देशन में थाना सरकंडा द्वारा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एक टीम लगाया गया। टीम के द्वारा क्षेत्र में लगातार आरोपियों के धरपकड़ हेतु पेट्रोलिंग किया जा रहा है। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि एक सिल्वर रंग की कार में कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में शराब परिवहन कर बिजौर की ओर जा रहे हैं । उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल घेराबंदी कर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुये जिस पर टीम द्वारा घेराबंदी कर बसंत विहार चौक नाला के पास मुखबीर के बताये अनुसार एक सिल्वर कलर की क्विड कार क्रमांक सीजी 04 एल वी 5952 को रोका गया। जिसमें तीन व्यक्ति मिले नाम पता पूछने पर अपना नाम आकाश उर्फ रवि लसहे, हेमन्त सूर्यवंशी, देव कुमार लसहे सभी निवासी ग्राम बिजौर बताये जिनके कार को चेक करने पर कुल 240 नग देशी मदिरा मिला जिसे आरोपियों के कब्जे से तथा घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक सीजी 04 एलवी 5952 को कुल कीमत करीबन 4 लाख रूपये को जप्त किया गया सभी आरोपियों के विरूद्ध 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवही किया गया सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. जे. पी. गुप्ता, प्र. आर. विनोद यादव, प्रमोद सिंह, आर. विवेक राय, संजीव जांगड़े, मनोज बघेल, रवि यादव, राकेश यादव का विशेष योगदान रहा।

# 18 सितंबर को कांग्रेस भवन के सामने अनशन करेंगे अरुण तिवारी

### रायपुर और दिल्ली भी ले जाएंगे मामला

### 5 साल पहले कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज घटना की नहीं हुई जांच पूरी



**बिलासपुर** , 28 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस भवन में पांच साल पहले भाजपा शासन काल के दौरान पुलिस द्वारा कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के ऊपर बेरहमी पूर्वक लाठीचार्ज किए जाने के मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने को लेकर पूर्व विधायक अरुण तिवारी ने तीखी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि वह इस मामले में 18 सितंबर को कांग्रेस भवन बिलासपुर के सामने धरना देंगे। 19 या 20 सितंबर को सिविल लाइन थाने जाकर एफ आई आर दर्ज करवाएंगे। बात नही बनी तो उसके बाद राजीव भवन रायपुर में और फिर दिल्ली में भी जाकर लाठी चार्ज की घटना को लेकर अपनी आवाज मुखर करेंगे। बिलासपुर प्रेस क्लब में सीपत क्षेत्र के पूर्व विधायक अरुण तिवारी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा शासन काल में कांग्रेसजनों पर जमकर लाठीचार्ज किया गया था जिसकी जांच आज तक पूरी क्यूं नही हुई। जबकि तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वर्तमान में मुख्यमंत्री हैं फिर भी जांच और कार्रवाई में 5 साल लग गए। नतीजा कुछ नहीं निकला है ।इसका मतलब कहीं गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भवन में लाठी चार्ज के मामले को लेकर उन्होंने विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दिन यह मामला उठवाया था। मगर घटना को 5 साल होने को हैं अभी तक जांच क्यों नहीं हो सकी सरकार ने अपना दायित्व नहीं निभाया है ।लाठी चार्ज घटना की पूरी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वे भी प्रत्यक्षदर्शी हैं। घटना दिनांक को उन्हें भी बुलाया गया था कई बाधाओं को पार करके कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ तत्कालीन मंत्री अमर अग्रवाल के बंगले में पहुंचने में सफल रहे । लेकिन उन्होंने इसका शुरू से विरोध किया ।कांग्रेस जनों द्वारा मंत्री अग्रवाल के बंगले में कचरा फेंकने के सब कांग्रेस भवन पहुंचे वहां पर अटल श्रीवास्तव शेख गफ्फार समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता, नेता मौजूद रहे ।वहां पर बैठक समाप्त कर अपने-अपने घर जाने की बात होती रही लेकिन बैठक चलती रही । चाय नाश्ता भी संपन्न हो गया। उसके बाद भी बैठक जारी थी। पुलिस वहां पर पहुंचकर गिरफ्तारी देने की बात कह रही थी जिस पर वे और पूर्व महापौर राजेश पांडे पुलिस की गाड़ी में जाकर बैठ गए । पुलिस लगातार गिरफ्तारी की बात कर रही थी उसके बाद पुलिस की कई गाड़ियां एक साथ कांग्रेस भवन पहुंची । वहां पर कांग्रेस के लोग दरी बिछाकर भजन करना शुरू कर दिए और पुलिस की गाड़ी में कोई भी जाने के लिए तैयार नहीं था । कांग्रेस भवन में उस वक्त ना तो कोई डिप्टी कलेक्टर था और ना ही कोई दंडाधिकारी । पुलिस द्वारा वहां मौजूद तमाम लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस वाहन में ले जाना शुरू किया साथ ही कांग्रेस जनों को लाठी से पीटा भी गया। पुलिस का उद्देश्य सिर्फ एक व्यक्ति को नुकसान पहुंचाना था मगर उनके चक्कर में कई कांग्रेस कार्यकर्ता और महिला नेत्रियों को भी लाठियां खानी पड़ी। कोनी थाने में भी मारपीट की गई ।घटना के 1 घंटे बाद ही तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे और घटना को जानने के बाद कहा कि यह प्रजातंत्र की हत्या है हम एक-एक डंडे का हिसाब लेंगे लेकिन ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में डंडे की गिनती अभी भी जारी है। घटना के दूसरे दिन तत्कालीन प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया भी आए तो राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को बताने के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कांग्रेसी अपोलो अस्पताल में एडमिट हो गए। बिलासपुर में प्रदेश कांग्रेस की बैठक भी हुई और बरसते पानी में पीएल पुनिया ,भूपेश बघेल ,टी एस सिंहदेव ,चरण दास महंत सिविल लाइन थाना गए और घटना की रिपोर्ट लिखाई ।टीएस सिंहदेव ने तो धारा 307 के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की थी । राज्य सरकार ने घटना की मजिस्ट्रियल जांच किए जाने की बात की जिस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आरपी सिंह भाजपा के वर्तमान सांसद सुनील सोनी से यह कह कर भिड़ गए की मारपीट की घटनाएं साफ दिख रही है। हमारी सरकार आई तो तत्काल कार्रवाई होगी। मैं 5 साल से आरपी सिंह को ढूंढ रहा हूं मगर नहीं मिल पाए। फ्लाइट में एक बार पीएल पुनिया से भी मुलाकात हुई थी तो उन्हें कांग्रेस भवन में लाठीचार्ज की घटना की मैंने उन्हें याद दिलाया था।श्री तिवारी ने कहा कि जांच का आखिर क्या हुआ कांग्रेस भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं के साथ किए गए लाठीचार्ज में प्रमुख भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारी नीरज चंद्राकर का लगातार प्रमोशन होते जा रहा है । मैंने वर्तमान प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से भी मिलकर इस घटना का जिक्र किया था लेकिन मुझे पता है मेरी सुनवाई नहीं होगी । मैं बताना चाहता हूं कि मुझे किसी भी विधानसभा के टिकट की जरूरत नहीं है मैं सिर्फ कांग्रेस भवन में पुलिस द्वारा कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को बेरहमी पूर्वक लाठियों से पीटे जाने की घटना की जांच पूरी किए जाने की मांग कर रहा हूं।

## सार-संक्षेप

### अंतिम सोमवार को निकले दर्जनों सांप, किए गए रेस्क्यू



**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के आखरी सोमवार को रविशंकरनगर, कुसमुंडा, भिलाई बाजार, ढेलवाडीह, दादर, पुराना कांशीनगर, सीएसईबी, शारदा विहार, मिशन रोड के घर में सांप निकलने की घटनाएं हुई।

एक-एक कर सभी रेस्क्यू कॉल तक पहुंच कर रेस्क्यू किया गया। वहीं कुछ साप पहुंचने से पहले जा चुके थे। रविशंकर नगर में केएम देवांगन के घर सुबह नाग निकलने से डर समाया था तो दूसरी ओर आस्था भी बनी रही। नारियल, अगरबत्ती से नाग देवता का पूजा पाठ किया गया। फिर बेबी कोबरा को रेस्क्यू कर डिब्बे में बंद किया गया। एक अन्य घटना दादर की है जहां नाग निकलने पर आस-पास के लोग इकट्ठा होकर नारियल, दूध चढ़ा कर पूजा पाठ किए, फिर उसे भी रेस्क्यू कर डिब्बे में बंद किया गया। रेस्क्यू किए गए सांपों को जंगल में छोड़ दिया गया।

वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम अध्यक्ष जितेन्द्र सारथी ने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि घर, गाड़ी कार्यालय में सांप घुसने पर बहुत ज्यादा भयभीत न हो, साधारण साप घुसने पर स्वयं ही उसको बिना नुकसान पहुंचाए भगाने का प्रयास करें, रेस्क्यू टीम अलग-अलग क्षेत्रों के साथ और विशेष कार्यक्रम में रहते हैं, जिसके कारण पहुंचने में समय लगता हैं। जितेन्द्र सारथी ने बताया कि कई बार कॉलर का बार-बार फोन आने से जल्दी पहुंचने के दबाव बनाया जाता हैं जिसके कारण दुर्घटना घट चुकी हैं। हम अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते हैं पर थोड़ा आमजनों को भी हमारी स्थिति-परिस्थिति को भी समझने की आवश्यकता हैं।

### नगर पालिका का घेराव कर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन




**कोरबा-दीपका,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत गौरव पथ मार्ग को भारी वाहनों से मुक्ति दिलाने की मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से धरना प्रदर्शन आंदोलन क्षेत्रवासी कर रहे हैं। चरणबध्द आंदोलन तेज करते हुए आज प्रथम चरण में सुबह 10 बजे धरना स्थल से रैली निकालकर नगर पालिका दीपका के कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी व घेराव किया गया। नगर पालिका अधिकारी ने अपने केबिन से बाहर निकल कर आंदोलनकारियों से मुलाकात कर चर्चा की और मांगों का ज्ञापन लिया।

आंदोलनकारी उमा गोपाल, बंशी दास महंत, ऊर्जाधानी संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने नगर पालिका अधिकारी को दो टूक कहा है कि 21 वार्डों में से 17 पार्षदों और तीन एल्डरमैन ने गौरव पथ मार्ग पर पूर्ण प्रतिबंधित लगाने के लिए विशेष सामान्य सभा बुलाकर भारी वाहनों की मंजूरी को निरस्त करते हुए मांग की है। गौरव पथ पर भारी वाहनों के संचालन की मंजूरी को निरस्त नहीं किया जाता है तो परिषद के सामने ही बैठकर धरना प्रदर्शन आंदोलन शुरु करेंगे। पालिका सीईओ ने आश्वस्त किया है कि बहुत ही जल्द सामान्य सभा बुलाकर इस प्रस्ताव को पारित करते हुए गौरव पथ मार्ग से भारी वाहनों के संचालन की मंजूरी को निरस्त किया जाएगा। श्री कुलदीप ने कहा है कि यदि गौरव पथ मार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंधित नहीं किया जायेगा तो 2 सितंबर को गौरव पथ पर कोयला लदे भारी वाहनों को पूर्ण रूप से बंद किया जाएगा।

### संतों के मार्गदर्शन में शौर्य सभा का आयोजन करेगा विहिप



**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री विजय कुमार राठौर ने प्रेस क्लब तिलक भवन में आहूत पत्रवार्ता में बताया कि विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व में रह रहे सभी हिंदुओं को सदस्य के रूप में मानकर कार्य करती है। वर्तमान में विश्व के 28 देश में सक्रिय रूप से कार्य चल रहा है। इसी श्रृंखला में दिसंबर 2023 विश्व हिंदु परिषद की अंतर्राष्ट्रीय बैठक बैंकॉक में आयोजित है।

षष्ठीपूर्ति वर्ष में विश्व हिंदु परिषद बजरंग दल के द्वारा देश के सभी राज्यों, जिलों, प्रखंड, ग्राम में शौर्य जागरण यात्रा के द्वारा हिंदु विभुतियों, शौर्यो, बलिदानियों के विषय को ले कर जाएगी। इसी श्रृंखला में कोरबा जिला के अंतर्गत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का शस्त्र पूजन दीक्षा 28 अगस्त को आयोजित की गई। विश्व हिंदु परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शन मंडल के सदस्य पूज्यनीय संत राजीव लोचन महाराज के द्वारा संकल्प दीक्षा दी जाएगी। 9 से 14 सितंबर तक बजरंग दल के द्वारा शौर्य जागरण यात्रा जिले के विभिन्न प्रखंड एवं ग्राम इकाईयों तक निकाली जाएगी। इस शौर्य जागरण यात्रा में विभिन्न वक्ताओं के द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में सभा की जाएगी। 14 सितंबर को जिला मुख्यालय में शौर्य सभा होगी। विश्व हिंदू परिषद द्वारा स्थापना दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी 7 सितंबर, दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति के द्वारा दुर्गा अष्टमी में शौर्य यात्रा एवं शक्ति पूजन, शस्त्र दीक्षा 15-23 अक्टूबर के मध्य किया जाएगा। वाल्मीकि जयंती 28 अक्टूबर विश्व हिंदू परिषद की सेवा आयाम के द्वारा सेवा बस्तियों में वाल्मीकि जयंती मनाया जाएगा, गोपाष्टमी एवं गुरु नानक जयंती 20 नवंबर विश्व हिंदू परिषद गौ सेवा आयाम एवं समरसता आयाम के द्वारा विभिन्न जगहों में आयोजित किया जाएगा।

### दर्जनों लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा सीट से पूर्व महापौर लखनलाल देवांगन के प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद विधानसभा प्रवास में पहुंचीं विधायक गायत्री देवी की उपस्थिति में बैठक हुई। लखनलाल देवांगन का उनके समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। बालको में विधायक गायत्री देवी, जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह की उपस्थिति में क्षेत्र के भाजपा पार्षदों, पूर्व पार्षदगण एवं मंडल के पदाधिकारियों की विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई। श्री देवांगन ने कहा कि क्षेत्र की सेवा करना मेरे लिए पूजा करने के समान है। महापौर रहते कोरबा को तेजी के साथ आगे बढ़ाने का काम किया और एक बार फिर से आप सभी के जन आशीर्वाद से सेवा करना चाहता हूं।

---

**सीडी रेशियो की खराब प्रगति**

# लंबित आवेदनों के निराकरण की धीमी गति पर नाराजगी



**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय पुनरीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक में जिला सीईओ विश्वदीप ने शासन की विभिन्न योजनांतर्गत बैंकों के ऋण वितरण कार्य प्रगति में धीमी गति को लेकर संबंधित बैंक अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताई। बैंकों के सीडी रेशियो की खराब प्रगति को लेकर भी नाराजगी जताई गई।

**कमजोर और जरूरतमंद आवेदकों के ऋण आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण - विश्वदीप**

सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ली गई शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदकों की ऋण स्वीकृति की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों व बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। श्री विश्वदीप ने उपस्थित बैंकिंग अधिकारियों से कहा कि सभी बैंक आवेदकों से प्राप्त होने वाले ऋण आवेदनों का समय सीमा पर निराकरण करें। ऋण स्वीकृत नहीं होने की दशा में उचित कारण स्पष्ट करें। सीईओ ने महिला/अल्पसंख्यक/कमजोर वर्ग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अंतर्गत ऋण के प्रकरणों में दिए गए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जो प्रकरण बैंकों को भेजे गए हैं वह 10 सितंबर तक लंबित नहीं रहें। जो भी लक्ष्य बैंकों को दिया गया है, उससे कम नहीं होना चाहिए।

### बैंकर्स अपनी कार्यक्षमता को प्रभावी बनाएं

सीईओ ने कहा कि बैंकर्स अपनी कार्य क्षमता को और अधिक प्रभावी करें तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व कर लें। श्री विश्वदीप ने कहा कि जिला प्रशासन और एलडीएम से सामंजस्य स्थापित कर अपने परफॉरमेंस में सुधार लाएं। सभी बैंकों से बैंकिंग व्यवसाय को बढ़ाने के लिए योजना के अनुरूप काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अगर सही प्लानिंग करेंगे तो बैंकिंग भी अच्छी होगी और सीडी रेशियो में भी सुधार होगा। बैठक में नाबार्ड के अधिकारी ने नाबार्ड अंतर्गत कार्यों में रूचि लेने और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि ने ऋण के नाम पर ग्राहकों से होने वाले ठगी से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

### दूरस्थ गांवों में शाखाएं संचालित करें

जिला सीईओ ने पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक, कोरबा ब्लॉक अंतर्गत दूरस्थ ग्रामीण बैंक में शाखाएं संचालित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत हर 15 दिन में प्रकरण प्रेषित किए जाने और ऋण देने में विलंब होने पर इसकी समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कृषि विभाग अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, मत्स्य विभाग अंतर्गत प्रेषित प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत आवेदकों को पावती देने तथा पंजीयन पश्चात् दुर्घटना आदि की स्थिति में हितग्राहियों को समय पर दावा का भुगतान के निर्देश दिए, उन्होंने इस कार्य को संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिए।

---

**शब्बीर कुसमुंडा तो श्यामलाल दीपका-गेवरा में करा रहा चोरी**

# खदान में वाहन का नंबर प्लेट बदलकर डीजल की चोरी

■ **सुरक्षा प्रभारी ने कुसमुंडा पुलिस को लिखा पत्र**




**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। अनाधिकृत वाहनों में अधिकृत वाहनों का नंबर प्लेट फर्जी तरीके से लगाकर एसईसीएल की खदानों में डीजल और कोयला की चोरी जोर-शोर से चल रही है।

कुसमुंडा की खदान इस मामले में हॉट स्पॉट बनी हुई है। खदान के भीतर चलाने के लिए प्रबन्धन और कम्पनी के द्वारा वाहनों को हायर किया जाता है। इन हायर किये गए अधिकृत वाहनों की आड़ में अनाधिकृत वाहनों में अधिकृत वाहन का नम्बर प्लेट लगाकर तथा उसी तरफ से प्रदर्शित होने वाली सामग्रियां जैसे बत्ती, पोस्टर, नेम प्लेट लगाकर धोखा दिया जा रहा है। इस तरह का मामला तीन-चार दिन पहले सामने आया जिसमें एक बोलेरो को त्रिपुरा रायफल्स के जवानों ने पकड़ा। उसमें फर्जी नम्बर प्लेट लगाया गया था जो दूसरे अधिकृत वाहन का होना पाया गया है।

इस मामले में पुलिस को कुसमुंडा प्रबन्धन के सुरक्षा अधिकारी द्वारा लिखे गए पत्र में खदान से हो रही डीजल चोरी को एक तरह से स्वीकार करते हुए कार्रवाई का आग्रह किया गया है। पुलिस को बताया गया है कि कुसमुण्डा परियोजना की सुरक्षा के लिए नियुक्त त्रिपुरा स्टेट रायफल्स (टीएसआर)कम्पनी के सहायक कमान्डेन्ट के अनुसार 25 अगस्त 2023 रात्रि पाली में कुसमुण्डा खदान में त्रिपुरा स्टेट रायफल्स की क्यूआरटी पार्टी ने देखा कि चाकलेट कलर की एक कैम्पर कुसमुण्डा खदान परिसर में घूमती हुई संदेहास्पद नजर आई जिसे क्यूआरटी टीएसआर द्वारा पीछा किया गया तो उक्त कैम्पर का ड्राईवर विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग वर्कशॉप नं0-1 के गेट के पास छोडक़र भाग गया। गाड़ी का जाँच करने पर यह पाया गया कि उक्त गाड़ी डीजल चोरी में लिप्त है जिससे यह साबित होता है कि वाहन कमांक सीजी 12 बीई 1748 कुसमुण्डा खदान में अधिकृत रूप से नियुक्त की गई है. परन्तु उक्त गाड़ी जो चोरी में लिप्त है दोनों का चेचिस नंबर अलग-अलग है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि वाहन कमांक सीजी 12 बीई-1748 का नम्बर उपयोग करते हुए डीजल चोरी हेतु अनाधिकृत रूप से वाहन का उपयोग कर टीएसआर सुरक्षा कर्मियों को गुमराह करते हुए प्रवेश किया गया था।

सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कुसमुंडा खदान में शब्बीर के द्वारा चोरी का काम कराया जा रहा है। इसी तरह दीपका व गेवरा खदान में श्यामलाल के संरक्षण में डीजल की चोरी की और कराई जा रही है। एसईसीएल की खदानों में चलने वाले भारी वाहन और डीजल चलित मशीनरी इनके निशाने पर है। पकड़ा गया वाहन शब्बीर गिरोह का होना बताया जा रहा है। वैसे कुसमुंडा खदान में चोरी का डीजल बड़े पैमाने पर भीतर ही ट्रांसपोर्ट के चिन्हित वाहनों में खाली किया जा रहा है। बड़ी मात्रा में डीजल खदान से बाहर लाने के दौरान कभी-कभार ही धर-पकड़ होती है। दीपका व गेवरा खदान में सफेदपोश श्यामलाल गिरोह संचालित करवा रहा है।

## समाचार लिखने से नाराज लोगों ने युवा पत्रकार से मारपीट कर लूटा

**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में कार्यरत एक कंपनी के द्वारा गलत तरीके से कार्य निष्पादन को लेकर बनाई गई खबर पर उस कंपनी के गुंडानुमा लोगों ने कोरबा के नेहरूनगर वार्ड के कुआभट्टा मार्ग पर पिछली रात एक पत्रकार को रोकने के साथ मारपीट कर कार को नुकसान पहुंचाया। फिर डेढ़ लाख नगदी, आई फ़ोन सहित 3 मोबाइल और सोने की चैन लूट लिया। मामले की रिपोर्ट मानिकपुर पुलिस चौकी में कराई गई है। इस मामले में मारपीट करने वाले गुंडो की पहचान कर ली गई है।

मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत नेहरू नगर वार्ड स्थित ब्राह्मण समाज के भवन के पास यह घटना शनिवार की रात घटित हुई। यहां लगभग एक दर्जन गुंडों ने युवा पत्रकार उमेश यादव की कार रोककर लोहे की राड लाठी डंडे से मारपीट किया और बोल्डर से कार को काफी नुकसान पहुचाया। एक कंपनी में बाउंसर के तौर पर काम करने वाले गुंडो के द्वारा घटना के दौरान कहां गया कि हमारी कंपनी के खिलाफ खबर बनाओगे तो इसी प्रकार के परिणाम भुगतने होंगे। पेशेवर गुंडों के द्वारा पत्रकार से गाली गलौज और मारपीट की गई। जिस पर उसने खुद को कार के भीतर छुपकर किसी तरह अपने प्राण बचाए। इस घटना को अंजाम देने वाले गुंडो ने उमेश के गले से सोने की चैन, 2 महंगे मोबाइल और कार में रखे हुए 1लाख 52 हजार नगद लूट लिए और फरार हो गए। पूरी घटना के दौरान पत्रकार उमेश के मित्र आशुतोष यादव उनके साथ ही गाड़ी में सवार थे।

### गिरफ्तारी की मांग




पीड़ित उमेश यादव भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ का सचिव भी है। संघ ने जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। अध्यक्ष अब्दुल सुल्तान ने कहा है कि पत्रकारों के साथ होने वाले अन्याय और हमले को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। संगठन इस घटना की कड़ी निंदा करता है और आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाए ताकि समाज में यह संदेश जाए कि कोरबा में गुण्डागर्दी का कोई स्थान नहीं है। यह भी मांग की गई कि यदि इस घटना में कोई साजिशकर्ता भी शामिल हो तो उस पर भी कार्यवाही होनी चाहिए।

---

## एनटीपीसी में फुटबाल टूर्नामेंट व कोचिंग कैम्प



**कोरबा-जमनीपाली,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। एनटीपीसी कोरबा प्रायोजक छत्तीसगढ़ फुटबाल फेडरेशन द्वारा फुटबाल चैंपियनशिप/टूर्नामेंट एवं कोचिंग कैम्प 15 अगस्त से सिपेट कोरबा में आयोजित किया जा रहा है।

फुटबाल टूर्नामेंट में तीन श्रेणियां सब-जूनियर गर्ल्स, जूनियर गर्ल्स तथा सीनियर गर्ल्स है। वर्तमान में 30-35 खिलाडियों को 21 दिन का कोचिंग कैम्प प्रदान किया जा रहा है। इस कोचिंग कैंप के बाद खिलाड़ी राष्ट्रीय लेवल पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे और छत्तीसगढ़ राज्य फुटबाल टीम में शामिल होंगे। 30-35 लड़कियां अंतर जिला टूर्नामेंट के विजेता है।

---

## 83 मवेशियों को पहुंचाया गोठान व कांजीघर

### विगत 2 सप्ताह में 198 मवेशी सडक़ों से उठाए गए



**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सडक़ पर खुला छोड़ दिया जाता है जिसके कारण सडक़ दुर्घटना की संभावना बनती है। आवागमन बाधित होता है तथा यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सडक़ दुर्घटनाओं में जान-माल के नुकसान व मवेशियों के घायल होने की आशंका भी बनी रहती है।

नगर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए विगत 3 दिन में सडक़ों व सार्वजनिक स्थानों से 83 आवारा मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से उठाकर गोठान एवं कांजीघर पहुंचाया गया तथा पशुपालकों से 2025 रु अर्थदण्ड वसूल किया गया। नगर निगम द्वारा सडक़ों, सार्वजनिक स्थानों से इन मवेशियों को हटाने तथा उन्हें गोठान आदि जगहों पर पहुंचाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। अब निगम द्वारा ऐसे पशुपालकों पर जिनके द्वारा अपने पालतू मवेशी सडक़ पर छोड़ दिये जा रहे हैं, उन पर जुर्माना एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही हैं।

**आयुक्त ने दी हिदायत**

आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम क्षेत्र के समस्त पशुपालकों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को घर पर सुरक्षित रूप से रखें, स्वच्छंद विचरण हेतु सडक़ों पर खुला न छोड़े तथा निगम द्वारा की जाने वाली दण्डात्मक कार्यवाही से बचें एवं सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग दें। आयुक्त ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सडक़ों व सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों के नियंत्रण की कार्यवाही लगातार जारी रखें।

## राष्ट्रीय कैडेट व जूनियर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ी हुए शामिल



**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में झारखंड किकबाक्सिंग एसोसियेशन के तत्त्वधान में ताना इंडोर स्टेडियम रांची झारखंड में दिनांक 23 से 27 अगस्त तक 5 दिवसीय चिल्ड्रन, कैडेट एवं जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया किया गया। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 2000 से अधिक खिलाडि़यों ने हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले राज्य के कैडेट एवं जूनियर वर्ग के बालक-बालिका खिलाडि़यों का चयन रायपुर में आयोजित 10वीं राज्य स्तरीय कैडेट जूनियर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। विभिन्न फार्म्स की प्रतियोगिताओं में जिले के सीएमए किक बाक्सिंग एकेडमी के 21 खिलाड़ी सहित राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 79 बालक-बालिका ने विभिन्न वजन वर्गो में इंटरनेशनल रेफरी पूजा पांडेय, प्रभात साहू, मयंक डडसेना तथा कोच के रूप में मो. जुनैद आलम, मनीष बाग, सरवर एक्का, रघुनाथ नायक, लोकिता चौहान, स्वाति राजवाड़े, अमन सोनी के साथ हिस्सा लिया। कोरबा से अनु शर्मा, पूर्णिमा खुंटे एवं हिमांशु यादव ने स्वर्ण पदक, हुफैज़ा फातिमा, रजत गोयल ने रजत तथा आमीन खान, खुशाल साहू, सिद्धि सोनवानी ने कांस्य पदक जीता। सृष्टि मिश्रा, आस्था गुप्ता,वृंदा अग्रवाल,आराध्या सिंघल, सोनिया शर्मा, कृति शर्मा, आन्या पी थांकचन, दिव्या कर्ष, नाफिया सिद्दीकी, तुषार सिंह ठाकुर,मयंक सिंह, प्रद्युम गोयल, अभिषेक चौहान ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह चैंपियनशिप पूरी तरह से डिजिटल रूप से, यानी सदस्य पंजीकरण, इवेंट भागीदारी, स्कोरिंग, परिणाम सभी ग्लोबल स्पोर्टडेटा इवेंट मैनेजमेंट सिस्टम और आरस्पोर्ट्स सदस्यता प्रणाली के माध्यम से संपन्न हुई।

---

# तानाखार विधानसभा सीट से केरकेट्टा की टिकट लगभग तय



**कोरबा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। पाली-तानाखार से कांग्रेस विधायक मोहित केरकेट्टा की टिकट लगभग तय मानी जा रही है। पार्टी द्वारा कराए गए सर्वे रिपोर्ट और संगठन से मिले फीडबैक के बाद यह तो तय हो चुका है कि विधायक केरकेट्टा की टिकट काटने के मूड में आलाकमान बिल्कुल भी नहीं है।

दरअसल इस बार कांग्रेस के 75 प्लस की तैयारियों में जितने भी सीटिंग विधायक हैं, उन सभी के लिए सर्वे पार्टी ने कराया था। सर्वे रिपोर्ट में यही बात सामने आई कि पहली बार पाली तानाखार सत्ता के साथ रहा। विधायक केरकेट्टा को सीएम भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत का बेहद करीबी माना जाता है। विधायक को इन तीन वर्षों में फंड की कमी नहीं होने दी गई। विधायक मोहित ने सुनियोजित तरीके से विकास कराया। सभी जाति धर्म चाहे कंवर, गोड़, पिछड़ा, इसाई,ओबीसी वर्ग समाज के लिए विविध कार्य कराए गए। सर्वधर्म समाज भाव से विकास कराने का ही परिणाम है कि आज पाली तानाखार में हर समाज मोहित केरकेट्टा के साथ खड़ा है। रविवार को बांगो रेस्ट हाउस में पाली तानाखार के सभी ब्लॉक और अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की बैठक हुई, बैठक में सर्वसम्मति से एक स्वर में मोहित केरकेट्टा को प्रत्याशी बनाने पर मुहर लगाई। सभी पदाधिकारियों का कहना था कि मोहित के आने के बाद संगठन मजबूत हुआ है।

### 2018 में 20 दिन पहले पार्टी में आए और जीतकर चौकाया

वर्ष 218 में चुनाव के 2 दिन पहले 15 साल से कांग्रेस विधायक और पीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष राम दयाल उइके ने पार्टी छोड़ बीजेपी जॉइन कर ली थी, ऐसे समय में कांग्रेस के पास कोई जिताऊ दावेदार नहीं था,तब पीसीसी अध्यक्ष भूपेश बघेल और डॉ चरण दास महंत ने मोहित केरकेट्टा को कांग्रेस प्रवेश कराया और कांग्रेस से टिकट दी। एक तरफ 15 साल के विधायक उईके और गोंगपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हीरा सिंह मरकाम चुनावी मैदान में थे। इन सबके बावजूद मोहित केरकट्टा ने 1 हज़ार वोटों से चुनाव जीता था। इसी तरह लोकसभा चुनाव 219 में कांग्रेस को सबसे अधिक बढ़त पाली तानाखर से ही मिली थी, कोरबा विधानसभा से वोटों की खाई को पाटने का काम पाली तानाखार की जनता ने ही किया था। कांग्रेस विधानसभा के साथ-साथ लोकसभा चुनाव को भी देखते हुए टिकट फाइनल करेगी। पिछली बार प्रदेश से सिर्फ दो सीट पर कांग्रेस को लोकसभा में जीत मिली थी, इसमें एक कोरबा भी थी, इस जीत के पीछे मोहित केरकेट्टा की अहम भूमिका थी।

## सार-संक्षेप

### महिलाओं ने किया नाकेश्वर महादेव का जलाभिषेक



**मनेन्द्रगढ़,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। धार्मिक और समाजसेवा में आगे रहने वाली डा.रश्मि सोनकर के नेतृत्व में आज सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर की महिलाओं ने सुबह पांच बजे हनुमान टेकरी से जलाभिषेक यात्रा निकाल कर नाकेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया। ध्यातव्य है कि गाजेबाजे के साथ निकली इस यात्रा में लगभग सौ महिलाओं ने जलाभिषेक किया महिलाओं को घरेलू रोजमर्रा के कार्यों से निकालकर समाज में और धार्मिक कार्यों में जोड़ने की डा.सोनकर की अद्भुत क्षमता है। इस अवसर पर महिलाओं ने जलाभिषेक यात्रा के बाद शिवजी की आरती की इस अवसर पर डा.रश्मि सोनकर, नीलम सोनी, शीला सिंह, शीला विश्वकर्मा,गंगा ताम्रकार, अर्चना विश्वकर्मा सहित प्रबल स्त्री फाउंडेशन की सभी सदस्य और हनुमान चालीसा समिति की सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

### डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम के लिए अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

**अम्बिकापुर** 28 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, वन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, औद्योगिक विभाग, के संबंधित अधिकारी एवं मितानिन उपस्थित थे। बैठक में समस्त विभागों को आपसी समन्वय कर डेंगू नियंत्रण हेतु दायित्व सौंपे गए। जिसमें नगर पालिक निगम अंतर्गत कचरा उठाने वाले कर्मचारियों को प्रत्येक घरों में कूलर का पानी सप्ताह में एक बार खाली कर, सुखा कर दुबारा प्रयोग करने के संबंध में लोगों को जागरूक करने कहा गया। टूटे फूटे बर्तनों में पानी जमा न होने देने, की सलाह देने कहा गया। कचरा उठाने के साथ साथ स्त्रोत नियंत्रण का कार्य भी संपादित करने कहा गया। शहरी क्षेत्र में डेंगू पॉजिटिव्ह आने पर स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर सोर्स रिडक्शन, स्वास्थ्य शिविर एवं फोगिंग कार्य करने की सहमति बनी। इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र के पंचायत सचिव, सरपंच, पंच को डेंगू नियंत्रण दिशानिर्देश देकर प्रचार प्रसार कर डेंगू नियंत्रण में सहयोग प्रदान करने एवं स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय कर्मचारियों से समन्वय बनाकर कार्य सम्पादित करने सहमति बनी। हैंण्ड पम्प के आस पास एवं अन्य गड्ढों में पानी इक्कठा न होने देने, निकासी की व्यवस्था किये जाने हेतु हर संभव प्रयास किये जाने कहा गया।

### सीतामढ़ी-हरचौका आएंगे मुख्यमंत्री

**मनेंद्रगढ़,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलास्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के एमसीबी प्रवास को लेकर आवश्यक तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जल्द ही सीतामढ़ी-हरचौका में आगमन प्रस्तावित है जिसके मद्देनजर प्रशासन के द्वारा सभी विभागों को ज़िम्मेदारी दिया गया है। पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था, पीडब्ल्यूडी विभाग को सभास्थल और बेरिकेटिंग की व्यवस्था तथा ज़िला पंचायत को विभिन्न स्टाल लगाने की ज़िम्मेदारी दी गई है। बैठक में ज़िला सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, एसडीएम मनेंद्रगढ़ अभिलाषा पैकरा, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मतदाताओं को किया गया जागरूक

**अम्बिकापुर** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी ने बताया है कि स्वीप के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को होलीक्रॉस कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में मानव श्रृंखला बनाया गया तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अम्बिकापुर में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान का संदेश दिया। भारत स्काउट्स गाइड्स अध्यक्ष के मार्गदर्शन में गर्ल्स स्कूल अम्बिकापुर की सीनियर गाईड्स, रेड क्रॉस एवं एन.एस.एस.के द्वारा स्वीप सरगुजा के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता रैली निकाला गया। मतदान के प्रति जानकारी देते हुए ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी उम्र 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है, अथवा हो चुकी है, और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है, उनका वोटर हेल्प लाईन एप के माध्यम से फार्म 06 भरवाया गया। इसके साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु विकास खण्ड सीतापुर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेटला में स्वीप गतिविधि करते हुए मतदाता जागरुकता के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण कर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया।

### जिला स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक का आयोजन 31 अगस्त से

**बलरामपुर** 28 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार पुरे प्रदेश में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 27 अगस्त से 04 सितम्बर 2023 के मध्य आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दो दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 31 अगस्त से 01 सितंबर 2023 तक स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, उनमें खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढिया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील ने जिला स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने मितानिनों की अहम भूमिका

- खाद्य मंत्री मितानिन भवनों का किया भूमिपूजन
- नवानगर में सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन



विधायक श्री भगत को रक्षासूत्र बांधकर धन्यवाद दिया गया।

**अम्बिकापुर** 28 अगस्त (देशबन्धु)। खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने जिला प्रवास के दौरान रविवार को सीतापुर में तथा सोमवार को मैनपाट के नर्मदापुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मितानीन भवन का भूमिपूजन किया। इस सौगात के बाद मितानिनों द्वारा विधायक श्री भगत को रक्षासूत्र बांधकर धन्यवाद दिया गया।

मंत्री श्री भगत ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में मितानिन अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रही मितानिनों के बदौलत ही स्वास्थ्य सुविधाओं के राष्ट्रीय कार्यक्रमों में तेजी आई हैं। मितानिनों के कारण ही आज स्वास्थ्य विभाग की पहुँच गांव के घर-घर तक हो गई हैं। उन्होंने मितानिन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, मितानिन ग्रामीण भारत की स्वास्थ्य जीवन की रेखा हैं। विषम परिस्थितियों में भी इनकी निस्वार्थ सेवा लोगों के लिए प्रेरणादायी हैं। यही कारण हैं कि, ये गांव की प्रथम चिकित्सक के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का काम किया हैं।

कोरोना काल मे अपना जीवन दांव पर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए टीकाकरण के प्रति जागरूक किया है। कोरोना महामारी के दौरान गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा बता दिया कि वे एक योद्धा हैं। मितानिन भवन के भूमिपूजन के साथ ही श्री भगत ने ग्राम नवानगर में सोमवार को प्राथमिक शाला महादेवटिकरा के पास सामुदायिक भवन का उद्घाटन भी किया। इसके साथ ही वे नर्मदापुर के स्टेडियम ग्राउंड तथा ग्राम नवानगर में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानीन और राजीव युवा मितान क्लब के सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उपस्थित सभी से संवाद किया।

## पुलिस का सजग सूरजपुर अभियान खिलाड़ियों में उत्साह -खेलसाय



### जिले के थाना-चौकी क्षेत्र में कबड्डी प्रतियोगिता

**सूरजपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर सजग सूरजपुर अभियान के तहत सभी थाना-चौकी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिससे पूरा जिला खेलमय हो गया है। नशा मुक्ति, जुआ-सट्टा, गांजा-नशीली दवाएं सहित अन्य अवैध गतिविधियों एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने के लिए सजग सूरजपुर अभियान के तहत पुलिस के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है जिसका आनंद खिलाड़ियों और ग्रामवासियों द्वारा लिया जा रहा है यह अभियान पुलिस और आमजनता के बीच संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा।

रामानुजनगर में चल रहे कबड्डी प्रतियोगिता में सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह भी पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि जिले की पुलिस का यह अभियान काफी असरदार है और गांव-गांव में सजग सूरजपुर की चर्चा है, युवाओं को सामाजिक बुराईयों से दूर रहने तथा कोई भी व्यक्ति जो इन बुराईयों को कर रहा उसकी सूचना पुलिस को देने तथा पुलिस के इस अभियान को सफल बनाने में सभी को सहयोग करने की बात कही।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में बीते दिन थाना प्रेमनगर पुलिस के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के 24 गांव पुरूष टीम व 8 गांव के महिला टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें पुरूष वर्ग से विजेता ग्राम प्रेमनगर, उपविजेता ग्राम कोटेया तथा महिला वर्ग में विजेता ग्राम नवापाराकला, उपविजेता ग्राम कोटेया रही। इसी प्रकार थाना चंदौरा के 12 गांव के टीम ने भाग लिया जिसमें विजेता ग्राम दवनकरा-ए, उपविजेता दवनकरा-बी की टीम रही। थाना रामानुजनगर के 23 गांव की पुरूष वर्ग व 8 गांव महिला वर्ग की टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया जिसमें पुरूष वर्ग से विजेता ग्राम जगरनाथपुर, उपविजेता ग्राम गोविन्दपुर, महिला वर्ग से विजेता ग्राम देवनगर, उपविजेता ग्राम परशुरामपुर रही। चौकी बसदेई क्षेत्र के 8 गांव की टीम मैदान में उतरी जिसमें विजेता ग्राम बसदेई, उपविजेता ग्राम उंचडीह रही। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता व सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, उर्दु बोर्ड अध्यक्ष इस्माईल खान, थाना प्रभारी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी चंदौरा निलिमा तिर्की, थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, चौकी प्रभारी बसदेई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### उपमुख्यमंत्री सिंहदेव का दौरा कार्यक्रम

**अम्बिकापुर** 28 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव 29 अगस्त 2023 को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री सिंहदेव 29 अगस्त को प्रात: 10:50 बजे कार द्वारा निवास तपस्या अंबिकापुर से पीजी कॉलेज ग्राउंड के लिए प्रस्थान करेंगे। वे प्रात: 11:00 बजे हेलिकॉप्टर द्वारा पीजी कॉलेज ग्राउंड अम्बिकापुर से कोटा बिलासपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। प्रात: 11:45 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण व स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर 1:30 बजे कोटा से अम्बिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री सिंहदेव दोपहर 4:00 बजे से नगर पालिका निगम अंबिकापुर के वार्ड क्रमांक-01 भगवानपुर व आदिवासी पारा में तथा वार्ड क्रमांक 11 पटपरिया, हनुमान मन्दिर के पास जनचौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे।



### लुण्ड्रा में पदस्थ उप अभियंता और सहायक ग्रेड 2 निलंबित

**अम्बिकापुर** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद पंचायत लुण्ड्रा के पदस्थ उप अभियंता रावेन्द्र यादव और सहायक ग्रेड 2 सतीश सिंह को कलेक्टर सरगुजा द्वारा निलंबित कर दिया गया है। रिश्वत लिए जाने के संबंध में सोशल मीडिया पर उप अभियंता और सहायक ग्रेड 2 के वायरल ऑडियो पर कलेक्टर द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच प्रतिवेदन में तथ्य प्रमाणित पाए जाने के फलस्वरूप इन्हें तत्काल निलंबित किया गया है।

## कालातीत फ्रूट ड्रिंक्स के सैंपल जब्त

### परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया

**अम्बिकापुर** 28 अगस्त (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव के कोरोना वारियर्स कार्यक्रम में पीजी कॉलेज अम्बिकापुर में उपस्थित लोगों को नाश्ता पैकेट के साथ कालातीत फ्रूट ड्रिंक वितरण किए जाने की शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत शिकायत के मद्देनजर कार्यक्रम के कैटरर सर्विस का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर कैटरर के परिसर से बरामद फरुट ड्रिंक के सैंपलिंग की कार्यवाही कर सैंपल जब्त कर परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। परीक्षण उपरांत प्राप्त सैंपलिंग रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।



### खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम सक्रिय

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार रक्षाबंधन त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा मेसर्स मानव स्वीट्स गांधीनगर से बूंदी के लड्डू, मेसर्स राजेश स्वीट्स सरगंवा से खोवा, मेसर्स शिवम स्वीट्स न्यू बस स्टैंड अम्बिकापुर से बूंदी के लड्डू, मेसर्स जायसवाल रेस्टोरेंट उदयपुर से खोवा बर्फी के नमूने की सैंपलिंग की कार्यवाही कर सैंपल लिया गया। उक्त खाद्य नमूनों को परीक्षण/विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। इसी तारतम्य में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से मिष्ठान एवं डेयरी विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 26 विनिमय 211 के अनुसूची 4 अंतर्गत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि आमजन सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

## दिवंगत शिक्षक के परिवार को एक लाख की संवेदना राशि



**सूरजपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। संयुक्त संवेदना समिति में शामिल जिले के शिक्षकों ने भैयाथान विकासखण्ड में कार्यरत सहायक शिक्षक एल बी स्व.जागर सिंह पुहुप की पत्नी को उनके घर जाकर एक लाख रुपये की राशि प्रदान करते हुवे संवेदना व्यक्त किया।

जिले के शिक्षकों द्वारा चलाये जा रहे संयुक्त संवेदना अभियान की तारीफ हर जगह हो रही है ।शिक्षकों ने एक दूसरे के सहयोग से जिले में संयुक्त संवेदना समिति का निर्माण कर अपने दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवार को दशगात्र के दिन एक लाख रुपये की राशि के रुप संवेदना प्रकट करने का संकल्प लिया था। संवेदना समिति के सचिव राधे साहू व कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह ने बताया कि समिति के संचालक सचिन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में इसकी शुरुवात वर्ष 2021 में कुछ सदस्यों के साथ कि गई थी जो धीरे धीरे अपने नेक इरादों और पारदर्शी व्यवस्था के कारण बढ़ती जा रही है। वर्तमान में समिति के कुल 1267 पंजीकृत सदस्य है ,जो वार्षिक संवेदना सदस्यता 500 रुपये प्रदान कर इस योजना को फलीभूत कर रहे है। समिति संवेदना राशि प्रदान करने के साथ साथ दिवंगत शिक्षक के नामिनी को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने व लम्बित सत्वों के भुगतान में भी सहायता प्रदान करती है। अब तक जिले के 09 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को कुल 09 लाख रुपये की संवेदना सहायता प्रदान की गई है।

## समूह की दीदियों की आत्मनिर्भरता का साधन बना रीपा - डॉ. आशुतोष



**मनेंद्रगढ़,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क से जुड़कर महिलाओं के जीवन में आर्थिक स्वावलंबन आ रहा है और यह आर्थिक सुधार प्रत्येक ग्रामीण महिला तक लेकर जाना होगा जिसने समूह में जुड़कर अल्प बचत से अपने जीवन में सुधार का कार्य प्रारंभ कर दिया है। रीपा के माध्यम से गांव में ही स्वरोजगार के बेहतर प्रकल्प लगाए जा रहे हैं और इसमें काम करके आप अपने पूरे परिवार को एक मजबूत सामाजिक आधार दे सकते हैं। कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए जिला सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बहरासी ग्राम पंचायत में रीपा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। रीपा में महिलाओं को प्रेरित करते हुए डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि प्रशासन के द्वारा आप सभी के पास अपनी मर्जी का रोजगार और उसके संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। अब आपको मेहनत करके तरक्की की राह पर आगे बढ़ना होगा। गत दिवस जिला पंचायत सीईओ अपने निरीक्षण के दौरान एमसीबी जिले के भरतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहरासी पहुंचे। उन्होने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क का अवलोकन किया और समूह की दीदियों से बातचीत की। जिला सीईओ ने धान कुटाई की मशीन सहित बोरे बनाने वाली और उस पर लोगो आदि छापने वाली मशीन की कार्यप्रणाली देखी। महिलाओं से बात करते हुए उन्होंने इस केंद्र में वनोपज संग्रहण और प्रोसेसिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। जीराफूल चावल प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर उन्होने कूटे गए धान का भी अवलोकन किया। केंद्र में धान की उपलब्धता के आधार पर उन्होने विभागीय अधिकारियों को एक बड़ी यूनिट लगाए जाने का प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी दिए। मिलेटस प्रसंस्करण के लिए लगाई गई यूनिट का अवलोकन करने के बाद उन्होने स्व सहायता समूह की महिलाओं को नियमित कार्य करने और प्रतिदिन का खर्च कम करते हुए उत्पादन बढ़ाने के लिए सुझाव दिया। यहां उन्होने महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से लगाए गए हल्दी की खेती का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारी और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एके अग्निहोत्री, ग्राम पंचायत सरपंच सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सात करोड़ के कार्यों की विधायक ने रखी आधारशिला

### नगर पालिका ने निर्माण कार्यों की जारी की निविदा



**सूरजपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद सूरजपुर के अंतर्गत सात करोड़ रूपए के अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमि पूजन सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक खेलसाय सिंह के मुख्य आतिथ्य व नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान वरिष्ठ इंका नेता प्रहलादराय अग्रवाल, राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य सुभाष गोयल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, जिपं उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े सहित समस्त नगरीय जनप्रतिनिधि मंचासीन थे। विधायक सिंह ने 11 कार्यों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास पट्टिका अनावरण किया और दो करोड़ की लागत के स्वीमिंग पुल व डेढ़ करोड़ की लागत के डॉ.बीआर अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन के साथ 18 वार्डों में एक करोड़ की लागत से सड़क व नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक-7 पुराना बस स्टैण्ड में 38 लाख की लागत से चौपाटी निर्माण, वार्ड क्रमांक-10 गायत्री मंदिर के समीप गौशाला में 42 लाख की लागत से चारदीवारी निर्माण, नगर के वार्ड क्रमांक-16 में लगभग 95 लाख की लागत से व्यवस्थित हाट बाजार की दुकानों का निर्माण, 19 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक-4 के कृष्णकुंज में पाथ-वे निर्माण, वार्ड क्रमांक-16 में प्राईमरी स्कूल के पीछे 23 लाख की लागत से दस नग दुकान निर्माण, वार्ड क्रमांक-11 में 30 लाख रूपए की लागत से रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का सफल संचालन विधायक प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल व आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह ने किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान ने स्वागत उद्बोधन के साथ निर्माण कार्यों का वृत्त प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर अपनी बातें रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों और अधोसंरचना तथा समग्र विकास के संबंध में नगरवासियों को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने नगर की 12 समितियों को स्वेच्छा अनुदान मद से 20-20 हजार रूपए लागत के बर्तन भी नगरवासियों को वितरित कर यह सौगात दी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल ने भावी योजनाओं से अवगत कराया और आने वाले समय में नगर के चहुंमुखी विकास को लेकर निकाय के द्वारा नगर में हर संभव कार्यों में आगे बढ़ने की बात कही। इस दौरान राज्य उपभोक्त संरक्षण परिषद के सदस्य सुभाष गोयल व जिपं उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष जीएस मिश्रा, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय डोसी, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद कुंवर, दिप्ती स्वाई, पार्षद अजय सिंह, जियाजुल हक, पुष्पलता गिरधारी साहू, विरेन्द्र बंसल, अश्वनी सिंह, गैबीनाथ साहू, राम सिंह, राधामुनि तनवीर अहमद, संतोष सोनी, मंजूलता गोयल, पुष्पलता पवन साहू, सुरेन्द्र देवांगन, संजू आनंद सोनी, कुसुमलता राजवाड़े, अजय सोनवानी के साथ एल्डरमैन मनोज डालमिया, मधु साहू, त्रिलोक बेहरा, मो.इदरिश, देवदत्त साहू, आकाश साहू, सहायक अभियंता बसंत जायसवाल, अधीक्षक एमएल गहरवरिया, उप अभियंता अर्चना गुप्ता, प्रदीप एक्का, लेखापाल संजय राजवाड़े, राजस्व प्रभारी सीएस जायसवाल व नगर पालिका की टीम के साथ शहर के गणमान्यजन, विभिन्न वार्डों से आये वार्डवासी व समितियों के पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित थे।

**धाविका सोनिका की आर्थिक मदद के लिए बढे हाथ:** राष्ट्रीय स्तर की क्रॉस कंट्री के लिए चयनित हुई उभरती क्षेत्र की सोनिका राजवाड़े के लिए भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने खुले कंठ से आर्थिक मदद की घोषणा की। जिसमें 15000 इंका नेता व पीआरए ग्रुप के मुखिया प्रहलाद राय अग्रवाल, दस हजार मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान व दस हजार जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े ने खिलाड़ी को देने की घोषणा की। वही सोनिका को राष्ट्रीय स्पर्धा की तैयारी के लिए 6 माह तक निशुल्क जिम में भी प्रशिक्षण दिए जाने की संपूर्ण राशि के खर्च का जिम्मा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजवाड़े ने उठाया।

## सार-संक्षेप

### विजय जायसवाल के नेतृत्व में निकली कावड़ यात्रा



**खरसिया,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के अंतिम सोमवार को जल चढ़ाने विजय जायसवाल के नेतृत्व में खरसिया से बरगढ़ के लिए कांवड़ यात्रा निकाली गई जिसमे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे की धुन पर नाचते-गाते बोल बम का नारा लगाते ये सभी भक्त पूरे क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए खरसिया पहुंचे थे नगर के प्रसिद्ध भगत तालाब शिव मंदिर से कांवड़ में जल भरकर ये सभी भक्त सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर बरगढ़ के लिए रवाना हुए।

राजनीति से लेकर सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता के साथ भूमिका निभाने वाले विजय जायसवाल के पास सैकड़ो लोग अपनी समस्या लेकर आते है उन सभी लोगों की समस्या का निवारण विजय जायसवाल करते हैं। सावन के अंतिम सोमवार को अल सुबह ये सभी भक्त प्रसिद्ध बरगढ़ के महादेव मंदिर पहुँचकर कांवड़ में लाये जल को भगवान शिव को अर्पित किया। इस दौरान रास्ते भर लोगों ने कांवड़ यात्रा में चल रहे कावड़ियों का स्वागत सत्कार किया। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। मेला भी क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षक का केंद्र रहा। विजय जायसवाल ने बरगढ़ के शिव मंदिर के कायाकल्प से लेकर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमो में विशेष योगदान है। विशाल कावड़ यात्रा में शामिल होने वालो में प्रमुख रूप से विजय जायसवाल, रायगढ़ से आये मंजुल दीक्षित ईश्वर महंत, सोनू अग्रवाल (पार्षद) सुनील मीनू, सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने हाईस्कूल भवन का किया भूमिपूजन



**खरसिया,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। उच्च शिक्षा मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल ने ग्राम छोटे मुड़पार में 75 लाख रूपए की लागत से निर्मित होने वाले हाई स्कूल भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री उमेश पटेल ने हाई स्कूल भवन के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा की हाई स्कूल भवन निर्माण होने तथा स्कूल प्रारम्भ होने से गांव तथा आसपास के बच्चों को आगे शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्कूल का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को स्थानीय स्तर पर सुलभ कराई जा सके। उन्होंने कहा की शिक्षा मानव जीवन में महत्वपूर्ण है, जिससे मानव उन्नति की राह की ओर अग्रसर होता है।

गौरतलब है की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दूसरे चरण में रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा में करोड़ों रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया था। वहीं ग्राम छोटे मुड़पार में हाई स्कूल भवन निर्माण के लिए भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 75 लाख रूपए की स्वीकृति राशि की घोषणा की थी। जिसका भूमिपूजन 27 अगस्त रविवार को छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल के करकमलों से किया गया।

### बच्चों का वजन लेकर लगाया जाएगा पोषण स्तर का अंदाजा

**जांजगीर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में 06 वर्ष से कम आयु के पोषण स्तर को आकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 01 से 13 सितंबर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी देते हुये बताया गया कि इसका उद्देश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना है।

इस दौरान सभी विकासखण्डों में क्लस्टरवार वजन यौहार का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रत्येक गांव आंगनबाड़ी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन लेकर पोषण स्तर का माप किया जायेगा। साथ ही बच्चों के पोषण स्तर के बारे में अभिभावकों को अवगत कराते हुये उन्हें कुपोषण के संबंध में जागरूक कर बच्चों के कुपोषण से बाहर लाने हेतु उचित परामर्श दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के आधार पर जिले से कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु लक्ष्यों का निर्धारण कर उपयुक्त कार्ययोजना बनाई जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिले के समस्त अभिभावको से वजन त्यौहार में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने बच्चों का वजन कराने का आग्रह किया गया है। छोटी उम्र में पोषण आहार को बच्चों के दिनचर्या में जोड़ दिया जाये तो उनमें शारीरिक एवं मानसिक विकास को बल मिलता है।

## भद्रा के साऐ में रक्षाबंधन 30 को

# रात्रि 9 के बाद प्रदोस काल में 24 मिनट तक शुभ समय



**जांजगीर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। भाई बहन का प्रमुख त्यौहार सावन मास के पुर्णिमा तिथि को मनाया जाता हैं। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की काशीविश्वनाथ पंच्चाग मतानुसार इस बार पुर्णिमा तिथि 30 अगस्त को दिन के 10 बजकर 19 मिनट से 31 अगस्त सुबह 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगी लेकिन 30 अगस्त के सुबह 10 बजकर 19 मिनट से भद्रा प्रारंभ हो रही है। और रात्रि 8 बजकर 37 मिनट तक रहेगी भद्रा उपरान्त 9 बजे रात्रि में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाना बेहद शुभ होगा। शास्त्र सम्मत है की उदया तिथि में भी 31 अगस्त को रक्षा बंधन का त्यौहार मनाया जा सकता है। भद्रा काल में राखी का पवित्र त्यौहार को नहीं मनाना चाहिए अगर बहनों के मन में किसी भी प्रकार का संसय हो तो 31 अगस्त की सुबह 7 बजकर 5 मिनट के पहले शुद्ध हो करके अपने रक्षासुत्र को भगवान गणेश जी को प्रथम रक्षासुत्र बांध कर बाकी रक्षासुत्र राखी को भगवान गणेशजी को र्स्पश करा कर रख लें और अपने सुविधा के अनुसार समय में राखी बांध सकती है। भगवान गणेश जी स्यंम विध्नहर्ता है। बाकी गणेशजी पर छोड़ दे। पौराणिक कथा के अनुसार भद्रा शनिदेव की बहन भगवान सुर्यदेव एवं माता छाया की संतान है। जब पृथ्वी पर दैत्यौ की अत्याचार बड़ गया तो इन शक्तियौं के विनाश के लिए भद्रा का जन्म हुआ जन्म लेते ही भद्रा सृष्टि का विनाश करने लगी सृष्टि का संतुलन गड़बड़ाने लगा तब देवताओं ने संतुलित किया की जो कोई भद्राकालिन समय में शुभ कार्य करेगा उसे भद्रा का कोप का भाजन बनना पड़ेगा इस लिए कहा जाता है की भद्राकाल में कोई भी कार्य करने से शुभ नहीं होता है। अशुभ फ्ल से बचने के लिए भद्रा कालिन समय में शुभ कार्य बर्जित योग्य है। भाई बहन की प्यार भरा रिस्ता को भद्रा मुक्त समय में मनाए।

# नौकरी लगाने के नाम पर 36 लाख की धोखाधड़ी

### चांपा पुलिस ने 4 लोगों को किया गिरफ्तार, एक आरोपी फरार



**जांजगीर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर पांच लोगों ने मिलकर तीन लोगों को 36 लाख रुपए का चूना लगा दिया। मामले में छानबीन के बाद चांपा पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। वहीं पांचवा आरोपी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस सर गर्मी से कर रही है।

मामला चांपा थाना क्षेत्र के बालपुर और महुदा गांव का है। बालपुर निवासी रमेश कुमार मन्नेवार व रूपेश मन्नेवार से 22 लाख रुपए तथा महुदा के अजीत कुमार साहू से 14 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें रेलवे में नौकरी लगने का झांसा दिया था और उनसे कुल 36 लाख रुपए ठग लिए। इस बीच लंबे समय बाद भी जब नौकरी नहीं लगी, तब उन्होंने दिए 36 लख रुपए की मांग की। तब आरोपी हिलाहवाला करने लगे। आखिर में मामला थाना पहुंचा। पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद लछनपुर जांजगीर के विधान बैरागी, लछनपुर जांजगीर के पुरुषोत्तम पटेल, भजन पटेल, उसलापुर बिलासपुर की वर्षा रानी शर्मा को नौकरी लगाने के नाम पर 36 लाख की ठगी करने के मामले में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। इस पूरी वारदात को अंजाम देने में एक अन्य आरोपी ने भी भूमिका निभाई थी, जो फरार है। पुलिस उसकी तलाश सरगर्मी से गर्मी से कर रही है।

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार




**अकलतरा**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। टांगिया से प्राणघात हमला करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से घटना में प्रयुक्त टंगिया बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आहत के सिर में गंभीर चोट लगी थी। आरोपी के विरूद्ध धारा 307 भादवि के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

अकलतरा पुलिस ने बताया कि कल शाम को करीब 06 बजे प्रार्थी राजू कश्यप निवासी पचरी के भाई आहत संजू कश्यप को आरोपी साहिल भारद्वाज द्वारा पार्टी करने के बहाने ग्राम पचरी अपने घर बुलाकर चरित्र शंका को लेकर जान से मारने की नीयत से आहत के सिर एवं शरीर में टंगिया से प्राणघातक वार कर चोट पहुंचाने कि सूचना पर आरोपी के विरूद्ध थाना अकलतरा में धारा 307 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी साहिल भारद्वाज उर्फ भांचा उम्र 20 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा गया, हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर आज को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यकला रामटेकेए उप निरी. लालन पटेल, सउनि अरूण कुमार सिंह, आर. विरेश सिंह, अनिल जांगडे का सराहनीय योगदान रहा।

# जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने निर्देश

**जांजगीर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आज अपर कलेक्टर गुड्डु लाल जगत ने अपने कार्यालय कक्ष में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया। आज जनदर्शन में कुल 100 आवेदन प्राप्त हुए।



जनदर्शन में आज तहसील अकलतरा के ग्राम कल्याणपुर निवासी चुड़ामणी शर्मा द्वारा काश्तकारी भूमि के मुआवजा क्षतिपूर्ती दिलाने, ग्राम पंचायत खैरताल निवासी गनपत द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ दिलाने, तहसील पामगढ़ के ग्राम खरौद निवासी टिकाराम यादव द्वारा सड़क से दुर्घटना से मृत्यु पर मुआवजा राशि दिलाने, तहसील जांजगीर के ग्राम बिरगहनी निवासी दुकालू रात्रे द्वारा पेंशन सहायता राशि दिलाने, तहसील नवागढ़ के ग्राम दर्री निवासी दुजबाई द्वारा विधवा पेंशन का लाभ दिलाने, विकासखंड पामगढ़ के ग्राम मुलमुला निवासी दुखहरण लाल राठौर द्वारा रिकार्ड दुरूस्तीकरण करवाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा रोजगार प्रदाय, नामांतरण, राशनकार्ड, भूमि सीमांकन, मुआवजा, पीएम आवास, आर्थिक सहायता सहित कुल 100 आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

### शुक्ला की सातवीं पुण्यतिथि पर मानस गायन व प्रवचन आज

**जांजगीर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसी के प्रथम सरपंच एवं मानस मर्मज्ञ पंडित सुशील शुक्ला की सातवीं पुण्य तिथि मंगलवार 29 अगस्त को परंपरानुसार मनाई?जाएगी। गृह ग्राम तुलसी में अखंड रामायण पाठ एवं रामचरितमानस गायन व प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर उनकी स्मृति में विगत 7 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को रामायण गायन एवं प्रवचन करने वाली जगदम्बा मानस मंडली को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह शाम 4.30 बजे राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित रघुराज प्रसाद पांडे, दिनेश शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि ठा.गुलजार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. परस शर्मा, साहित्यकार सतीश कुमार सिंह की उपस्थिति में होगा।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज सद्भावना रैली व हॉकी मैच

**जांजगीर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रात: 7 बजे सद्भावना रैली का आयोजन कचहरी चौक जांजगीर से डाइट जांजगीर तक किया जाएगा। इसके साथ ही डाईट जांजगीर के हाल में प्रात: 8 बजे सभी खेलों के राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजन एवं सायंकाल हॉकी का प्रदर्शन मैच खेलो इंडिया लघु केन्द्र टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर में आयोजन किया जाएगा।

### झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर से गिर कर एक यात्री की मौत



**जांजगीर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। सक्ती जिला मुख्यालय सक्ती मे सोमवार सुबह लगभग 11 बजे झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर से गिर कर एक यात्री की मौत हो गई है। घटना सक्ती कोतवाली क्षेत्र के बोरई रेलवे ब्रिज की बताई जा रही है मृतक की अब तक पहचान नही हो पाई है पुलिस शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर सक्ती के टेमर पुल से ट्रेन जब पार हो रही थी इसी दौरान एक यात्री ट्रेन से गिर गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### कृषि विभाग द्वारा लिये जा रहें कीटनाशक दवाओं के सैम्पल

**सक्ती**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि विभाग द्वारा खाद बीज के साथ ही कीटनाशक दवाओं के गुणवत्ता जांच के लिए सैम्पल एकत्र किए जा रहे हैं। खाद बीज के सैम्पल अमानक स्तर का पाये जाने पर कार्रवाई भी की गई है। अब कृषि विभाग के निरीक्षकों के द्वारा कीटनाशक दवाओं के सैम्पल एकत्र किये जा रहे हैं।

कलेक्टर सक्ती श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के द्वारा आदान विक्रेताओं के दुकानों का जांच के साथ साथ सैम्पल लेकर जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि किसानों को गुणवत्तायुक्त सामाग्री मिल सके। संचालक कृषि रायपुर के द्वारा जांच कार्य को काफी गंभीरता से लिया गया है इस कार्य की राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा भी हो रही है। इस समय धान फसल में तना छेदक कीट बढ़ने की संभावना है, ऐसे में तना छेदक में काम आने वाली सभी प्रकार की दवाइयों का सैम्पल लिया जा रहा है। तना छेदक में फरटेरा नामक दवा का बहुतायत उपयोग होता है।

# पार्टी के वरिष्ठजनों का किया सम्मान

### ग्राम सरखों, तेन्दुभाठा, करमंदी के वरिष्ठजनों को किया शाल श्रीफल भेंट



**जांजगीर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केन्द सरखों में ग्राम सरखों, तेन्दुभाठा, करमंदी के वरिष्ठजनों का साल श्रीफल से सम्मानित कर सभी के साथ भोजन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित होकर निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान में कहा कि देश व पार्टी के विकास में वरिष्ठ बुजुर्गों का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी नीति को लोगो तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने में अपना अहम योगदान दिया बूथ स्तर के बीच जाकर लोगो को जागरूक किया। लोकसभा के चुनाव एवं विधानसभा के चुनावों में 24 घंटे काम करते हुए पार्टी को नई ऊंचाई में लेकर गये ऐसे कार्यकर्ताओं को उनकी सेवा व समर्पण भाव के लिए सम्मानित किया जा रहा है, वरिष्ठ कार्यकर्ता पुहुप राम, गेंदराम करियारे, कन्हैया यादव, मेहत्तर लाल बिंझवार, बाबूलाल तिवारी, ठाकुर सिंह, हरनारायण राठौर, रामचरण राठौर, जगदीश यादव, सनत मिश्रा का साल श्रीफल से सम्मान किया गया एवं साथ में सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण महादेव साहू के द्वारा किया गया एव आभार प्रदर्शन संजय राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुकेश भोपालपुरिया, सुनील पाण्डे, महादेव साहू, संजय राठौर, प्रभुदयाल जायसवाल, श्रवण साव, गंगाराम गढ़ेवाल, पुष्कर साव, राजेद्र प्रसाद साव, श्रवण साव, विजेन्द्र राठौर, बरातु राठौर रघुवीर साव, बलराम सिंह, राठौर, जगत सूर्यवंशी, छेदीलाल श्रीवास, कन्हैया साहू, लुरनलाल बरेठ, गिरवर सिंह राठौर, बनवारी लाल राठौर, ज्वाला प्रसाद कसेर, छबीलाल, गुलाब साहू, रंजीत सूर्यवंशी, भीषम खरे, संतराम सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पीएम आवास बना तो गिरती छत और टपकते पानी से मिली मुक्ति

**जांजगीर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिसके घर की कच्ची छत से बारिश का पानी टपक रहा हो और कभी भी उसके गिरने का डर हो ऐसे में वह कैसे सुरक्षित जीने की कल्पना कर सकता है और इतने पैसे भी न हो कि घर के छप्पर को भी ठीक करा सकें। यह आप बीती थी कचंदा गांव में रहने वाले रामनारायण राठौर की, लेकिन अब उनके हालात बदल गये हैं, उनके पास प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से बना पक्का मकान है, जिसकी छत से न तो बारिश का पानी टपकता है और न ही उसके गिरने का डर है, उन्हें कच्चे मकान से मुक्ति मिल गई और वह अपने सपनों के घर में रहने लगे हैं। जिले के बम्हनीडीह जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कंचदा में रहते हैं, रामनारायण राठौर पिता कार्तिक राम राठौर। वह बताते हैं कि उनके पास छोटी सी जमीन है जिसमें वह खेती किसानी करते हैं, इसके साथ ही मजदूरी करके अपने परिवार के लिए बमुश्किल गुजारे की व्यवस्था करते हैं। उनका कहना है कि इतनी कम आमदनी में यह सोचना कि पक्का मकान बना ले तो यह संभव नहीं था, जो भी था बस यही था। जैसे-तैसे गुजारा तो हो रहा था, लेकिन जमा पूंजी कुछ नहीं हो रही थी, कि कभी मकान बना सके। फिर उन्होंने पीएम आवास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी ग्राम पंचायत के माध्यम से ली। उसके बाद पीएम आवास 2020-21 में स्वीकृत किया गया, आवास निर्माण को लेकर जैसे-जैसे किश्त खाते में आती गई, उन्होंने मकान बनाना शुरू कर दिया। मकान में लगने वाली एक-एक इंट उनके मन में उत्साह उमंग पैदा कर रही थी। वह बताते हैं कि जब मकान तैयार हुआ और उसमें गृह प्रवेश किया तो लगा कि जो सपना देखा था, लेकिन पूरे होने की कोई संभावना नहीं था, उसे पीएम आवास योजना के माध्यम से साकार रूप में देखकर मन बहुत प्रसन्न हो रहा है। मकान निर्माण के साथ ही उन्हें घर में शौचालय भी मिला और महात्मा गांधी नरेगा से 90 दिवस की मजदूरी भी प्राप्त हुई है। उनके लिए यह आवास सपनों का मंदिर बन गया और परिवार के साथ उसमें रहने लगे।

# उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने जिले को कायाकल्प आयुष के प्रथम व द्वितीय पुरस्कार से नवाजा




**सारंगढ़**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने रायपुर के एक निजी होटल में गत दिवस आयोजित कायाकल्प-आयुष पुरस्कार 2023 समारोह में राज्य के 25 आयुष संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 2 केन्द्र भी शामिल हैं। इसमें आयुष केंद्र एवं स्पेशलिटी क्लीनिक श्रेणी में जिले के आयुष केन्द्र कनकबीरा को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इस श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 75 हजार का चेक प्रदान किया गया। आयुर्वेद औषधालय भेडवन को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। यह पुरस्कार स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम और अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आयुष संस्थाओं को पुरस्कार मिला है। स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का चार चरणों में मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट पाए गए 25 आयुष संस्थाओं का इन पुरस्कारों के लिए चयन किया गया था। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत केन्द्रीय आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार आयुष संस्थाओं में स्वच्छता को बढ़ावा देने, संक्रमण की रोकथाम तथा अपशिष्ट प्रबंधन के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश में कायाकल्प-आयुष का क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। छत्तीसगढ़ के 1174 आयुष संस्थाओं में से 1054 संस्थाओं ने कायाकल्प-आयुष में भागीदारी की। राज्य की 90 प्रतिशत संस्थाओं की सहभागिता काफी उत्साहवर्धक है। कायाकल्प-आयुष की शुरूआत के बाद पूरे देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में आयुष संस्थाओं के मूल्यांकन के बाद चयनित संस्थाओं को पुरस्कृत किया गया। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती कविता गर्ग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्लै भी कायाकल्प-आयुष पुरस्कार समारोह में शामिल हुईं।

### विजेता आयुष केन्द्रों को कलेक्टर ने सराहा

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी से जिले के आयुर्वेद औषधालय भेड़वन और आयुष केन्द्र कनकबीरा के विजेता प्राप्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद मुलाकात की। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी को पुरस्कार के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा मीरा भगत ने प्रदेश स्तर पर जिले को प्राप्त उपलब्धि के लिए कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी सहित वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन व सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित की। संस्था प्रभारी डॉ. शेष बहादुर यादव, डॉ. अशोक पांडेय, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, संस्थाओं के फार्मासिस्ट सखाराम निराला, नरेश पटेल सहित औषधालय सेवक पद्मिनी पटेल, पीटीएस अर्जुन पटेल सहित सभी स्टाफ को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाइयां दी। इस अवसर पर डॉ. बी.आर. पटेल उपस्थित थे।

# देश विदेश


## चीन में भारी वर्षा के आसार, 'येलो अलर्ट' जारी

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने यहां के कई क्षेत्रों में तूफानी हवाएं और भारी वर्षा होने के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। लियाओनिंग, शेडोंग, शंघाई, फुजियान, गुआंग्शी, युन्नान और तिब्बत सहित विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार सुबह आठ बजे से मंगलवार सुबह आठ बजे तक भारी बारिश और तूफान आने का अनुमान है। मौसम केन्द्र ने स्थानीय सरकार से उचित तैयारी करने और उसके अनुसार अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने का आग्रह किया गया है। मौसम खराबी के दौरान बिजली आपूर्ति को बंद करने और खुले क्षेत्रों में बाहरी संचालन को निलंबित करने का भी सुझाव दिया है। चीन में चार स्तरीय मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर चेतावनी का अलर्ट है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

# पश्चिमी लॉबी ने पाकिस्तान चुनाव में अपेक्षित देरी पर दी चेतावनी

■ चुनाव स्थगन की स्थिति में इस्लामाबाद को परिणाम भुगतने होंगे

**इस्लामाबाद**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के आम चुनावों में संभावित देरी और कार्यवाहक सरकार के कार्यकाल को उसके अनिवार्य 90 दिनों से बढ़ाने के बारे में चल रहे पूर्वानुमान और बहस के बाद पश्चिमी देशों और यूरोपीय संघ (ईयू) ने आपत्तियां व्यक्त की हैं और चेतावनी दी है कि चुनाव स्थगन की स्थिति में इस्लामाबाद को परिणाम भुगतने होंगे। राजनयिक सूत्रों ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन सहित प्रमुख पश्चिमी देशों ने इस मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि चुनाव में देरी के परिणाम भुगतने पड़ सकते



हैं, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों का दर्जा कम करना भी शामिल है। राजनयिक हलके के सूत्रों के अनुसार, अमेरिका और यूरोपीय संघ का मानना है कि चुनाव किसी भी प्रगतिशील लोकतांत्रिक समाज का सार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान में चुनाव में देरी और कार्यवाहक व्यवस्था के 90 दिन से ज्यादा बने रहने की स्थिति में केवल प्रतिकूल परिणाम होंगे। पश्चिमी चिंताओं और चेतावनी ने इस्लामाबाद में खतरे की घंटी बजा दी है क्योंकि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने नई डिजिटल जनगणना 2023 के संदर्भ में और उसके अनुसार नए परिसीमन कार्यक्रम की घोषणा की है, जिससे चुनाव कम से कम फरवरी 2024 तक आगे बढ़ जाएंगे। पाकिस्तान संविधान 1973 के अनुसार, विधानसभाओं के विघटन के 90 दिनों के भीतर चुनाव होने चाहिए। शहबाज शरीफ की पिछली सरकार के दौरान काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स की आखिरी बैठक में नई डिजिटल जनगणना को मंजूरी दी गई थी और सभी गठबंधन राजनीतिक दलों द्वारा इस बात पर परस्पर सहमति व्यक्त की गई थी कि चुनाव नई जनगणना और परिसीमन के अनुसार किए जाने चाहिए।

## अमेरिका की वाणिज्य मंत्री चार दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंची



**बीजिंग**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो व्यापार और पर्यटन के क्षेत्र में वाशिंगटन तथा बीजिंग के बीच सहयोग स्थापित करने के लिए चीन पहुंची हैं। फाइनेंशियल टाइम्स अखबार ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुश्री रायमोंडो 30 अगस्त तक चीनी यात्रा पर हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय की प्रवक्ता शू जुएटिंग ने गुरुवार को कहा था कि रायमोंडो की यात्रा के दौरान चीनी सरकार अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों में मतभेदों को खत्म करने पर चर्चा करने की योजना बना रही है। चीन ने मई में कहा था कि अमेरिकी सेमीकंडक्टर निर्माता माइक्रोन साइबर सुरक्षा जांच में विफल रहा है, इसलिए, महत्वपूर्ण चीनी सूचना बुनियादी ढांचे को कंपनी के उत्पादों को खरीदना बंद कर देना चाहिए। तभी से दोनों देशों के बीच नवीनतम व्यापार को लेकर मतभेद हैं। कथित तौर पर अमेरिकी सांसदों ने जवाब में अमेरिकी वाणिज्य विभाग से चीन की एकीकृत सेमीकंडक्टर निर्माता चांगएक्सिन मेमोरी टेक्नोलॉजी को ब्लैकलिस्ट करने का आग्रह किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री इमरान हत्या के आरोप से हुए बरी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ हत्या के लिए उकसाने के आरोप वाली एक प्राथमिकी को खारिज कर दिया है। उनके वकील ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, जून में खान पर सुप्रीम कोर्ट के वकील अब्दुल रज्जाक की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। रज्जाक के बेटे ने पूर्व प्रधानमंत्री पर अपने पिता की हत्या के पीछे होने का आरोप लगाया था। एक ट्वीट में, खान के वकील नईम हैदर पंजुथा ने कहा- अदालत ने इमरान खान के खिलाफ क्वेटा के बिजली रोड पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया है... एक बार फिर झूठे मामले में इमरान खान जीत गए हैं। न्याय की जीत के लिए पूरे पाकिस्तान को बधाई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मरने से पहले रज्जाक ने अप्रैल 2022 में विश्वास मत हारने के बाद असंवैधानिक रूप से संसद को भंग कर संविधान का उल्लंघन करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग करते हुए एक आवेदन दिया था।

## अमेरिकी हवाई हमलों में अल-शबाब के 13 आतंकी ढेर

**मोगादिशु।** अमेरिकी अफ्रीका कमांड ने रविवार को कहा कि सोमालिया सरकार के अनुरोध पर अमेरिकी सशस्त्र बलों ने अल-शबाब आतंकवादी समूह के खिलाफ हवाई हमला किया जिसमें समूह के 13 आतंकवादी मारे गए। बयान में कहा गया है कि हमला किसमायो शहर से 45 किलोमीटर (27.9 मील) उत्तर-पश्चिम में लक्ष्य पर हुआ। अल-शबाब सोमालिया स्थित जिहादी आतंकवादी समूह है जो अल-कायदा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ है। यह सोमाली सरकार के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध छेड़ता है और देश में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मिशनों में बाधा डालता है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 29 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 11**

### राशिफल

मेष -घर, परिवार और संतान के मामले में आज आपको आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा। आज आप सगे- संबंधियों और मित्रों से घिरे रहेंगे। व्यापार को बढ़ाने के लिए कहीं जाना होगा। इसमें लाभ होगा।

वृषभ -विदेश में रहने वाले स्वजन या मित्रों का समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्नता का अनुभव करेगा। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अनुकूल संयोग बनेंगे। लंबी दूरी की यात्रा करने का अवसर आएगा।

मिथुन -किसी भी प्रकार के अनिष्ट से बचने के लिए आज क्रोध की भावनाओं को नियंत्रण में रखने की जरूरत है। नई दवाई या चिकित्सा शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। खर्च बढ़ जाने से आर्थिक तंगी अनुभव होगी।

कर्क -आज मौज-शौक और मनोरंजन की प्रवृत्ति में आप सराबोर होंगे। मित्रों, परिवार के साथ मनोरंजन के स्थान या पर्यटन पर जाने का अवसर मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषण आदि की खरीदारी होगी। वाहन सुख प्राप्त होगा।

सिंह -आज आपके परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर आप आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति और आनंद की प्राप्ति होगी।

कन्या -आज आपको किसी न किसी कारणवश से मन में चिंता रहेगी। विशेष रूप से संतान और स्वास्थ्य के बारे में आप अधिक चिंतित होंगे। पेट संबंधी बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में कठिनाइयां आएंगी।

तुला -अत्यधिक संवेदनशीलता और विचारों के बवंडर से आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। माता और महिलाओं के मामले में आपको चिंता रहेगी। यात्रा के लिए आज का दिन अनुकूल न होने से यात्रा करना टालें।

वृश्चिक -आज का दिन खुशी से व्यतीत करेंगे। नए काम की शुरुआत करेंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा। स्वजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। किसी छोटी यात्रा के योग हैं। आज आपके काम सफल होंगे।

धनु -आपका आज का दिन मध्यम फलदायी साबित होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी पैदा होने के कारण मनमुटाव होगा। आज आपके व्यवहार में दृढ़ता कम होने से कोई भी निर्णय तेजी से नहीं ले सकेंगे।

मकर -आज निर्धारित कार्य सफलता से पूरे होंगे। ऑफिस या व्यवसायिक स्थल पर आपका वर्चस्व बढ़ेगा। गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

कुंभ -आज किसी का पक्ष ना लें। पैसे की लेन-देन से परहेज करें। खर्च में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिजनों के साथ वाद-विवाद से बचें। किसी के साथ गलतफहमी होने से झगड़ा होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखना पड़ेगा।

मीन -आज आपके लिए लाभदायक दिन है। नौकरी व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। बुजुर्ग और मित्रों की तरफ से आपको लाभ होगा। नए मित्र बनेंगे। इनसे मित्रता भविष्य के लिए लाभदायक साबित होगी। मांगलिक अवसरों पर जाना होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## ताजिकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 13 लोगों की मौत

**दुशांबे**, 28 अगस्त (एजेंसियां) पश्चिमी ताजिकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन की प्रेस सेवा ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, कल (रविवार को) मूसलाधार बारिश के कारण 13 लोगों की मौत हो गई, जिसमें वाहदत शहर में 11 और रुदाकी के पास दो अन्य लोग शामिल हैं। प्रेस सेवा ने कहा, श्री रहमोन ने पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री और आपातकालीन स्थिति समिति को प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये। आपातकालीन समिति की प्रवक्ता उमेदा यूसुफी ने बताया कि रविवार को देश में हुई बारिश के कारण दुशांबे, वाहदत और गिसार शहरों तथा रुदाकी, वरज़ोब, देवाश्तिच, रश्त, सांगवोर एवं तोजिकोबोड जिलों में भूस्खलन और चट्टानें गिरीं। उन्होंने कहा कि वाहदत के चार क्षतिग्रस्त गांवों में 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। ताजिक राजधानी दुशांबे के पास कई घर और संपत्तियां भूस्खलन से प्रभावित हुईं, 14 कारें कीचड़ में फंस गईं। सड़कें, सुविधाएं और पांच पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए। आपातकालीन समिति वर्तमान में क्षति के पैमाने का आकलन कर रही है। एक उपप्रधानमंत्री, आयोग के प्रमुख और भूमि सुधार तथा सिंचाई एजेंसी के प्रमुख वाहदत एवं रुदाकी में आपदा स्थलों के लिए रवाना हो गए हैं।

# मिस्र, इतालवी विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

■ लीबिया की स्थिति पर भी की चर्चा



**काहिरा**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी और उनके इतालवी समकक्ष एंटोनियो तजानी ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, श्री तजानी ने नाइजर में विकास के बारे में शौकरी के आकलन और नाइजर और क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने के लिए राजनयिक माध्यमों से संकट को हल करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने लीबिया की स्थिति पर भी चर्चा की, जहां शौरी ने अपने इतालवी समकक्ष को राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति में विकास के संबंध में मिस्र के दृष्टिकोण से अवगत कराया। श्री शौकरी ने उन समाधानों का समर्थन करने के तरीकों की भी समीक्षा की जो लीबिया में जल्द से जल्द संसदीय और राष्ट्रपति चुनाव कराना सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा दोनों शीर्ष राजनयिकों ने अवैध आप्रवासन सहित भूमध्यसागरीय क्षेत्र में सामान्य स्थितियों और चुनौतियों को संबोधित किया।

## अत्याधुनिक जासूसी विमानों की परीक्षण उड़ानें शुरू

**जेरूसलम।** इजराइल की सेना ने खुफिया प्रणालियों से लैस गल्फस्ट्रीम जी550-आधारित टोही विमान ओरॉन का परीक्षण उड़ान शुरू कर दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि सेना ने खुफिया प्रणालियों को अत्याधुनिक ओरोन विमानों की परीक्षण उड़ानें शुरू कर दी हैं। मंत्रालय ने कहा, यह विमान इजरायली सेना को अभूतपूर्व खुफिया क्षमताएं प्रदान करेगा, इससे खराब मौसम में भी जमीनी गतिविधियों की वास्तविक समय पर निगरानी की जा सकेगी। रक्षा मंत्रालय की मिशनीकृत विमान शाखा के प्रमुख ने कहा कि ओरोन एक संयुक्त मल्टी-डोमेन, मल्टी-सेंसर विमान है, जो इज़राइली रक्षा बलों को खतरों का मुकाबला करने के लिए शक्ति प्रदान करेगा।

## 'उत्तर कोरिया ने आर्थिक कठिनाइयों के कारण सीमा फिर से खोली'

**सियोल**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने तीन साल से अधिक समय तक सख्त वायरस प्रतिबंधों के बाद अपनी सीमा को फिर से खोलने का फैसला किया है, इसका मुख्य कारण बंद से होने वाली आर्थिक चुनौतियां हैं।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया ने रविवार को कहा कि उसने कोविड-19 महामारी के बारे में कम चिंताओं के बीच विदेश में अपने नागरिकों को घर लौटने की अनुमति दी है। इस निर्णय से उसने अपनी सीमा को फिर से खोलने की आधिकारिक घोषणा कर दी। मंत्रालय के एक प्रवक्ता कू ब्यूंग-सैम ने एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ऐसा माना जाता है कि अपनी सीमा बंद होने के कारण, उत्तर कोरिया को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, और कर्मियों के आदान-प्रदान अवरुद्ध होने के कारण संभवत: कई असुविधाएं हुईं। फिर भी, मंत्रालय ने उत्तर कोरिया के नवीनतम



कदम को सीमित सीमा को फिर से खोलने के रूप में देखा, क्योंकि उत्तर ने केवल विदेश में अपने नागरिकों की वापसी को मंजूरी दी है। उसने यह उल्लेख नहीं किया है कि वह विदेशियों को प्रवेश की अनुमति कब देगा। नवीनतम निर्णय से, विदेशों में रहने वाले अधिक उत्तर कोरियाई राजनयिकों, मजदूरों और छात्रों के वापस लौटने की उम्मीद है। ऐसी भी चिंताएं हैं कि चीन से उत्तर कोरियाई दलबदलुओं को जबरन उत्तर कोरिया में वापस भेजा जा सकता है। एकीकरण मंत्रालय ने चीन में गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए उत्तर कोरियाई दलबदलुओं के संभावित प्रत्यावर्तन के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की।

## लंदन में नॉटिंग हिल कार्निवल के दौरान 85 लोग गिरफ्तार

**लंदन**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। लंदन के नॉटिंग हिल जिले में पुलिस ने कैरेबियन कार्निवल के पहले दिन 85 लोगों को गिरफ्तार किया है, हालांकि इस दौरान कोई गंभीर घटना दर्ज नहीं की गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस सेवा ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने एक बयान में कहा, रविवार को 21:30 बजे तक, 85 गिरफ्तारियां हो चुकी थीं। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोगों को हथियार, मादक पदार्थ रखने या यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

बयान में एक उप सहायक आयुक्त एडे एडेलकन और नॉटिंग हिल कार्निवल के संचालन प्रमुख के हवाले से कहा गया,"सा कि हमने हमेशा देखा है कि बहुत बड़ी भीड़ लंदन और उसके बाहर से आ रही है... जहां भी ऐसा होगा, हमारे अधिकारी निर्णायक रूप से जवाब देंगे, जो अब तक की गई 85 गिरफ्तारियों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियों की संख्या कार्निवल के पहले दिन पुलिस की अपेक्षाओं के अनुरूप 'मोटे तौर पर सुसंगत' थी। पुलिस ने यह भी कहा कि सुरक्षा अभियानों की बदौलत पहला दिन बिना किसी गंभीर घटना के बीता।

## आज का इतिहास

1612 – सूरत की लड़ाई में अंग्रेजों ने पुर्तगालियों को हराया।
1833 – ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम ने कानून का रूप लिया।
1842 – ग्रेट ब्रिटेन और चीन ने नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर किये।
1914 – न्यूजीलैंड के सैनिकों ने जर्मन समोआ पर कब्जा किया।
1916 – अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति प्रदान की- फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता।
1932 – नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में अंतर्राष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन।
1941 – रूस में जर्मन इंस्तजकमांडो ने 1469 यहूदी बच्चों की हत्या की।
1945 – ब्रिटेन ने हांगकांग को जापान से मुक्त कराया।
1957 – कांग्रेस ने नागरिक अधिकार अधिनियम, 1957 पारित किया।
1974 – चौधरी चरण सिंह की अध्यक्षता में लोकदल पार्टी की स्थापना।
1976 – बंगाल के कवि एवं महान क्रांतिकारी काजी नजरुल इस्लाम का बंगलादेश के ढाका में निधन।
1996 – आर्कटिक द्वीप के स्पिट्सबर्गेन की पहाड़ी में वनुकोवो एयरलाइंस के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 141 लोगों की मौत।
1998 – पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित।
2012– चीन में सिचुआन प्रांत के शियाओजियावान कोयला खदान में हुए विस्फोट से कम से कम 26 चीनी श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि 21 लापता हो गये।
2014– फिल्म 'गांधी' के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले निर्देशक रिचर्ड एटनबरा का निधन।

**आयोजन** इराकी विदेश मंत्रालय ने बगदाद में आयोजित किया समारोह

# इराक, चीन ने राजनयिक संबंधों की 65वीं वर्षगांठ मनाई

**बगदाद**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। इराकी विदेश मंत्रालय ने इराक और चीन दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर बगदाद में एक समारोह आयोजित किया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के बारे में इराकी उप मंत्री मोहम्मद हुसैन बहर अल-उलूम ने अपने भाषण में कहा, इराकी-चीनी दोस्ती ऐतिहासिक है और दोनों देशों के बीच मित्रता की जड़ें कई दशकों से मजबूत हैं। उन्होंने कहा, 65 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों ने सम्मान और पारस्परिक लाभ के आधार पर काफी प्रगति की है।

इराक में चीनी राजदूत कुई वेई ने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी पारंपरिक मित्रता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन सिल्क रोड ने 2,000 साल से भी पहले दोनों लोगों को जोड़ा था। श्री कुई ने कहा, पिछले 65 वर्षों में, चीन और इराक ने हमेशा एक-दूसरे को समझा, भरोसा किया है तथा हर मुद्दे पर एक-दूसरे का समर्थन किया है।



उन्होंने कहा कि बेल्ट एंड रोड पहल के तहत चीनी कंपनियां इराक में तेल और बिजली परियोजनाओं में व्यापक रूप से तथा गहराई से शामिल हैं। उन्होंने देश की आर्थिक वृद्धि और लोगों की आजीविका में सुधार के लिए महान योगदान दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इराक वर्तमान में पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में चीन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है जबकि चीन इराकी तेल का सबसे बड़ा विदेशी खरीदार है।

## चीन के कई क्षेत्र एकीकृत विकास को दे रहे बढ़ावा

**बीजिंग।** चीनी परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीन की ऊर्जा खपत संरचना में परिवहन उद्योग में ऊर्जा खपत लगभग 17 प्रतिशत है। परिवहन उद्योग की ऊर्जा संरचना में, हरित बिजली का अनुपात कम है। इसलिए हरित ऊर्जा विकसित करने की संभावना बहुत बड़ी है। कई क्षेत्र नई ऊर्जा और परिवहन के एकीकृत विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। शिनच्यांग का पहला एक्सप्रेसवे दोहरी ऊर्जा भंडारण स्व-सुसंगत फोटोवोल्टिक बिजली आपूर्ति प्रणाली आधिकारिक तौर पर अल्ताई- उरुमुछी एक्सप्रेसवे के एक सेवा क्षेत्र में बिजली उत्पादन के लिए ग्रिड से जुड़ी हुई थी और परीक्षण संचालन में डाली जा चुकी है। यह प्रणाली रेगिस्तान के जटिल ऑपरेटिंग जलवायु वातावरण के लिए अनुकूलित ऊर्जा भंडारण प्रदर्शन प्रणालियों के दो सेटों से सुसज्जित है। ताकि सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुविधाओं के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यह प्रणाली सालाना 7,10,000 किलोवाट बिजली उत्पन्न कर सकती है, जो प्रति वर्ष 285 टन मानक कोयले की बचत के बराबर है।

## सुडोकू 6300


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 5 | | | | 9 | |
| 5 | | | 9 | | | | 3 | 1 |
| | | | | | | 8 | | |
| 3 | 6 | | | 5 | 4 | | 1 | |
| | | 1 | 8 | | 6 | 9 | | |
| | 7 | | 1 | 3 | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | | | | | |
| 7 | 1 | | | | 3 | | | 9 |
| | 3 | | | | 5 | | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6300



**बायें से दायें:-**
१. हानिकारक, अपकार करने वाला, अकल्याणकारी
४. 'एजेंट'
६. रुकना, ठहरना, चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरुता, भारीपन, गौरव, महत्व
१५. बंधुत्व
१६. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन, बगीचा
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन होकर नीचे की ओर झूलना, टंगना
२४. निर्माण-संबंधी, सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**
१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपाती (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली और बीच की ऊंगलियों में बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब, भरोसा, मदद (उर्दू)
१३. संपूर्ण, समस्त (उर्दू)
१४. आकाश, नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. लेखक, लिपिकार
१९. पूज्य, उपासना
२०. लालसा, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6299

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दृ | ष्टि | गो | च | र | | सु | प्र | सि | द्ध |
| ढ़ा | | पा | | ज | न्मां | ध | | पा | |
| यु | ग | ल | | नी | | र | स | ही | न |
| ध | | | | क | स | ना | | | र्त्त |
| | अ | धि | भा | र | | | अ | र्त | न |
| | चं | | जि | | कु | मु | द | | प्रि |
| प्र | भा | वि | त | | मा | | ब | जा | य |
| ति | | ष | | प | री | क्षा | | य | |
| यो | ज | क | | ह | | र | ह | ज | नी |
| मी | | न्या | या | ल | य | | | | चे |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6300 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 3 | 1 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |

## दुनिया को जानें

# जापान का पहला चंद्र मॉड्यूल प्रक्षेपण स्थगित

**टोक्यो**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। मौसम की खराबी के कारण जापान के स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून (एसएलआईएम) प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जॉक्सा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। जापान का पहला एसएलआईएम चंद्र मॉड्यूल तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच-आईआईए लॉन्च वाहन पर प्रक्षेपण किया जाना था। मार्च में नए एच3 रॉकेट की विफलता के बाद यह एजेंसी द्वारा किया गया पहला प्रक्षेपण है। जॉक्सा ने रॉकेट के उड़ान भरने की उम्मीद से 23 मिनट पहले प्रक्षेपण रद्द करने की घोषणा की।



# खेल जगत

## ग्लेन मैक्सवेल द.अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

**डरबन ( दक्षिण अफ्रीका ),** 28 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज की शुरुआत से पहले कंगारू टीम को बड़ा झटका लगा है। टखने में चोट के चलते ग्लेन मैक्सवेल टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का आगाज 30 अगस्त से होगा। इस बीच प्रशिक्षण सत्र के दौरान मैक्सवेल चोटिल हो गए और उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। मैक्सवेल के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में मैथ्यू वेड की एंट्री हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को उम्मीद है कि मैक्सवेल वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह फिट होकर टीम में वापसी करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने कहा कि मैक्सवेल के चोट के इतिहास को देखते हुए उनके साथ कोई जोखिम नहीं लिया जाएगा, जिसमें उनके पैर की गंभीर चोट भी शामिल है।



# नीरज बने विश्व चैंपियन




**मैं देर तक जागने के लिए भारत के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह पदक पूरे भारत के लिए है। मैं ओलंपिक चैंपियन हूं, अब विश्व चैंपियन हूं। विभिन्न क्षेत्रों में कड़ी मेहनत करते रहें। हमें दुनिया में नाम कमाना है : नीरज चौपड़, विश्व चैंपियन, भाला फेंक**

**बुडापेस्ट,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 40 साल के इतिहास में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीत लिया है।

नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में रविवार को हुए फाइनल में टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज ने 88.17 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ विश्व चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया। पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने 86.67 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर कांस्य पदक हासिल किया।

पहला थ्रो रद्द होने के बाद नीरज ने दूसरे ही प्रयास में जैवलिन को 88.17 मीटर की दूरी पर फेंक दिया। नीरज ने अपने अगले चार प्रयासों में क्रमश: 86.32, 84.64, 87.73 और 83.98 मीटर की दूरी तक भाला फैंका, लेकिन उनके दूसरे प्रयास के दम से भारत की झोली में स्वर्ण पदक आया।

नीरज विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं, जबकि पिछले साल उन्होंने यूजीन में आयोजित टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया था। नीरज के अलावा अंजू बॉबी जॉर्ज (महिला लंबी कूद कांस्य, 2003) विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिये पदक जीतने वाली एकमात्र एथलीट हैं।

गौरतलब है कि नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर का है, जो स्टॉकहॉम डायमंड लीग 2022 में दर्ज किया था। नीरज का रविवार रात का थ्रो उनके सर्वश्रेष्ठ पांच प्रयासों में न होने के बावजूद इतिहास के पन्नों में उनका नाम दर्ज करवाने के लिये काफी था।

नीरज ने इस जीत के बाद कहा, यह बहुत अच्छा था। ओलंपिक स्वर्ण के बाद मैं वास्तव में विश्व चैंपियनशिप जीतना चाहता था। मैं बस और आगे बढ़ना चाहता था। यह राष्ट्रीय टीम के लिए शानदार है लेकिन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतना मेरा सपना था।

उन्होंने कहा, यह भारत के लिये एक शानदार चैंपियनशिप रही है और मुझे अपने देश के लिये एक और खिताब लाने पर गर्व है। मुझे नहीं लगता कि मैं यहां सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हूं। मैं आज रात और बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। मैं आज रात 90 मीटर का निशान पार करना चाहता था। मैं आज शाम यह सब एक साथ नहीं कर सका, शायद अगली बार। नीरज के हमवतन किशोर जेना (84.77 मीटर) ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। डीपी मनू 84.14 मीटर की थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे। विश्व चैंपियनशिप की भाला फेंक प्रतियोगिता में पहली बार तीन भारतीय शीर्ष आठ में रहे हैं।

नीरज अब भाला फेंक प्रतियोगिताओं में हर संभव बड़ा खिताब जीत चुके हैं। अपने ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण और डायमंड लीग खिताब के अलावा नीरज एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (2017), एशियाई खेल (2018) और राष्ट्रमंडल खेल (2018) चैंपियन भी हैं। उन्होंने विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2016) में भी स्वर्ण जीता था।

## नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ पारुल ने कटाया पेरिस का टिकट




**बुडापेस्ट,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की पारुल चौधरी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के 3000 मीटर स्टीपलचेज़ फाइनल में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया है।

पारुल रविवार को नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में हुए फाइनल में 11वें स्थान पर रहीं, लेकिन उन्होंने नौ मिनट 15.31 सेकंड में दौड़ पूरी कर ललिता बाबर (नौ मिनट 19.76 सेकंड) का रियो ओलंपिक 2016 में बनाया गया सात साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये खिलाड़ियों को नौ मिनट 23 सेकंड में दौड़ पूरी करनी थी और अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर पारुल ने पेरिस का टिकट भी कटा लिया।

इससे पूर्व, पारुल क्वालीफिकेशन राउंड में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (9.29.51) से पांच सेकंड तेज दौड़ीं और इससे उन्हें पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई थी। हाल के वर्षों में, अमेरिकी कोच निक सिमंस द्वारा निर्धारित कोचिंग कार्यक्रम से उन्हें काफी फायदा हुआ है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में 5000 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और इस साल एशियाई चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीता था।

### 4×400 मीटर रिले में पांचवें स्थान पर रहा भारत

**बुडापेस्ट।** मोहम्मद अनस, अमोज जेकब, मोहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 223 की 4 गुना 4 मीटर रिले दौड़ में पांचवां स्थान हासिल किया है। क्वालीफिकेशन राउंड में एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने वाली भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दो मिनट 59.92 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर पांचवें स्थान पर रही। अमेरिका ने दो मिनट 57.31 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि फ्रांस ने दो मिनट 58.45 सेकंड के समय के साथ चांदी हासिल की। ग्रेट ब्रिटेन (दो मिनट 58.71 सेकंड) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम चौथे स्थान पर रहने वाले जमैका (2:59.34) से कुछ सेकंड ही पीछे रही। उल्लेखनीय है कि भारत ने शनिवार को हुए क्वालीफिकेशन राउंड में दो मिनट 59`.5 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित किया था।

## नसीम को पाकिस्तान के लिए मैच जीतने चाहिए : वहाब

**लाहौर,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी वहाब रियाज ने क्रिकेट पाकिस्तान से बातचीत में नसीम शाह के प्रदर्शन पर अपनी बातें रखी। नसीम ने हाल ही में हंबनटोटा में दूसरे वनडे में फजलहक फारूकी के खिलाफ अफगानिस्तान पर एक विकेट से जीत में पाकिस्तान के लिए विजयी रन बनाए थे। इससे पहले भी उन्होंने इसी गेंदबाज के खिलाफ पिछले साल एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाने के लिए दो छक्के लगाए थे। क्रिकेट पाकिस्तान ने वहाब के हवाले से कहा, नसीम ने कई मैचों में अच्छी गेंदबाजी की है। मुझे लगता है कि उन्होंने अभी तक अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया है। उन्हें अपनी क्षमता को देखते हुए पाकिस्तान के लिए और मैच जीतने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी एशिया कप और वनडे विश्व कप की तैयारी में पाकिस्तान की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। शाहीन शाह अफरीदी नई गेंद से खतरनाक हैं। बाद में हारिस रऊफ कमान संभालते हैं। वे डेथ ओवर्स में गेंदबाजी में विशेषज्ञ हैं। विश्व कप में अफरीदी के 10 ओवर काफी अहम होंगे। टीम को उनसे बीच-बीच में विकेट की जरूरत होगी। वहाब को लगता है कि पाकिस्तान इमाम-उल-हक, फखर जमान और कप्तान बाबर आजम के शीर्ष क्रम पर बहुत ज्यादा निर्भर है। वनडे मैचों में, पाकिस्तान अपने शीर्ष क्रम की तिकड़ी इमाम, फखर और बाबर पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इसलिए पाकिस्तान अपने मध्यक्रम लाइनअप संबंधित मुद्दों से हमेशा जूझता रहता है। एशिया कप 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा। पाकिस्तान 30 अगस्त को मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में नेपाल के साथ खेलकर टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा, इसके बाद 2 सितंबर को पल्लेकेले में भारत का सामना करेगा।

## मलेशिया को हराकर भारत ने विश्व कप में बनाई जगह




नई दिल्ली, 28 अगस्त (देशबन्धु)। कप्तान नवजोत कौर की शानदार हैट्रिक और मरियाना कुजूर, व ज्योति के दो दो तथा मोनिका दीपि टोपो व महिमा चौधरी के एक -एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को सलाला (ओमान) में महिला एशियन कप हॉकी 5 क्वॉलिफायर के सेमीफाइनल में 9-5 से करारी देकर फाइनलमें स्थान बना अगले साल ओमान में होने वाले एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप, 2024 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया।

भारत की महिला हॉकी टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया लेकिन खेल के रुच के उलट जती मुहम्मद ने चौथे और पांचवें मिनट में मैदानी गोल मलयेशिया को 2-0 से आगे कर दिया। कप्तान नवजोत कौर ने सातवें और मरियाना कुजूर ने नौवें मिनट में बढ़िया मैदानी गोल कर भारत की महिला टीम को दो-दो की बराबरी दिला दी। डियान नजरी ने दसवें मिनट में गोल कर फिर मलयेशिया को 3-2 से आगे कर दिया लेकिन अगले ही क्षण नवजोत ने गोल कर भारत को तीन तीन की बराबरी दिलाई लेकिन दो मिनट बाद मरियाना कुजुर ने मैच का अपना दूसरा गोल कर अपनी टीम को 4-3 से आगे कर दिय। महिमा चौधरी ने पहला हाफ खत्म होने से मिनट भर पहले गोल कर भारत को 5-3 से आगे कर दिया।,

मलयेशिया की अजीज जाफरिया ने दूसरे हाफ के पहले मिनट मे गोल कर स्कोर 4-5 कर दिया। नवजोत कौर ने अगले ही मिनट मैच का अपना तीसरा गोल कर हैट्रिक पूरी की और ज्योति ने चार और मोनिका दीपि टोपो ने अगले ही मिनट गोल कर भारत की महिला टीम की बढ़त 8-5 कर दी। ज्योति ने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल कर भारत को 9-5 से आगे कर दिया और यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

## वर्ल्ड कप में खेलने के लिए बेताब हैं चोटिल तमीम इकबाल



**ढाका,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। बाएं हाथ के अनुभवी सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने उम्मीद जताई है कि वो विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे। इकबाल वर्तमान में पीठ की चोट के कारण पुनर्वास से गुजर रहे हैं। एशिया कप के आगाज से पहले बांग्लादेश क्रिकेट टीम को सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल के रूप में एक बड़ा झटका लगा था, क्योंकि बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

तमीम की इंजरी को ध्यान में रखते हुए बीसीबी ने उन्हें एशिया कप से आराम दिया है। हालांकि, तमीम को पूरी उम्मीद है कि वह विश्व कप से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे और भारत की यात्रा से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। तमीम ने कहा, सब अच्छा चल रहा है, जहां तक पुनर्वास का सवाल है। मुझे लगता है कि जिस तरह से मेरी योजना बनाई गई है, हम सही रास्ते पर हैं। मैं अब तक के नतीजे से काफी खुश हूं। मैंने अभी तक पीठ दर्द के बारे में कोई शिकायत नहीं की है और न ही कोई समस्या है।

क्रिकबज ने तमीम के हवाले से आगे कहा, एक या दो दिनों से जकड़न है, अब तक मैं बहुत खुश हूं और जो भी पुनर्वास से जुड़े हैं, जैसे कि नए पुनर्वास प्रबंधक, राष्ट्रीय टीम के फिजियो और राष्ट्रीय टीम के ट्रेनर, वे सभी मेरी रिकवरी से संतुष्ट हैं। यदि हम उस स्थिति में अच्छी तरह से आगे बढ़ सकते हैं और मुझे उम्मीद है मैं जल्द टीम में वापसी करूंगा।

बताया जा रहा है कि वह विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। तमीम ने अपना नेट सत्र पहले ही शुरू कर दिया था। उम्मीद है कि वह 7 सितंबर से पूरी ट्रेनिंग करेंगे। बांग्लादेश अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

## क्रिकेट में पहली बार रेड कार्ड, सुनील नारायण को मिली सजा



**बैसेटेरे, (सेंट किट्स),** 28 अगस्त (एजेंसियां)। अनुभवी ऑफ स्पिनर सुनील नरेन अपनी टीम ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सीपीएल मैच में ओवर-रेट उल्लंघन के लिए लाल कार्ड दिखाए जाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। क्रिकेट में रेड कार्ड! जी, हां आपने सही पढ़ा... क्रिकेट में स्लो ओवर रेट की वजह से पहली बार रेड कार्ड दिखाया गया। यह कार्ड सीपीएल टी-20 लीग में आया। सीपीएल-2023 में आयोजकों ने धीमी ओवर गति से निपटने के लिए नए नियम लागू किए, जिसके कारण खेल बहुत देर से समाप्त हुए। इसमें कहा गया है, अगर कोई फील्डिंग टीम अपना 18वां ओवर निर्धारित समय से ज्यादा देर तक शुरू करती है तो उन्हें तीस गज के घेरे के अंदर एक अतिरिक्त फील्डर लाना होगा। राइडर्स ने आखिरी तीन ओवर्स में स्लो बॉलिंग की थी और टीम जरूरी ओवर रेट से पीछे थी। इस वजह से अंपायर ने टीम को 19वें ओवर के बाद रेड कार्ड दिखाया। राइडर्स के कप्तान पोलार्ड ने स्पिनर सुनील नरेन को आखिरी ओवर में मैदान से बाहर भेज दिया। आखिरी ओवर में टीम ने 10 खिलाड़ियों के साथ ही फील्डिंग की। इस तरह नरेन क्रिकेट में रेड कॉर्ड मिलने वाले पहले खिलाड़ी बने। पैट्रियट्स ने सीमित 20 ओवर में 178 रन बनाए। ट्रिनबागो ने 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट से जीत हासिल की लेकिन पोलार्ड रेड कार्ड के फैसले से प्रभावित नहीं हुए।

### पोलार्ड ने रेड कार्ड रूल को कहा- हास्यास्पद

पोलार्ड ने मैच खत्म होने के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो, यह हर किसी द्वारा की गई कड़ी मेहनत को बर्बाद कर देगा। हम प्यादों की तरह हैं और हम वही करेंगे जो हमसे कहा जाएगा। हम जितनी तेजी से खेल सकते हैं खेलेंगे। अगर आपको इस तरह के टूर्नामेंट में 30-45 सेकंड के लिए दंडित किया जाता है, तो यह बिल्कुल हास्यास्पद है।

## विलियमसन के वर्ल्ड कप खेलने पर सस्पेंस, 2 हफ्ते में साबित करनी होगी फिटनेस

**डरहम ( इंग्लैंड ),** 28 अगस्त (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपने कप्तान केन विलियमसन को भरपूर समय देना चाहती है। टीम ने विलियमसन को फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का और समय दिया है। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप-2023 की शुरुआत 5 अक्टूबर से होगी। इसके लिए सभी टीमों को 5 सितंबर तक अपनी प्रारंभिक टीम का ऐलान करना होगा। ऐसे में न्यूजीलैंड की टीम अपने कप्तान केन विलियमसन को लेकर काफी परेशान है, जो इस साल आईपीएल में लगी चोट के कारण काफी समय से खेल से दूर हैं और अब भी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। केन विलियमसन के पास अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो सप्ताह का समय है, जिसके बाद ब्लैककैप्स, वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करेगी। 33 वर्षीय खिलाड़ी के इस साल के विश्व कप में भाग लेने की संभावना शुरू में कम मानी जा रही थी। इस साल की शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करते समय आईपीएल-2023 के शुरुआती मैच के दौरान उनके दाहिने घुटने में चोट लगी थी। लेकिन, उन्होंने वर्ल्ड कप में वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत की है। हाल ही में अपने साथियों के साथ नेट्स में बल्लेबाजी करने के लिए लौटे थे। अब तक उन्होंने टीम में वापसी नहीं की है क्योंकि उनकी फिटनेस को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन फिटनेस पर लौटने के लिए अच्छी तरह से प्रगति कर रहे हैं।

## बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होगा भारत का विश्व कप क्वालीफायर अभियान



**सलालाह,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां बंगलादेश के खिलाफ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत को 29 अगस्त से दो सितंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के एलीट पूल में मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान शामिल हैं। बंगलादेश के खिलाफ अपनी शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय पुरुष बुधवार को ओमान और पाकिस्तान के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगे, जबकि गुरुवार को उनका सामना मलेशिया और जापान से होगा। भारतीय टीम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में जगह पक्की करने के लिये शीर्ष तीन में जगह बनाने की उम्मीद के साथ क्वालीफायर में उतरेगी।

उल्लेखनीय है कि 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप में कुल 16 देश हिस्सा लेंगे। मेजबान देश होने के नाते ओमान ने पहले ही टूर्नामेंट में जगह बना ली है। एशियाई क्वालीफायर में शीर्ष तीन स्थानों पर रहने वाले देशों के अलावा अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया में महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के शीर्ष तीन देश भी 2024 5एस विश्व कप में हिस्सा लेंगे। आखिरी बार, भारत और बंगलादेश एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ढाका 2021 में आमने-सामने आये थे, जहां भारत ने 9-0 की जीत अर्जित की थी। ओमान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में हुई थी, जिसे भारत ने 11-0 से जीता था।

पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने हालिया एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में 4-0 से ठोस जीत हासिल की थी। मलेशिया के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत उसी प्रतियोगिता के फाइनल में हुई थी जहां हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने रोमांचक मुकाबले के बाद मलेशिया को 4-3 से हराया था। उस टूर्नामेंट में भारत ने जापान को भी 5-0 से मात दी थी। अपनी प्रतिभा के दम पर भारत यह टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है और कप्तान मनदीप मोर भी आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। मनदीप ने मैच से पहले कहा,हर खिलाड़ी का सबसे बड़ा सपना हमेशा विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करना होता है। यह हमारे लिये एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम 2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिये सीधी योग्यता हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा,हमने आगामी प्रतियोगिता के लिये खुद को अच्छी तरह से तैयार किया है। हमें विश्वास है कि हम टूर्नामेंट में सकारात्मक नतीजे प्राप्त करने और शीर्ष-तीन में स्थान हासिल करने में सक्षम होंगे।

भारत के उप-कप्तान मोहम्मद राहील मौसीन ने कहा,2024 एफआईएच हॉकी 5एस विश्व कप के लिये क्वालीफिकेशन को ध्यान में रखते हुए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम अच्छी स्थिति में हैं और कई अच्छे प्रशिक्षण सत्रों से गुजरे हैं। हमारे सामने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद हम सभी उत्सुकता से टूर्नामेंट की शुरुआत का इंतजार कर रहे हैं। हम अपनी योजनाओं पर कायम रहेंगे और अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिये टूर्नामेंट में जल्दी जीत हासिल करने की उम्मीद करेंगे।

## सार संक्षेप

### डूरंड कप : सेमीफाइनल में ईस्ट बंगाल और नॉर्थईस्ट के बीच होगी टक्कर

**कोलकाता।** जबरदस्त फॉर्म में चल रही ईस्ट बंगाल को 132वें डूरंड कप के सेमीफाइनल में मजबूत प्रतिद्वंद्वी नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (एनईयूएफसी) का सामना करना होगा। हाईलैंडर्स एक आकर्षक टीम के साथ लंबे समय से अपना सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट फुटबॉल खेल रहे हैं, जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। नए स्पेनिश कोच जुआन पेड्रो बेनाली के नेतृत्व में टीम बहुत शानदार प्रदर्शन कर रही है। कोच बेनाली ने मैच से पहले कहा, यह सेमीफाइनल सिर्फ एक और मैच नहीं है। हम कोलकाता में घरेलू टीम के खिलाफ उनके प्रशंसकों के सामने खेल रहे हैं। ईस्ट बंगाल एक ऐसी टीम है, जिसके पास बेंच पर भी कई धाकड़ खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, हम अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने और अपने लोगों के लिए लड़ने के लिए आए हैं। हमारे प्रशंसक हम पर विश्वास करते हैं। हम उन्हें निराश नहीं करना चाहते हैं। हाईलैंडर्स एक सदी पुराने क्लब के खिलाफ आमने-सामने हैं, लेकिन 16 बार के डूरंड चैंपियन को घरेलू प्रशंसकों के सामने हराने के लिए उन्हें काफी मेहनत करनी होगी।

### रॉबर्टो मैनसिनी बने सऊदी अरब फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच

**रियाद।** सऊदी अरब ने अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच रॉबर्टो मैनसिनी को नियुक्त किया है। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बताया गया है कि 58 वर्षीय ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी कीमत 25 मिलियन यूरो प्रति वर्ष है। मैनसिनी ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने आगे कहा, इतनी प्रतिष्ठित भूमिका के लिए चुने जाने पर मुझे खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है, जो इन वर्षों के दौरान किए गए सभी कार्यों की सराहना और मान्यता का प्रतीक है। मैं राष्ट्रपति यासिर अल-मिसेहाल को धन्यवाद देना चाहता हूं। लाजियो, इंटर मिलान, मैनचेस्टर सिटी और कई अन्य क्लबों को प्रशिक्षित करने के बाद, मैनसिनी ने 218 में अज़ुर्री की कमान संभाली और उन्हें यूरो 22 चैंपियनशिप जीतने में मदद की। लेकिन इटली 222 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा। मैनसिनी सितंबर में डेब्यू करेंगे और 226 विश्व कप क्वालीफायर और कतर एशियाई कप में भाग लेने के लिए सऊदी अरब का नेतृत्व करेंगे।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# पिछले 10 साल में रिलायंस ने 150 अरब डॉलर का किया निवेश: अंबानी

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। रिलायंस ने पिछले 10 साल में कुल 150 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है जो देश में किसी भी अन्य कॉर्पोरेट घराने से अधिक है, और

**■ रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 46वीं एजीएम में अपने संबोधन में यह बात कही**

दुनिया भर के प्रमुख व्यवसायों के बराबर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 46वीं एजीएम में अपने संबोधन में यह बात कही। अंबानी ने कहा, 'पूरी विनम्रता के साथ मैं कहना चाहूंगा कि नया रिलायंस उभरते हुए नए भारत का अग्रदूत रहा है। बढ़ती महत्वाकांक्षा के साथ हमने असंभव से दिखने वाले लक्ष्य निर्धारित



किए और उन्हें हासिल किया।' उन्होंने कहा, इस नई रिलायंस का वर्णन करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम अब विशिष्ट क्षमताओं के साथ एक नए युग की प्रौद्योगिकी कंपनी बन गए हैं। आज हम प्रौद्योगिकी के शुद्ध उत्पादक, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने वाले के साथ ही प्रौद्योगिकी का लोकतांत्रिकरण

**'पूरी विनम्रता के साथ मैं कहना चाहूंगा कि नया रिलायंस उभरते हुए नए भारत का अग्रदूत रहा है। बढ़ती महत्वाकांक्षा के साथ हमने असंभव से दिखने वाले लक्ष्य निर्धारित किए और उन्हें हासिल किया:- मुकेश अंबानी**

करने वाले भी हैं।' अंबानी ने कहा, 'रिलायंस के बारे में जो सच है, वह अन्य भारतीय उद्यमों, अग्रणी कॉरपोरेट्स और स्टार्ट-अप्स के बारे में भी उतना ही सच है। मैं उनकी शानदार उपलब्धियों की बहुत प्रशंसा करता हूं। उन्होंने भी विकास, गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और नवप्रवर्तन के प्रति जुनून के अपने शानदार प्रदर्शन से विश्व स्तर पर देश की प्रसिद्धि बढ़ाकर भारत को गौरवान्वित किया है।'

## 19 सितंबर को लॉन्च होगा जियो एयर फाइबर

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने सोमवार को ऐलान किया कि जियो एयर फाइबर को 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर लॉन्च किया जाएगा, जिससे कंपनी को भारतीय होम सेगमेंट में ग्राहक मूल्य और राजस्व वृद्धि का एक और अवसर मिलेगा। अंबानी ने आरआईएल की 46वीं एजीएम में कहा, 'जियो एयर फाइबर लास्ट-मील फाइबर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमारे पैन-इंडिया 5जी नेटवर्क और एडवांस वायरलेस टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है।' उन्होंने कहा, 'ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से, हम वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 15,000 कनेक्शन को जोड़ सकते हैं। लेकिन जियो एयर फाइबर के साथ, हम प्रति दिन 150,000 कनेक्शन तक इस विस्तार को सुपरचार्ज कर सकते हैं, जो 10 गुना वृद्धि है, अगले तीन सालों में हम करीब 20 करोड़ घरों में इंटरनेट पहुंचाने की उम्मीद कर रहे हैं।' अंबानी ने कहा, 'फिक्स्ड-मोबाइल कन्वर्जेंस के जरिए, हम भारतीय परिवारों, विशेष रूप से प्रीमियम घरों, जहां घरेलू ब्रॉडबैंड का उपयोग सबसे तेजी से बढ़ रहा है, के बीच अधिक कनेक्टिविटी को बढ़ावा दे सकते हैं। यह अलग-अलग स्मार्ट होम समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने की नींव भी रखता है।' अंबानी ने कहा कि जियो का ऑप्टिकल फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे भारत में 1.5 मिलियन किमी तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा, 'ऑप्टिकल फाइबर के विस्तार में शामिल जटिलताओं और देरी के कारण लाखों संभावित ग्राहक होम ब्रॉडबैंड से वंचित रह जाते हैं, यहीं पर हमारी फिक्स्ड-वायरलेस ब्रॉडबैंड पेशकश जियो एयर फाइबर आती है।'

## रिलायंस बोर्ड: नीता अंबानी बाहर, ईशा, आकाश और अनंत शामिल

मुंबई। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल से श्रीमती नीता अंबानी ने इस्तीफा दे दिया जबकि अंबानी परिवार की अगली पीढ़ी ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को इसमें शामिल कर लिया गया है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में निदेशक मंडल ने श्रीमती नीता अंबानी के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आमसभा में कंपनी के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने यह जानकारी दी। श्री मुकेश अंबानी अगले पांच वर्षों तक अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बने रहेंगे। निदेशक मंडल में हुये इस बदलाव पर मुकेश अंबानी ने कहा, 'बोर्ड की बैठक में ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल में शामिल करने की सिफारिश की गई। मैं गर्व से कह सकता हूं कि उन्होंने समर्पण, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत से यह उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्य निदेशकों के साथ मिलकर, वे रिलायंस समूह को नेतृत्व देने और हमारे सभी व्यवसायों का मार्गदर्शन करने के लिए एक टीम के रूप में काम करेंगे।' श्रीमती नीता अंबानी अब रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल में नहीं रहेंगी लेकिन वह रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष बनी रहेंगी और इस भूमिका में वह बोर्ड में स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में सभी बैठकों में भाग लेंगी।

## रिलायंस रिटेल में एक हजार करोड़ का निवेश: ईशा अंबानी

मुंबई। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिटेल कारोबार करने वाली इकाई रिलायंस रिटेल ने पिछले एक वर्ष एक हजार करोड़ रुपए का निवेश किया है और 38 स्टोर शुरू किये गये हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज की आज यहां वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुये रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल कंपनी के स्टोरों में 78 करोड़ फुटफॉल रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने कहा कि रिलायंस रिटेल इस समय दुनिया का सबसे बड़ा रिटेल एंप्लॉयर है। इसकी पहुंच 3 फीसदी भारतीयों तक है। वित्त वर्ष 223 में कंपनी ने 5 लाख लैपटॉप बेचे हैं। वहीं अपैरेल की बात करें तो वित्त वर्ष 223 के दौरान 54 करोड़ अपैरेल बेचे हैं।

## सेबी के आदेश के बाद ब्राइटकॉम ग्रुप के सीएमडी, सीएफओ ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। ब्राइटकॉम ग्रुप ने कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में कार्यरत सुरेश रेड्डी और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद पर कार्यरत नारायण राजू के इस्तीफों की घोषणा की है। ये इस्तीफे सेबी के आदेश के बाद आए। प्रतिभूति एवं विनमिय बाजार नियामक सेबी ने कंपनी के सीएमडी और सीएफओ के निदेशकमंडल में रहने पर प्रतिबंध लगा दिया था। कंपनी ने कहा कि एक ट्रांज़िशन लीडरशिप टीम प्रस्तावित की गई है, जिसे नेतृत्व परिवर्तन प्रक्रिया की देखरेख की ज़िम्मेदारी दी गई है। बोर्ड ने आवश्यक कार्यों की सुचारू निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए एक सीईओ और एक सीएफओ की तलाश शुरू करने को भी मंजूरी दे दी।

आगामी नेतृत्व परिवर्तन के बारे में कंपनी के कर्मचारियों को तुरंत सूचित करने का निर्णय लिया गया। दैनिक कार्यों में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करने के लिए इस संक्रमण अवधि के दौरान पारदर्शी और स्पष्ट संचार बनाए रखा जाएगा। निदेशकमंडल ने नियामक अनुपालन की आवश्यकता को स्वीकार किया। इस संक्रमण अवधि के दौरान प्रासंगिक नियामक निकायों के साथ जुड़ने और सभी लागू नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## बीपीसीएल की 1.5 लाख करोड़ के निवेश की योजना

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। तेल विपणन करने वाली देश की प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने क्षमता बढ़ाने, नेटवर्क का विस्तार करने और अपने हरित पोर्टफोलियो को बढ़ाने सहित अन्य कार्यों के लिए अगले पांच वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने की आज घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन रोडमैप भी तैयार किया है जिसमें नवीकरणीय क्षमता की स्थापना शामिल है। कंपनी के अध्यक्ष जी कृष्णकुमार ने कंपनी की 70वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि बीपीसीएल ने अपने फोकस क्षेत्र का पुनर्मूल्यांकन और प्राथमिकता तय की है। इसने 'प्रोजेक्ट एस्पायर' पेश किया है जो 'नर्चरिंग द कोर' और 'फ्यूचर बिग बेट्स' के प्रमुख विषयों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि 'नरचरिंग द कोर' के तीन मूलभूत स्तंभ हैं: रिफाइनिंग, मार्केटिंग और अपस्ट्रीम। 'फ्यूचर बिग बेट्स' पांच प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित है: गैस, गैर-ईंधन खुदरा बिक्री, पेट्रोकेमिकल्स, हरित ऊर्जा व्यवसाय और डिजिटल वेंचर्स। रिफाइनिंग के तहत कंपनी ने बीना रिफाइनरी की क्षमता वर्तमान में 78लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) से बढ़ाकर 11 एमएमटीपीए करने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि अपने बुनियादी ढांचे के नेटवर्क का विस्तार करने के उद्देश्य से, बीपीसीएल लगभग 2,753 करोड़ रुपए के निवेश से पाइपलाइनों के साथ पीओएल और एलओबीएस प्रतिष्ठान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए वैश्विक प्रयास की आवश्यकता और 2070 तक नेट-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के देश के उद्देश्य स्कोप 1 और स्कोप 2 ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।


श्री कृष्णकुमार ने कहा कि बीपीसीएल की योजना आने वाले पांच वर्षों में 7,000 ऊर्जा स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सुविधाएं प्रदान करने की है। कंपनी 2025 तक 1 गीगावाट (जीडब्ल्यू) और 2040 तक 10 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बनाने की इच्छा रखती है जिसमें जैविक और अकार्बनिक दोनों माध्यम शामिल होंगे। जैव ईंधन क्षेत्र में, इस वर्ष पेट्रोल में 10.6 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण हासिल करने के बाद, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मिश्रण को 12 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई है और 2025 तक 20 प्रतिशत मिश्रण तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा।

# शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में तेजी लौटी आई। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.09 अंक की तेजी लेकर 64,996.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 40.25 अंक चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.59 प्रतिशत चढ़कर 30,899.36 अंक और स्मॉलकैप 0.67 प्रतिशत उछलकर 36,298.44 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3907 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2066 में तेजी जबकि 1676 में गिरावट रही वहीं 165 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 32 कंपनियां हरे जबकि शेष 19 लाल निशान पर रही। बीएसई के 16 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.63, सीडी 0.53, वित्तीय सेवाएं 0.57, हेल्थकेयर 0.79, इंडस्ट्रियल्स 1.09, दूरसंचार 0.87, यूटिलिटीज 0.70, ऑटो 0.65, बैंकिंग 0.55, कैपिटल गुड्स 1.37, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.03, धातु 0.47, तेल एवं गैस 0.20, पावर 0.63, रियल्टी 0.95 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.07 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान




ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07, जर्मनी का डैक्स 0.39, जापान का निक्केई 1.73, हांगकांग का हैंगसेंग 0.97 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 22 अंक बढ़कर 64,908.08 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होन से थोड़ी देर बाद 64,776.92 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली से यह लगातार बढ़ता हुआ दोपहर बाद 65,213.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,886.51 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 64,996.60 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 33 अंक उठकर 19,298.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,366.85 अंक के उच्चतम जबकि 19,249.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,265.80 अंक के मुकाबले 0.21 प्रतिशत चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की तेजी में रही 16 कंपनियों में से पावरग्रिड ने सबसे अधिक 2.50 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही एलटी 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.95, एचडीएफसी बैंक 1.01, सन फार्मा 0.89, मारुति 0.87, एक्सिस बैंक 0.68, टाटा स्टील 0.60, कोटक बैंक 0.58, इंडसइंड बैंक 0.58, एसबीआई 0.45, अल्ट्रासिमको 0.41, बजाज फाइनेंस 0.35, एनटीपीसी 0.28, आईसीआईसीआई बैंक 0.04 और एशियन पेंट के शेयर भी 0.02 प्रतिशत मजबूत रहे।

वहीं, रिलायंस 1.11, नेस्ले इंडिया 0.97, एचसीएल टेक 0.67, टाइटन 0.59, आईटीसी 0.56, टाटा मोटर्स 0.54, भारती एयरटेल 0.50, विप्रो 0.49, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.48, टेक महिंद्रा 0.42, इंफोसिस 0.33, बजाज फिनसर्व 0.30, जियो फाइनेंस 0.28, टीसीएस 0.17 और जेएसडब्ल्यूएस स्टील ने 0.01 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दालें सस्ती

**नई दिल्ली**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अधिकांश दालें सस्ती हो गई।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट की गिरावट के साथ 3815 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.21 सेंट उतरकर 63.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 220 रुपए और मूंगफली तेल 147 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम ऑयल में 134 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## सार संक्षेप

### कोच्चि: बम की अफवाह के बाद रनवे से वापस लौटा विमान

कोच्चि। कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को विमान में बम रखे होने की कॉल मिलने के बाद बेंगलुरु जा रहे इंडिगो के एक विमान को रनवे से वापस बुला लिया गया। जब कॉल आई तो विमान रनवे पर टैक्सी कर रहा था। यात्रियों और सामान को उतारने के बाद गहन तलाशी के बाद बम की कॉल अफवाह निकली। इसके बाद दोपहर 1 बजे से विमान को अपने गंतव्य की ओर जाने की अनुमति दे दी गई। इस बीच, स्थानीय पुलिस ने घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### 9 लोगों को नौकरी से निकालने वाले विशाल गर्ग की कंपनी के स्टॉक में भारी गिरावट

**सैन फ्रांसिस्को**। भारतीय मूल के सीईओ विशाल गर्ग द्वारा संचालित कंपनी बेटर डॉट कॉम ने पब्लिक मार्केट डेब्यू के बाद अपने स्टॉक में भारी गिरावट देखी। एक समय इसकी कीमत 7.7 बिलियन डॉलर थी। गर्ग की सॉफ्टबैंक समर्थित कंपनी के स्टॉक, जो 17.44 डॉलर पर कारोबार कर रहे थे, पिछले सप्ताह 94 प्रतिशत गिरकर 1.15 डॉलर पर आ गए। कंपनी ने 24 अगस्त को पब्लिक डेब्यू किया और स्टॉक पब्लिक इंवेस्टर्स के बीच बिल्कुल भी लोकप्रिय नहीं रहा। बेटर डॉट कॉम ने दो साल पहले 7.7 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर पब्लिक होने का प्लान बनाया था। अब, कंपनी का मार्केट कैप केवल 19.14 मिलियन डॉलर के आसपास मंडरा रहा है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, बेटर डॉट कॉम को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) की जांच और पिछले दो सालों में 7, कर्मचारियों की बर्खास्तगी के बाद राजस्व में कमी और नकदी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। एसईसी के साथ दायर एक जुलाई प्रॉस्पेक्टस में कंपनी ने लिखा था कि उसके मैनेजमेंट और अकाउंटिंग फर्म ने कंपनी की एक चालू संस्था के रूप में जारी रहने की क्षमता के बारे में संदेह व्यक्त किया था। जून में, गर्ग ने कथित तौर पर अपनी रियल एस्टेट टीम को हटा दिया और यूनिट बंद कर दी।

### कंपनियों के लचीलापन अपनाने से हाइब्रिड वर्क 29 प्रतिशत बढ़ा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली**। अप्रैल-जून की अवधि में वैश्विक स्तर पर हाइब्रिड वर्क में 29 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि दर्ज की गई है, क्योंकि 'दूरस्थ काम' और 'घर से काम' के विकल्पों में गिरावट आई है। एक अग्रणी डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा ने खुलासा किया है कि हाइब्रिड कामकाजी भूमिकाएं जो कर्मचारियों को कार्यालय और उनके घरों के बीच अपने काम के घंटों को संतुलित करने में सक्षम बनाती हैं, उसमें वृद्धि दर्ज की गई है। दूसरी तिमाही में यात्रा और पर्यटन, खुदरा और वित्तीय सेवाओं जैसे उद्योगों में हाइब्रिड वर्क से संबंधित नौकरी पोस्टिंग

## जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी: सीतारमण

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। योजना के 9 साल पूरे होने के अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा, 'पीएमजेडीवाई के नेतृत्व वाले 9 सालों के हस्तक्षेप और डिजिटल परिवर्तन ने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। यह जानकर खुशी हो रही है कि जन धन खाते खोलकर 50 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम में लाया गया है।' इनमें से लगभग 55.5 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, इन खातों में लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड बिना किसी शुल्क के जारी किए गए हैं, जो 2 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा कवर का भी प्रावधान करता है। सीतारमण ने कहा, 'हितधारकों, बैंकों, बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के सहयोगात्मक प्रयासों से, पीएमजेडीवाई देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है।' पीएमजेडीवाई खातों के तहत कुल जमा शेष राशि 2,03,505 करोड़ रुपए है। पीएमजेडीवाई खाते मार्च 2015 में 14.72 करोड़ से 3.4 गुना बढ़कर 16 अगस्त तक 50.09 करोड़ हो गए हैं।




## 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी शुरू, 2 कलाकार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**■ अभिनेता मनोज जोशी ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया**

**■ आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष प्रो.वी.नागदास ने की**

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। ललित कला अकादमी द्वारा शुरू की गई 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (एनईए) के शुभारंभ के साथ ही आज यहां देश भर के 20 कलाकारों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनेता मनोज जोशी ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष प्रो.वी.नागदास ने की। इस समारोह में मंगोलिया के राजदूत डी गनबोल्ड, इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन, इजरायल दूतावास की संस्कृति अटैचे सुश्री रेयूमा मंत्जुर, हंगरी सांस्कृतिक केंद्र दिल्ली के डायरेक्टर/काउंसलर संस्कृति सुश्री डॉ मारियन एर्डो, अल्जीरिया के राजदूत डॉ अली आचोई, स्पेन के राजदूत जोसे मारिया रिडाओ डोमिंगेज़ जैसी हस्तियां मौजूद थीKसभी बीस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों को शॉल, प्रशस्ति प्रमाण पत्र और दो लाख रुपए से सम्मानित किया गया। सम्मानित कलाकारों में अभिप्सा प्रधान (दिल्ली), आकाश विश्वास (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह), अनामिका सिंह (उत्तरप्रदेश), अनस सुल्तान (उत्तर प्रदेश), आरती पालीवाल (दिल्ली), भाऊराव बोदाडे (मध्यप्रदेश), चुगुली कुमार साहू (ओडिशा), दीपक कुमार (हरियाणा), दीपक कुमार (उत्तर प्रदेश), जान्हवी खेमका (उत्तर प्रदेश), किरण अनिला शेरखाने (कर्नाटक), कुमार जिगीशु (दिल्ली), महेंद्र प्रताप दिनकर (दिल्ली), नागेश बालाजी गाडेकर (गुजरात), नरोत्तम दास (ओडिशा), पंकज कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश), पवन कुमार (हरियाणा), प्रियौम तालुकदार(असम), समा कंथा रेड्डी (आंध्र प्रदेश) और सोमेन देबनाथ (त्रिपुरा) शामिल है।

इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा- 'कला एक असीमित क्षेत्र है। मनुष्य की प्रत्येक अभिव्यक्ति कला है, जब यह हमारे शरीर और पहनावे के माध्यम से व्यक्त होता है तो यह अभिनय बन जाता है और जब यह अन्य सामग्रियों और माध्यमों से व्यक्त होता है तो यह दृश्य कला बन जाता है। दृश्य कला आज रचनात्मकता और सामग्रियों की विभिन्न धाराओं का मिलन बिंदु है। समकालीन कलाकार हमेशा नए माध्यमों और सामग्रियों के साथ प्रयोग करते रहते हैं। इस क्रम में आज का नवीनतम चलन एआई यानी आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस कि बदौलत तैयार कलारूपों को रखा जा रहा है। हमारे रोजमर्रा के जीवन से लेकर फिल्मों तक, विज्ञान से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक, मोटर वाहनों के निर्माण से लेकर जीवन शैली तक,आज इस एआई की उपस्थिति हमारे चारों तरफ है। लेकिन इन सबके बावजूद रचनात्मकता में मानव हृदय और हाथों की भागीदारी को कोई कम नहीं कर सका और न कर सकता है। मैं इस 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के सभी प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं की उनके योगदान के लिए सराहना करता हूं।'

प्रो नागदास ने कहा कि ललित कला अकादमी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन को साकार करने की दिशा में काम करने वाली भविष्यवादी और प्रगतिशील संस्था है। श्री मोदी न केवल देश में बल्कि विश्व में शांति और सद्भाव प्राप्त करने में सांस्कृतिक कूटनीति के प्रभावों के महत्व को रेखांकित करते रहे हैं। कला नरम कूटनीति का एक सशक्त माध्यम है।

## मैने अडाणी को खदान नहीं दिया इसलिए पड़ रहे छापे

# मेरे खिलाफ विजय बघेल नहीं ईडी चुनाव लड़ रही-भूपेश





### नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलूंगा,कांग्रेस पार्टी जिसे भी टिकट देगी निष्ठा व ईमानदारी से जिताउंगा

### विधायक शैलेष पांडे ने बूथ कमेटियों से फिर से सरकार बनाने अपील की

### बिलासपुर,बिल्हा में कांग्रेस का संकल्प शिविर

**बिलासपुर,** 28 अगस्त। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर विधानसभा मैं जीत के लिए कहा की केंद्र की सरकार ने पहले रेलवे का सत्यानाश किया अब एसईसीएल का सत्यानाश करने जा रही है हमने एक मुट्ठी कोयला अदानी को नहीं लेने दिया और आठ खदान की नीलामी को रोक दिया और यही कारण है कि प्रदेश में लगातार छापा की कार्रवाई की जा रही है। उनकी दाल नहीं कर रही है। बूथ कमेटियों से कहा कि कि हम सबको सभी बूथ में जाकर लोगों से मुलाकात कर गरीब किसान महिलाओं के हित में तथा गांव एवं शहर के विकास के लिए वोट डलवाना नहीं तो मतदान केंद्र में वीवीपेड में अदाणी निकलेगा। खदान और रेलवे स्टेशन को बचाने के लिए और देश की रक्षा के लिए हमें लड़ाई लड़ना है। आज त्रिवेणी परिसर में बिलापुर विधानसभा के संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि किसी के यहां यदि ईडी और आईटी का छापा पड़ता है तो सभी के लिए खड़ा होने खड़े होना है । प्रदेश में अब तक 33 विधानसभा में कांग्रेस का संकल्प शिविर हो है। उन्होंने यह भी कहा कि चुका यह लड़ाई छत्तीसगढ़ महतारी के लिए और अस्मिता की लड़ाई के लिए है । छत्तीसगढ़ की लड़ाई सबको मिलकर लड़ना है। दो माह बाद ईडी आईटी यहां नहीं दिखेंगे। हमारी लड़ाई भाजपा से नहीं ईडी आईटी से है। उन्होंने कांग्रेस के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अपनी ताकत को बचा कर रखो और एसईसीएल खदान को बचाने के लिए मुख्यालय का घेराव भी करना है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज सभी बूथ कमेटियों को शपथ दिलाई की नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे तथा पार्टी जिसे भी उम्मीदवार बनाएगी विधानसभा चुनाव में उसे जीतने के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे। आज बिलासपुर विधानसभा के संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि इसी ईडी आईटी लोकतंत्र के लिए खतरा है इससे हमें लड़ना है। मेरे खिलाफ विजय बघेल नहीं ईडी चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा है मैरे मुख्यमंत्री रहते हुए हमारी सरकार अदानी को छत्तीसगढ़ में कोयला खदान नहीं दिया उनकी आठ खदानें को हमने रोक दिया है। इसलिए इडी और आईटी का छापा पड़ रहा है। उन्होंने युवा कांग्रेस के लोगों से कहा कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता के लिए तथा युवाओं को रोजगार देने के लिए अब कोयला बचाने के लिए हमें एसईसीएल मुख्यालय का घेराव भी करना होगा।आज भाजपा केंद्र की सबसे भ्रष्ट सरकार बताया और प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया है आज आज के संकल्प शिविर में विधायक शैलेश पांडे ने आभार जताते हुए कहा कि बिलासपुर विधानसभा के कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव में काम करेंगे और भूपेश है तो भरोसा है और भरोसे की सरकार फिर से बनाएंगे। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे ने संकल्प शिविर को लेकर जानकारी दी। आज मुख्यमंत्री के साथ मंच पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केसरवानी, विधायक शैलेश पांडे पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष श्रीवास्तव अटल श्रीवास्तव, प्रमोद नायक चुन्नीलाल साहू पूर्व महापौर राजेश पांडे, अनिल टाह, अभय नारायण राय, नरेंद्र बोलर, मनहर इनग्रेट मेंक्लाउड कमला मनहर पिंकी बत्रा सीमा धितेश के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला कांग्रेस के अध्यक्ष सभापति शेख नजीरुद्दीन शेरू असलम रंजीत सिंह राजेश शुक्ला समीर अहमद अमित दुबे सीमा पांडे अखिलेश पार्टी आशा सिंह आशा पांडे पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेई आदि मौजूद थे।

### कद्दावर मंत्री को हरा कर शैलेष विधायक बने-दीपक



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि दोबारा कांग्रेस के सरकार बनाने के लिए बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं को जाकर राज्य सरकार की योजनाओं को बताना होगा। उन्होंने कहा है कि 5 साल में हमने बस्तर के लोगों को अधिकार दिया और 15 साल में भाजपा ने लोगों को ठगा । एक समय था लोग जब बस्तर जाने से छत्तीसगढ़ को मणिपुर और हरियाणा जैसे नहीं जलते देंगे। छत्तीसगढ़ को जलाना चाहती है भाजपा । उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बचाना है तो भाजपा को नहीं आने देना है । हमने 5 साल में 40 लाख लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया और इन्हें 15 साल में एक लाख को भी गरीबी रेखा से ऊपर नहीं किया अपना बूथ मजबूत होना चाहि। भाजपा मुख्यमंत्री को डराना चाह रही है जब हम जीराम घाटी की गोली से नहीं डरे तो उनसे क्या डरेंगे कोईममाची का लाल लाल हमें चुनाव जीतने से नहीं रोक सकता। लेकिन घर बैठे हम चुनाव नहीं जीत सकते दीपक भाई ने कहा बड़े-बड़े मंत्री को हराकर बिलासपुर में विधायक शैलेश पांडे यहां से विधायक बने। यहां से 26 लोग टिकट के दावेदार हैं। जीतने वाला प्रत्याशी हम हम यहां से देंगे कार्यकर्ताओं की पसंद का होगा और इस बार 75 पर होगा ।

### कहा कैसे वोट लेना है राजेश ने समझाया

मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार राजेश तिवारी ने कहा है कि हमारे छोटे-छोटे के लोग कई लोगों को हम पहचानते भी जानते तो हम लोग उनको है । इस देश में हर जगह कहीं पर देश में भी काम करने गए हैं 34 वर्ष से वहां पर सरकार नहीं है लेकिन हर गांव में आपको कांग्रेस के लोग मिलेंगे ट्रांसफर साथ जुड़कर पार्टी को जिंदा रखने का काम किया पिछले में आप सबसे निवेदन करना चाहता हूं चुनाव के समय में हम वोट के साथियों को जो काम करने की जरूरत है और जो सबसे महत्वपूर्ण चीज होती है जिसको हम लोग भुला देते हैं वह मतदाता सूची हम सब यहां पर भी जो लोग हैं और सामने भी है और तमाम लोग यहां पर उपस्थित हैं कोई भी वोटर लिस्ट को देखने का काम नहीं करता हम इस बात को नहीं मेरा नाम वोटर लिस्ट है कि नहीं मेरे परिवार के लोगों का नाम वोटर लिस्ट में है कि नहीं कोई राजनीतिक दल के द्वारा या तो चुनाव आयोग के द्वारा जो बना जो है वह जो है पर्ची पहुंचने का काम करता है। बूथ में पता चलता है कि नाम मतदाता सूची में है कि नहीं यह वार्ड कमेटी क्या बना है यहां पर सेक्टर है अच्छा बहुत-बहुत अध्यक्ष अच्छी बात है कि कुछ सीनियर लोग भी मेरा सबसे निवेदन है कि 2 तारीख से मतदाता सूची परीक्षण का काम चालू हो चुका है इतने दिन निकल गए 31 तारीख था लेकिन अब 10 दिन और जो है इसकी वृद्धि हो गई है 10 दिन का और समय है पांडे जी एक बार आप देख लीजिएगा फिर आप बैठक करेगा। नाम जोड़ने का काम कर रहे हैं। आपको पता होगा कि आपका पड़ोस का व्यक्ति किसको वोट देता है वह देखकर की भाई यह वोट हमको हमेशा मिलते हैं इस घर का वोट मिलता है इस घर का वोट नहीं मिलता इस दुकान वाले का वोट मिलता है ।



## बिल्हा स्टेशन में कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस का होगा स्टापेज

बिलासपुर , 28 अगस्त (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलाने वाली एक ट्रेन का अस्थायी प्रायोगिक ठहराव की सुविधा प्रदान की जा रही है । 18252/18251कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस का बिल्हा रेलवे स्टेशन रेलवे स्टेशन में ठहराव की सुविधा दी जा रही है । अस्थायी प्रायोगिक ठहराव की सुविधा 06 माह तक जारी रहेगी । दिनांक 29 अगस्त, 2023 को कोरबा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18252 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस का बिल्हा रेलवे स्टेशन में 08.51 बजे पहुंचेगी तथा 08.53 बजे रवाना होगी तथा दिनांक 29 अगस्त, 2023 को रायपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस का बिल्हा रेलवे स्टेशन में 19.23 बजे पहुंचेगी तथा 19.25 बजे रवाना होगी।

## ग्राम पंचायत बिल्हा में चंद्रप्रकाश सूर्या ने किया जनसंपर्क



**बिलासपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलोनी आश्रित गांव बिल्हा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति इकट्ठा हुए भाजपा नेता चंद्र प्रकाश सूर्या ने मातृशक्ति से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की, साथ में शिक्षा से हम कैसे अपने भविष्य उज्जवल कर सकते हैं इस पर चर्चा की। हमारे आने वाले जनरेशन नशा मुक्त हो इस पर जोर दिया। चंद्रप्रकाश ने कहा कि आधा दुख का कारण नशा है जिस दिन हमारे युवा हमारे तरुनाई इस नशे की लत से बाहर निकल जाएंगे हमारी आधी समस्या खत्म हो जाएगी । कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की वर्तमान कांग्रेस की सरकार सिर्फ ठगने का काम किया है चाहे वह मातृशक्ति हो, युवा वर्ग हो, शासकीय कर्मचारी हो या फिर संविदा कर्मचारी हो सभी को ठगने का काम कांग्रेस ने किया है आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनाएंगे और इस प्रदेश को कांग्रेस से मुक्त करेंगे। मातृशक्ति ने भी हर कदम पर सूर्या का साथ देने का वादा किया और यह भी निश्चय किया कि आने वाले समय पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना कर प्रदेश में भाजपा का परचम लहराएंगे, सूर्य को प्राथमिक स्कूल जाने का अवसर मिला कक्षा पहली से पांचवी तक स्कूल है लेकिन वहां सिर्फ एक ही शिक्षक पढ़ा रहे थे। इस पर चंद्रप्रकाश सूर्य ने संज्ञान लिया पता चला 5 कक्षा है और शिक्षक सिर्फ एक, तत्काल फोन पर बात कर जिला शिक्षा अधिकारी से आग्रह और निवेदन किया कि यहां तत्काल शिक्षक भेजें ताकि बच्चों का भविष्य खराब ना हो इस स्कूल में 126 विद्यार्थी है पांच कक्षा लगते हैं और सिर्फ एक स्कूल टीचर है बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## प्रदेश के विकास में युवा आगे आएं-सुभाष

**बिलासपुर** , 28 अगस्त (देशबन्धु)। मस्तूरी ब्लाक अंतर्गत ग्राम कुकुर्दी केरा में विश्व मूलनिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि रहे सुभाष परते मस्तूरी क्षेत्र के आदिवासी समाज प्रतिवर्ष यह पर्व मनाते हैं । इस अवसर पर सर्वप्रथम ग्राम देवता का पूजन कर पूरे क्षेत्र में अपने पारंपरिक वेशभूषा से सुसज्जित सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन करते युवक यूतियों ने रैली निकाल कर अपने संवैधानिक अधिकारों एवं सामाजिक एकता का संदेश दिए तत्पश्चात सभा का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष युवा सुभाष परते ने सभा को संबोधित करते हुवे कहा कि समाज की पहचान उनकी लोक परंपरा, संस्कृति, कला, विश्व बंधुत्व की भावना है जिसे हमें हमेशा कायम रखना चाहिए व अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए हमेशा सजग रहने की आवश्यकता है तथा समाज को मद्यपान की बुराई से दूर रखना है, एवं शिक्ष को हमेशा प्राथमिकता में रखना है।

शिक्षा ही किसी समाज के विकास की घोतक होती है। जिसे हमें अपनाना चाहिए । कुकुर्दी ग्राम एक आदर्श ग्राम है। जहां पुलिस विभाग के सहयोग



से पूरे ग्राम में नशा मुक्ति के लिए जन जागृति फैलाया जा रहा है। जिसमे महिलाओं का योगदान अति सराहनीय है, इस अवसर पर सभा में अतिथियों के हाथों से समिति द्वारा इस मुहिम से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया एवं क्षेत्र के उत्कृष्ट बच्चों को सम्मानित किया गया ग्राम के सभी बच्चों को काफी, किताब, पेन देकर शिक्ष के प्रति प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर अध्यक्षता ननकी राम जगत विशिष्ट अतिथि शिव चेचाम, रिखी राम नेताम, किरण संतोष यादव, धर्म भार्गव, दिलेश्वर मरावी, सूरज मरकाम, ओमप्रकाश पैकरा,डॉक्टर सीता राम ध्रुव, विजय नेताम, शिव जगत एवं क्षेत्र के समाज प्रमुख कर रहे। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित रहे।

## सावन के अंतिम दिन शिव मंदिरों में उमड़ी श्रध्दालुओं की भीड़

**बिलासपुर ,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। पवित्र सावन मास के अंतिम सोमवार पर सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस वर्ष अधिमास होने पर सावन दो महीने का रहा और इन दो महीनो में आठ सावन सोमवार मनाए गए। सावन के अंतिम सोमवार सोम प्रदोष के संजोग के साथ मनाया गया। सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। समुद्र मंथन के अवसर पर वासुकी नाग से उत्पन्न हलाहल विष को ग्रहण करने वाले भगवान शिव के शरीर का ताप अत्यधिक बढ़ गया था, जिसे शांत करने के लिए इंद्र देवता ने वर्षा की। तब से शिव को प्रसन्न करने के लिए सावन मास में उनका जलाभिषेक किया जाता है। वैसे तो पूरा सावन मास ही शिव आराधना के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन सावन महीने के सोमवार अति महत्वपूर्ण होते हैं। शिव भक्तों के लिए इस बार भोले भंडारी की पूजा अर्चना का अधिक अवसर रहा। आठो सोमवार पर विधि विधान के साथ



शिव आराधना की गई।

इस सोमवार को प्रदोष के संजोग के साथ शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भोले भंडारी का बेलपत्र, पुष्प दूध, दही, शहद, पंचामृत आदि अर्पित कर पूजा अर्चना की। वही शिव मंत्र का 108 बार जाप करते हुए परिक्रमा किया। भोले भंडारी की आरती उतारी गई और प्रसाद का वितरण किया गया। इस दिन फल, वस्त्र आदि दान का भी महामात्य है।

बिलासपुर के भी सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ नजर आई । मध्य नगरी स्थित शिव पंचायती मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भोले भंडारी का जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना की।

इसके साथ ही सावन सोमवार का व्रत संपन्न हुआ। सावन के अंतिम सोमवार को भी पवित्र नदियों से कावड़ में जल लाकर शिव भक्तों ने भगवान शंकर का जलाभिषेक किया।

## संरक्षा ट्रैक के रखरखाव के लिए आधुनिक व उन्न्त मशीनों का किया जा रहा उपयोग

### 70 से अधिक ट्रैक मशीनों से संरक्षा के कार्य

**बिलासपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। यात्री परिवहन में दिनों दिन बढ़ोत्तरी हो रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्री परिवहन और माल ढुलाई दोनों को बेहतर गति देने के लिए सभी तरह के प्रयास और रखरखाव के साधनों को अपनाया है। ट्रेनों की गति एवं लोडिंग क्षमता में नए आयाम कायम करने के लिए ट्रैक को सुदृढ़ बनाया गया है। तीसरी लाइन, चौथी लाइन एवं नई लाइन केनिर्माण कार्य तथा कार्यरत लाइन के अनुरक्षण एवं मरम्मत के लिए मशीनों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है । इसके के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल मेंमैनपावर के साथ, उच्च तकनीक के मशीनों का भी इस्तेमाल करके आधुनिक ट्रैक मेंटेनेंस किया जा रहा है। नागपूर से बिलासपुर की मेन लाइन की गति 130 किलोमीटर प्रति घंटे की जा चुकी है । बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन की गति मे वृद्धि का परीक्षण भी किया जा चुका है । आने वाले समय में इस सेक्शन की गति मे भी वृद्धि हो जाएगी । ऐसे में इस मशीनों की आवश्यकता तथा महत्ता और बढ़ गई है ।

रेल ट्रैक विभिन्न जलवायु परिस्थितियों के संपर्क में आती हैं,प्राकृतिक आपदा, बदलते मौसम की स्थिति, अपनी निर्धारित क्षमता या किसी अन्य कारण से पुराने ट्रैक बदलने के लिए पुराने ट्रैक के स्थान पर नया ट्रैक लगा कर उसे अपग्रेड किया जाता है । ट्रैक में न केवल रेल आता है बल्कि इसमे बैलास्ट और स्लीपर भी शामिल हैं ।

मरम्मत और सफाई जैसे सामान्य कार्यों के अलावा, कई अन्य कार्य भी हैं जिनका रखरखाव मशीन द्वारा किए जाते हैं जिनमें स्लीपर रिप्लेसमेंट, स्लीपर हैंडलिंग, गिट्टी हैंडलिंग, ट्रैक हैंडलिंग, ट्रैक लिफ्टिंग और बहुत कुछ शामिल हैं।रखरखाव मशीनें कार्य को शीघ्रता से पूरा करने में मदद करती हैं। एक रेलवे ट्रैक मशीन श्रमिकों को कार्य को आसानी से और अधिक सहज तरीके से पूरा करने में मदद करती है।इससे काफी समय भी बचत होती है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने



70 से अधिक ट्रैक मशीनों के साथ ट्रैक रकरखाव एवं अनुरक्षण के कार्य में मुस्तैदी के साथ कार्यरत है । ट्रैक मशीनों में मुख्यत:सीएसएम,ड्योमैटिक,एमपीटी, यूनिमेट, बीसीएम,एफ़आरएम,बीआरएम, पीक्यूआरएस, टी28, आदि शामिल हैं । इनमें सीएसएम, डब्ल्यूएसटी एवं एमपीटी चार प्रकार की टैपिंग मशीनों के द्वारा में ट्रैक का अनुरक्षण कार्य किया जाता है। बलास्ट क्लीनिंग मशीन (बीएसएम) से ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य किया गया है।

टी-28 टर्नआॅउट रिन्यूवल मशीन है,जिससे ट्रैक मशीन का टर्नऑउट रिन्यूवल का कार्य किया जाता है।यूनिमेट मशीन भी एक प्रकार की टर्नऑउट टैम्पिंग मशीन है। इस मशीन से ट्रैक की टर्नऑउट टैम्पिंग का कार्य किया जाता है। एफआरएम मशीन से शोल्डर बलास्ट क्लीनिंग किया जाता है। यानि की ट्रैक के दोनों किनारों पर रखा हुआ बैलास्ट को क्लीन किया जाता है। नए ट्रैक को स्लीपर के साथ बिछाने में या पुराने ट्रैक को नए ट्रैक से चेंज करने में पीक्यूआरएस मशीन का महत्वपूर्ण योगदान है। ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान दिन हो या रात, सर्दी हो या बरसात 24 घंटे रेलकर्मी एक-एक मिनट के समय का सदुपयोगकरते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए कार्य करता है । इसके साथ ही साथ इन्ही दौरानरेलवे लाइनों पर ट्रैको के रिनिवल एवं मेंटेनेंसकरनेवाली मशीनों से भी कार्य लिया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ट्रैक रखरखाव एवं अनुरक्षण में इन ट्रैक मशीनों का महत्वपूर्ण योगदान है ।

हमारेलाखों रेल यात्रियों के विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने के लिए जरूरी है किहमारे यात्रियों के ट्रेनों पर चढ़ने से लेकर उनके गंतव्य तक पहुँचने तक भारतीयरेलवे की विश्वसनीय एवं भरोसे की मुस्कान हमारे रेल यात्रियों के चेहरे पर लगातारबनी रहे । ट्रैक जितनी अच्छी होगी , उसकी गति निर्बाध होगी तथा यात्रियों को भी आरामदायक यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।

### परमात्मा ज्ञान के सागर हैं-मंजू दीदी

**बिलासपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर मे श्रीमद्भगवद्गीता पर प्रवचन चल रहा है। मंजू दीदी ने कहा कि छठवां अध्याय आत्म संयम योग है। जैसा कि पांचवे अध्याय मे परमात्मा ने स्पष्ट किया कि सन्यास घर बार नही बल्कि विकारों को छोड़ना है। छठे अध्याय मे परमात्मा योग की विधि सिखला रहे है। आगे कहा कि मन को मित्र बनाकर इंद्रियों के आकर्षण से मुक्त करना योग की पहली सीढी है।

**NECC**

| 29.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.55 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 4.70 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188